94वां वार्षिक प्रतिवेदन

2016-2017

भाग–1

दिल्ली विश्वविद्यालय

दिल्ली

www.du.ac.in

दिल्ली विश्वविद्यालय
94वां वार्षिक प्रतिवेदन

आमुख

दिल्ली विश्वविद्यालय देश का एक अग्रणी विश्वविद्यालय है। वर्ष 1922 में स्थापना के बाद से ही इसने उच्चतम स्तर तथा उच्चतर शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रणालियों को स्थापित किया है। अपने आदर्श–वाक्य *'निष्ठा धृतिः सत्यम्'* की भावना के अनुरूप यह राष्ट्र–निर्माण में दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का पालन करता है तथा सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों का सतत् निर्वहन करता है। 1 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2017 की अवधि का 94वां वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय को गौरव का अनुभव हो रहा है।

विश्वविद्यालय ने सेंटर फॉर वर्ल्ड यूनीवर्सिटी रैंकिग (सीडब्ल्यूयूआर) द्वारा प्रदान की गई रैंकिंग के अनुसार देश में अपना शीर्षस्थ स्थान बनाए रखा है; यह नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में आठवें स्थान पर है। क्यूएस ब्रिक्स यूनीवर्सिटी रैंकिंग्स के अंतर्गत यह शीर्षस्थ 10 भारतीय सार्वजनिक शैक्षणिक संस्थाओं/विश्वविद्यालयों में भी शामिल है और भारतीय विश्वविद्यालयों में यह प्रथम स्थान पर प्रतिष्ठित है। विश्वविद्यालय का एच–इंडेक्स 157 तक पहुंच चुका है, जो भारतीय विश्वविद्यालयों में सर्वोच्च है। विश्वविद्यालय ने 2016–17 में बाह्य स्रोतों से 300 करोड़ रुपए से अधिक अनुदान प्राप्त किया तथा इस अवधि में इसने 300 से अधिक शोध परियोजनाएँ संचालित कीं। विश्वविद्यालय ने इस अनुदान से अपने विभागों के संकाय सदस्यों और महाविद्यालयों के शिक्षकों को अनेक सुविधाएँ प्रदान की जिसके फलस्वरूप अनेक प्रतिष्ठित शोध–प्रकाशन, पुस्तकें और पेटेंट जारी किए। विश्वविद्यालय ने विभिन्न उद्यमवृत्ति सहायता कार्यक्रम भी आरंभ किए हैं जैसे इंटरप्रिनुएर पार्क और टेक्नालॉजी बिजनेस इक्यूबेटर।

विश्वविद्यालय 500 से अधिक अकादमिक कार्यक्रम संचालित करता है जिनमें स्नातकपूर्व कार्यक्रम, अनेक स्नातकोत्तर कार्यक्रम (निष्णात, एम. फिल और पीएच.डी.), प्रमाण–पत्र और डिप्लोमा कार्यक्रम शामिल हैं। इसने स्नातकपूर्व स्तर पर चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस) क्रियान्वित की है, जो कौशल–आधारित कार्यक्रमों की एक व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराती है। इसने शिक्षण के नए केन्द्रों की स्थापना भी की है जैसे दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म, दिल्ली स्कूल ऑफ ट्रांसनेशनल अफेयर्स तथा इंस्टिट्यूट ऑफ साइबर सिक्यूरिटी एंड लॉ।

विश्वविद्यालय ने सदैव अनुसंधान और अभिनवता में उत्कृष्टता के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता हासिल की है तथा अनुसंधान नवाचार नीति, पेटेंटों और प्रौद्योगिकी अंतरण के लिए दिशा–निर्देश तथा एक गुणवत्ता फ्रेमवर्क तैयार करने के इसके अभिनव प्रयासों का उद्देश्य इसकी शोध संस्कृति को अधिक संवर्धित करना और सुदृढ़ बनाना है। यह विभिन्न गुणात्मक पहलकदमों पर बल प्रदान करता है, जैसे छात्र अनुभव सर्वेक्षण तथा स्वयं का नवीकरण करने के लिए इसने अनेक मानदण्ड स्थापित किए।

विश्वविद्यालय विभिन्न कार्यक्रम प्रारंभ करने के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों की आवश्यकताओं के प्रति सामाजिक संवेदनशीलता में वृद्धि करने के लिए अत्यधिक सक्रिय रहा है, जहॉ सुविधाओं से वंचित छात्रों के लिए निःशुल्क कक्षाएं संचालित की जाती हैं, जिसके माध्यम से उन्हें विभिन्न स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयारी करने में सहायता प्रदान की जाती है। विश्वविद्यालय ने यूजीसी–सीएसआईआर/नेट परीक्षा की तैयारी कराने के लिए एक क्रैश–कोर्स भी आरंभ किया है।

विश्वविद्यालय डिजिटलीकरण के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है तथा इसने अपनी प्रशासनिक पुस्तकालय प्रणाली, शिक्षाशास्त्र प्रणालियों और शोध–पहलों को इस प्रक्रिया में शामिल किया है। विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ अपने सहयोग को भी विस्तारित कर रहा है तथा इसने विदेशी छात्रों के प्रवेश को व्यापक बनाने के लिए एक विशेष अभियान आरंभ किया है जिसके फलस्वरूप इसने इस समुदाय में पर्याप्त पहचान बना ली है तथा *'वसुधैव कुटुंबकम'* के अपने सांस्कृतिक आदर्श को भी फलीभूत किया है। विशिष्ट अक्षय निधियों से प्राप्त राशि से मेधावी छात्रों को छात्रवृत्तियों/मेडल आदि से सम्मानित किया गया। पूर्व छात्रों से प्राप्त सहयोग नें भी हमारा उत्साहवर्धन किया है तथा परस्पर संबंधों को सुदृढ़ बनाया है।

वैश्विक शिक्षा और शोध में एक उभरते हुए अग्रणी संस्थान के रूप में, दिल्ली विश्वविद्यालय की यह प्राथमिकता रही है कि वह समूचे भारत और विश्व से लगभग सात लाख छात्रों और संकायों के साथ कार्य करते हुए देश के बौद्धिक विकास में अपना विशिष्ट योगदान प्रदान करे।

ह0/–
योगेश के. त्यागी
कुलपति
दिल्ली विश्वविद्यालय

संपादकीय समिति

दिल्ली विश्वविद्यालय की 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष की 94वीं वार्षिक रिर्पोट प्रस्तुत है। इस रिर्पोट के दो भाग हैः

भाग–I में संकायों, विभागों, केंद्रों और कॉलेजों, अवसंरचनात्मक विभागों और वित्त सहित दिल्ली विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति से संबंधित जानकारी है ।

भाग–II में सूचना और आंकड़े हैं।

इस रिर्पोट को तैयार करने वाले संपादकीय मंडल में निम्नलिखित सदस्य थे :

1.	प्रोफेसर पम्मी दुआ	अधिष्ठाता, शैक्षणिक कार्यकलाप, अध्यक्ष
2.	प्रोफेसर तरूण कुमार दास	कुलसचिव, दिल्ली विश्वविद्यालय
3.	प्रोफेसर योगेंद्र सिंह	अधिष्ठाता, अनुसंधान, जीवन–विज्ञान
4.	प्रोफेसर टी. आर. सेशाद्री	अधिष्ठाता, अनुसंधान (शारीरिक विज्ञान व गणित विज्ञान)
5.	प्रोफेसर विजय चौधरी	जैव रसायन विभाग
6.	प्रोफेसर कविता शर्मा	अधिष्ठाता, वाणिज्य संकाय
7.	प्रोफेसर मोहन	अधिष्ठाता, कला संकाय
8.	डॉ. अनीता शर्मा	पूर्व एशियाई अध्ययन विभाग
9.	डॉ. अनुपम चट्टोपाध्याय	भू–विज्ञान विभाग
10.	प्रोफेसर नीरा अग्निमित्रा	सामाजिक कार्य विभाग
11.	प्रोफेसर अरुण जगन्नाथ	वनस्पति विज्ञान विभाग
12.	प्रोफेसर संजय कपूर	पौध आणविक जीव–विज्ञान विभाग
13.	डॉ. दीपिका भास्कर	उप– अधिष्ठाता, अनुसंधान
14.	डॉ. आशीष रंजन	शिक्षा विभाग
15.	डॉ. मुकेश मेहलावत	प्रचालनात्मक अनुसंधान विभाग
16.	डॉ. मीनल ढल्ल	खगोल भौतिकी विभाग
17.	डॉ. उर्मि बाजपेई	उप– अधिष्ठाता, अनुसंधान
18.	डॉ. उमा चौधरी	भास्कराचार्य अनुप्रयुक्त विज्ञान कॉलेज
19.	डॉ. विकास गुप्ता	संयुक्त कुलसचिव (कॉउंसिल)

सहयोगी सदस्य

i)	डॉ. के.रत्नाबली	उप– अधिष्ठाता, विधि
ii)	प्रोफेसर कुमुद शर्मा	कार्यवाहक निदेशक हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय

इस प्रतिवेदन में दिल्ली विश्वविद्यालय की वर्ष 2016–17 (1 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2017) के कार्यकलापों और उपलब्धियों की झलकियों को दर्शाया गया है।

विषय–सूची

विश्वविद्यालय के अधिकारीगण 1

छात्र पंजीकरण 4

वर्ष की उपलब्धियां 4

स्थापना दिवस, विश्वविद्यालय की रैंकिंग, अनुसंधान की मुख्य विशेषताएं एच–सूचकांक, अनुसंधान प्रकाशन, बड़े प्रकाशनों के साथ शोधकर्ता, बाह्य शोध अनुदान, डीएसटी–एफईएसटी के अंतर्गत विभाग, यूजीसी एसएपी (डीआरएस, डीएसए, सीएएस,एएसपी) के अंतर्गत विभाग, रुपये एक करोड़ से अधिक के अनुदान वाले संकाय सदस्य, रुपये दस लाख़ से अधिक के अनुदान वाले संकाय सदस्य, विदेशी अनुदान, दिल्ली विश्वविद्यालय से अनुदान, अनुसंधान व विकास अनुदान, नवाचार परियोजनाएं, विश्वविद्यालय संकाय को पुरस्कार/सम्मान, चिकित्सा विज्ञान में पुरस्कार/फैलोशिप, ई–जर्नल, संगोष्ठियां/सम्मेलन/कार्यशालाएं, विश्वविद्यालय में ऊष्मायन केंद्र, शैक्षणिक समुदाय–उद्योग सम्बद्धता, विश्वविद्यालय व्याख्यान श्रृंखला, विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन, डिजिटल पहल, समान अवसर सेल, नियोजन क्रियाकलाप, कौशल संवर्धन पक्ष, सामाजिक अभिगम्यता, आईपीआर सेल और पेटेंट निधि, समाज के कमजोर वर्ग से छात्रों के लिए विशेष सहायता, अवसंरचना

सामान्य सुविधाएं और कार्यक्रम

छात्र कल्याण कार्यालय 33

दिल्ली विश्वविद्यालय समुदाय रेडियो 36

दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय प्रणाली 36

दिल्ली विश्वविद्यालय सामाजिक सहशिक्षा माध्यमिक विद्यालय 44

दिल्ली विश्वविद्यालय खेल परिषद 49

दिल्ली विश्वविद्यालय महिला एसोसिएशन 53

हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय 58

विदेशी छात्रों का पंजीकरण 58

गांधी भवन 58

उद्यान समिति 65

विश्वविद्यालय अतिथि गृह 66

अंतर्राष्ट्रीय अतिथि गृह 67

राष्ट्रीय कैडिट कोर 67

राष्ट्रीय सेवा योजना 68

नॉन–कालिजिएट महिला शिक्षा बोर्ड 70
पूर्व–छात्र मामले 72
विश्वविद्यालय मुद्रणालय 75

शैक्षणिक केंद्र

कृषि आर्थिकी अनुसंधान केंद्र 75
संसूचक और संबंधित सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी केंद्र 76
उद्यमिता और आजीविका उन्नमुख कार्यक्रम केंद्र 81
फसल पौध आनुवांशिक परिचालन केंद्र 82
संक्रामक रोग अनुसंधान शिक्षा और प्रशिक्षण नवाचार केंद्र 84
पर्वत और पर्वतीय पर्यावरण अंतर–आयामी अध्ययन केंद्र 86
उच्चतर शिक्षा व्यावसायिक विकास केन्द्र 88
क्लस्टर इनोवेशन सेंटर 92
कंप्यूटर केंद्र 97
डी.एस.कोठारी विज्ञान, आचार और शिक्षा केंद्र 102
विकासशील देश अनुसंधान केंद्र 104
सूचना और संचार संस्थान 108
आजीवन अभिग्रहण संस्थान 110
पादप जीनोमिक्स अंतः–विषयक केंद्र 113
विश्वविद्यालय विज्ञान इंस्ट्रूमेंटेशन केंद्र 115
महिला अध्ययन और विकास केंद्र 116
विश्वविद्यालय स्वास्थ्य सेवा केंद्र 119
डॉ. बी. आर. अंबेडकर जैव–चिकित्सा अनुसन्धान केंद्र 121
विज्ञान शिक्षा और सम्प्रेषण केंद्र 130

विभाग

अनुप्रयुक्त समाज विज्ञान और मानविकी
व्यावसायिक अर्थशास्त्र 133

कला संकाय

अरबी 137
बौद्ध–धर्म अध्ययन 141
अंग्रेजी 142
जर्मन भाषा और रोमांस अध्ययन 153
हिंदी 156
पुस्तकालय और सूचना विज्ञान 161
भाषा विज्ञान 164
आधुनिक भारतीय भाषाएँ और साहित्यिक अध्ययन 169
फारसी भाषा 172
दर्शन–शास्त्र 176
मनोविज्ञान 184
पंजाबी 187
संस्कृत 192
स्लोवेनिक एवं फिनो उग्रियन अध्ययन 203
उर्दू 209

वाणिज्य और व्यापार संकाय

वाणिज्य 218
वित्तीय अध्ययन 223

शिक्षा संकाय

शिक्षा 225

अंतर–आयामी और अनुप्रयुक्त विज्ञान संकाय

जैव–रसायन 232
जीवभौतिकी 239

इलैक्ट्रोनिक विज्ञान 241
अनुवांशिकी 249
सूक्ष्म जैविकी 257
शारिरिक शिक्षा और खेल–कूद विज्ञान 260
पादप आणविक जीवविज्ञान 266

विधि संकाय
परिसर विधि केंद्र 275
विधि केंद्र-I 282
विधि केंद्र-II 288

प्रबंधन अध्ययन संकाय 293

गणितीय विज्ञान संकाय
कंप्यूटर विज्ञान 297
गणित 300
परिचालन संबंधी अनुसंधान 306
सांख्यिकी 313

आयुर्विज्ञान संकाय
शरीर–रचना–विज्ञान (यूसीएमएस) 317
एनास्थेसियोलॉजी (एलएचएमसी) 319
एनास्थेसियोलॉजी (यूसीएमएस) 322
जैव–रसायन विज्ञान (एमएएमसी) 326
जैव–रसायन विज्ञान (एलएचएमसी) 329
जैव–रसायन (यूसीएमएस) 333
जैव–रसायन (वीपीसीआई) 338

समुदाय औषधि (एमएएमसी).. 342
समुदाय औषधि (एलएचएमसी).. 348
समुदाय औषधि (यूसीएमएस).. 351
त्वचा विज्ञान और संक्रामक रोग (यूसीएमएस).. 357
फारेंसिक चिकित्सा (यू.सी.एम.एस.).. 364
माइक्रोबायलोजी (एम.ए.एम.सी.) 365
माइक्रोबायलोजी (यू.सी.एम.एस.).. 367
माइक्रोबायलोजी (वी.पी.सी.आई.) 373
मेडिसिन (यूसीएमएस) 379
चिकित्सा शिक्षण इकाई (यूसीएमएस) 381
प्रसूति–विज्ञान और स्त्रीरोग–विज्ञान (एमएएमसी) 382
प्रसूति–विज्ञान और स्त्रीरोग–विज्ञान (यूसीएमएस).. 389
ऑर्थोपेडिक्स (एमएएमसी) 400
आर्थोपेडिक्स (यूसीएमएस) 404
नेत्र विज्ञान (एलएचएमसी).. 405
नेत्र विज्ञान (यूसीएमएस) 408
आंख–नाक–गला चिकित्सा (यूसीएमएस) 409
बाल दंत–चिकित्सक व निवारक दंत–चिकित्सक (यूसीएमएस) 410
पैथोलॉजी (एमएएमसी) 411
पैथोलोजी (यूसीएमएस).. 416
बाल–चिकित्सा (एमएएमसी) 426
बाल–चिकित्सा (यूसीएमएस) 436
औषध विज्ञान (यूसीएमएस) 438
शरीर विज्ञान (एमएएमसी) 439
शरीर विज्ञान (यूसीएमएस).. 443
शारीरिक शिक्षा (यूसीएमएस).. 445
मनोचिकित्सा (यूसीएमएस) 446
फेफड़ा औषध (वीपीसीआई) 450

रेडियो निदान (एलएचएमसी) 455
विकिरण चिकित्सा विज्ञान (यूसीएमएस) 458
सर्जरी (एमएएमसी) 461
सर्जरी (एल.एच.एम.सी.) 468
सर्जरी (यू.सी.एम.एस.) 475

संगीत और ललित कला 478

विज्ञान विभाग

नृविज्ञान 482
वनस्पति–विज्ञान 493
रसायन–विज्ञान 503
पर्यावरणीय अध्ययन 517
भूविज्ञान 523
भौतिकी और खगोल भौतिकी 532
प्राणी विज्ञान 536

सामाजिक विज्ञान संकाय

प्रौढ़–सतत शिक्षा एवं विस्तार 561
अफ्रीकी अध्ययन 563
पूर्व एशियाई अध्ययन 565
अर्थशास्त्र 571
भूगोल 579
इतिहास 583
राजनीति विज्ञान 585
समाज–कार्य 594
समाज–विज्ञान 604

प्रौद्योगिकी संकाय

इंस्ट्रूमेंटेशन और नियंत्रण इंजीनियरिंग 614

कंप्यूटर इंजीनियरिंग........ 625

जीव विज्ञान और इंजीनियरिंग 629

इलैक्ट्रोनिक और संचार इंजीनियरिंग........ 633

विनिर्माण प्रक्रियाएं और स्वचालन इंजीनियरिंग........ 634

कॉलेज

आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज 637

अदिति महाविद्यालय 645

अहिल्याबाई नर्सिंग कॉलेज 649

अमर ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोथेरेपी........ 650

आर्यभट्ट कॉलेज 652

आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज........ 656

आयुर्वेदिक और यूनानी तिबिया कॉलेज 662

भगिनी निवेदिता कॉलेज........ 663

भारती कॉलेज 666

भास्कराचार्य अनुप्रयुक्त विज्ञान कॉलेज........ 670

डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज 673

व्यावसायिक अध्ययन कॉलेज........ 677

कॉलेज ऑफ आर्टस........ 679

नर्सिंग आर्मी अस्पताल कॉलेज (अनुसंधान व निर्दिष्ट) 681

दौलत राम कॉलेज 683

दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज........ 688

दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्टस एण्ड कॉमर्स 693

दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेस एंड रिसर्च........ 696

देशबंधु कॉलेज 699

दुर्गाबाई देशमुख विशेष शिक्षा (दृष्टिहीन) कॉलेज........ 704

दयाल सिंह कॉलेज.. 705
दयाल सिंह कॉलेज(संध्या) 709
गार्गी कॉलेज 711
हंसराज कॉलेज 717
हिंदू कॉलेज 722
होली फैमिली नर्सिंग कॉलेज 726
इंदिरा गांधी भौतिक शिक्षा और खेल विज्ञान संस्थान 729
इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज 732
गृह आर्थिकी संस्थान 736
मानव व्यवहार और संबद्ध विज्ञान संस्थान (आईएचबीएएस) 741
जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज.. 744
जीसस एण्ड मैरी कॉलेज.. 748
कालिंदी कॉलेज 751
कमला नेहरू कॉलेज 754
केशव महाविद्यालय 759
किरोड़ीमल कॉलेज 762
लेडी इर्विन कॉलेज.. 767
लक्ष्मीबाई कॉलेज 770
लेडी श्रीराम महिला कॉलेज 774
महाराजा अग्रसेन कॉलेज.. 782
महर्षि वाल्मिकी शिक्षा कॉलेज 783
मैत्रेयी कॉलेज 786
माता सुंदरी महिला कॉलेज 790
मिरांडा हाउस 792
मोतीलाल नेहरू कॉलेज.. 798
मोतीलाल नेहरू कॉलेज (संध्या).. 800
नेहरू होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल 803
पी.जी.डी.ए.वी कॉलेज.. 804

पी.जी.डी.ए.वी कॉलेज (सांध्य) 807

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय संस्थान 809

राजधानी कॉलेज 812

राजकुमारी अमृत कौर नर्सिंग कॉलेज 816

रामानुजन कॉलेज 818

रामलाल आनंद कॉलेज.. 825

सत्यवती कॉलेज.. 831

मुक्त शिक्षा विद्यालय 832

शहीद भगत सिंह कॉलेज 833

शहीद राजगुरू अनुप्रयूक्त विज्ञान महिला कॉलेज... 837

शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज 840

शिवाजी कॉलेज 844

श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स 849

श्यामलाल कॉलेज (सांध्य)... 852

श्यामलाल कॉलेज 854

श्याम प्रसाद मुखर्जी कॉलेज (महिलाओं के लिए) 858

श्री अरबिंदो कॉलेज (सांध्य) 863

श्री अरबिंदो कॉलेज 865

श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स 867

श्री गुरू नानक देव खालसा कॉलेज 871

श्री गुरू तेग बहादुर खालसा कॉलेज 874

श्री वेंकटेश्वर कॉलेज... 877

सेंट स्टीफन कॉलेज... 880

विवेकानंद कॉलेज 883

जाकिर हुसैन स्नातकोत्तर सांध्य कॉलेज 887

जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज 890

विश्वविद्यालय छात्रावास/हॉल

अंबेडकर–गांगुली महिला छात्रावास 894

अरावली स्नातकोत्तर पुरूष छात्रावास 895

केंद्रीय शिक्षा संस्थान छात्रावास 896

डी.एस.कोठारी छात्रावास 897

सामाजिक कार्य विभाग छात्रावास 897

गीतांजली छात्रावास 898

ग्वेयर हॉल 898

अंतर्राष्ट्रीय छात्रावास 899

अंतर्राष्ट्रीय महिला छात्रावास 900

जुबली हॉल छात्रावास 902

मानसरोवर छात्रावास 902

मेघदूत छात्रावास 903

पूर्वोत्तर महिला छात्रावास 904

स्नातकोत्तर पुरूष छात्रावास 905

राजीव गांधी स्नातकोत्तर महिला छात्रावास 906

सारामती स्नातकोत्तर पुरूष छात्रावास 909

छात्राओं के लिए पूर्व–स्नातक छात्रावास 910

विश्वविद्यालय महिला छात्रावास 910

वी.के.आर.वी.राव छात्रावास 911

डब्लूयूएस विश्वविद्यालय छात्रावास 912

वार्षिक लेखे 913

विश्वविद्यालय के अधिकारीगण

कुलाधिपति

माननीय मोहम्मद हामिद अंसारी, भारत के उपराष्ट्रपति

सम कुलाधिपति

न्यायमूर्ति तीरथ सिंह ठाकुर

कुलपति

प्रो. योगेश कुमार त्यागी

सम कुलपति

प्रो. जे. पी. खुराना (कार्यवाहक)	01.06.2016 से

कॉलेजों के संकायाध्यक्ष

प्रो. देवेश कुमार सिन्हा	06.09.2016 से

निदेशक, दक्षिण परिसर

प्रो. जे.पी. खुराना	27.05.2016 से

निदेशक, मुक्त शिक्षा परिसर

प्रो. सी.एस. दुबे (कार्यवाहक)

कोषाध्यक्ष

श्री टी.एस कृपानिधि

कुलानुशासक

प्रो. (सुश्री) सतवंती कपूर	02.11.2016 तक
प्रो. नीता सहगल (कार्यवाहक)	18.01.2017 से

छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष

प्रो. जे. एम. खुराना	31.12.2016 तक

कुलसचिव

प्रो. तरुण कुमार दास

संकायाध्यक्ष

कला

प्रो. मिन्नी साहनी	05.07.2016 तक
प्रो. हरि मोहन शर्मा	12.09.2016 तक
प्रो. मोहन	13.09.2016 से

विज्ञान

प्रो. देवेश के. सिन्हा	08.06.2016 तक
प्रो. एम.के. पंडित	06.09.2016 से

सामाजिक विज्ञान

प्रो. जे पी दुबे

विधि

प्रो. सुभाष चंद्र रैना	01.09.2016 तक
प्रो. (सुश्री) वेद कुमारी	02.09.2016 से

प्रबंध अध्ययन

प्रो. एम.एल. सिंगला

गणितीय विज्ञान

प्रो. जगदीश सरन	03.08.2016 तक
प्रो. प्रकाश चन्द्र झा	04.08.2016 से

चिकित्सीय विज्ञान

प्रो. सुधा प्रसाद	19.10.2016 तक
प्रो. अरुणाभा रे	20.10.2016 से

संगीत और ललित कला

प्रो. सुनीर कासलीवाल

प्रौद्योगिकी

प्रो. बी. के. दास	29.09.2016 तक

प्रो. अविनाश खरे	21.11.2016 से

आयुर्वेद और यूनानी

डॉ. मोहम्मद इद्रिस खान

शिक्षा

प्रो. साधना सक्सेना	20.09.2016 तक
प्रो. (सुश्री) एन. रंगनाथन	21.09.2016 से

अंतर–विषयक और अनुप्रयुक्त विज्ञान

प्रो. प्रदीप कुमार बर्मा

व्यावहारिक सामाजिक विज्ञान और मानविकी

प्रो. सुरेश चंद अग्रवाल	26.01.2017 तक
प्रो. वी. के. कौल	27.01.2017 से

वाणिज्य और व्यापार

प्रो. मुनीश कुमार

होम्योपैथिक चिकित्सा

संकायाध्यक्ष, आयुर्विज्ञान संकाय

छात्र पंजीकरण

विश्वविद्यालय में 2016–17 के आंकड़ों के अनुसार, 1,97,510 स्नातक; एम.फिल./पीएच.डी. सहित 25,745 स्नातकोत्तर छात्र; और प्रमाणपत्र/डिप्लोमा/स्नातकोत्तर डिप्लोमा में 6,147 छात्र पंजीकृत हैं। पारंपरिक रूप में पंजीकृत छात्रों की कुल संख्या 2,29,402 है। इसके अतिरिक्त, 4,13,339 छात्र दूरस्थ शिक्षण में पंजीकृत हैं और 23,435 नॉन कालिजिएट महिलाएं भी इस विशाल विश्वविद्यालय का हिस्सा हैं। वर्ष 2016–17 के दौरान पारंपरिक और दूरस्थ शिक्षण के सभी कार्यक्रमों में कुल पंजीकरण 6,66,176 था। वर्तमान में, आधे से अधिक छात्र दिल्ली के अलावा अन्य राज्यों के हैं।

वर्ष की उपलब्धियां

दिल्ली विश्वविद्यालय को 1922 में एक संस्था के रूप में एक सम्मानित विरासत का विशेषाधिकार प्राप्त हुआ । संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित, इसे निर्धारित विधियों, अध्यादेशों, नियमों और विनियमों द्वारा निर्देशित किया गया है। दिल्ली विश्वविद्यालय 16 संकायों , 82 विभागों , 20 केन्द्रों , 85 महाविद्यालय, और 1 सामुदायिक महाविद्यालय सहित भारत के सबसे बड़े विश्वविद्यालयों में से एक है। दिल्ली विश्वविद्यालय अपनी परंपराओं और विकास को कायम रखते हुए औपचारिक और अनौपचारिक/दूरस्थ शिक्षण में 6 लाख से अधिक छात्रों के साथ निरंतर सशक्त हो रहा है।

विश्वविद्यालय विगत एक वर्ष की रिपोर्टिंग के दौरान विशिष्ट उपलब्धियों से परिलक्षित हुआ है। वर्ष 2016–2017 (01 अप्रैल, 2016–31 मार्च 2017) की उल्लेखनीय उपलब्धियों की संक्षिप्त समीक्षा यहां प्रस्तुत है।

स्थापना दिवस

दिल्ली विश्वविद्यालय ने 01 मई, 2016 को अपना 94वाँ स्थापना दिवस आयोजित किया। प्रतिष्ठित अतिथियों में माननीय न्यायमूर्ति श्री जसवंत मदान, माननीय न्यायमूर्ति श्री बी. लोकुर, माननीय न्यायमूर्ति श्री अर्जन कुमार सीकरी और माननीय न्यायमूर्ति श्री रोहिंटन फली नरीमन शामिल थे। यह ऐतिहासिक अवसर था जब विश्वविद्यालय में पहली बार कुलपति कार्यालय के वाइस रीगल लॉज में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय का विशिष्ट बैगनी ध्वज फहराया गया और वृक्षारोपण किया गया।

गणमान्य व्यक्तियों ने अपने परिवारजनों सहित शहीद भगत सिंह को उनके चैम्बर, जहां वाइस रीगल लॉज के तहखाने में उन्हें कैद किया गया था, श्रद्धांजलि दी। विश्वविद्यालय ने "प्रतिष्ठित सेवा पुरस्कार" श्रेणी के अंतर्गत सेवा–निवृत शिक्षकों तथा गैर–शिक्षण स्टाफ को और विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों व महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को "उत्कृष्टता पुरस्कार" से सम्मानित किया।

उन्होंने विश्वविद्यालय की स्नातक–पूर्व अनुसंधान पहल के तहत विभिन्न महाविद्यालयों से चयनित नवाचार परियोजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

दीक्षांत समारोह

विश्वविद्यालय ने 19 नवंबर, 2016 को अपने 93वें वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। प्रोफेसर वेद पी. नंदा, एक प्रख्यात न्यायविद् और इवांस विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और थॉम्पसन जी मार्श प्रोफेसर ऑफ लॉ और नंदा सेंटर फॉर इंटरनेशनल एंड कॉम्पेरिटेबल लॉ, यूनिवर्सिटी ऑफ डेनवर, कोलोराडो, संयुक्त राज्य अमेरिका मुख्य अतिथि थे और उन्होंने दीक्षांत अभिभाषण दिया। विश्वविद्यालय ने इस अवसर पर जनता के अवलोकन के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस रीगल लॉज में शहीद भगत सिंह स्मारक अभिलेखागार का अनावरण किया। 693 पीएच.डी. उम्मीदवारों और 37 डीएम /एम. सीएच. उम्मीदवारों को डिग्रियॉ प्रदान की गई। 179 मेधावी छात्रों को

पदक और पुरस्कार प्रदान किए गए। विश्वविद्यालय ने हरित पहल के रूप में ई–प्लेटफॉर्म पर दीक्षांत संबंधी कार्य संपन्न किया। दीक्षांत समारोह का एक लाइव वेबकास्ट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध था। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नातक–पूर्व शोध पहल की 83 नवाचार परियोजनाओं के शोध का प्रदर्शन किया गया। कला कार्य का प्रदर्शन भी आयोजित किया गया था, जिसने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए।

विश्वविद्यालय की रैंकिंग

- भारतीय विश्वविद्यालयों के अर्थशास्त्र विभागों में पिछले कुछ वर्षों से अर्थशास्त्र में कार्यकारी शोध और प्रकाशनों के एक वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक संग्रह, रेपेक द्वारा अर्थशास्त्र विभाग को सर्वोच्च स्थान दिया । (Http://ideas-repec-org/top/top-india-html)
- आउटलुक सर्वेक्षण 2017 के अनुसार सामाजिक कार्य विभाग को भारत में सर्वश्रेष्ठ सामाजिक कार्य संस्थानों में दूसरा स्थान मिला।
- सीडब्ल्यूयूआर 2017 ने राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली विश्वविद्यालय को प्रथम स्थान दिया है।

राष्ट्रीय रैंकिंग

समग्र रैंकिंग	2017 / 18
नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ)	8
विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग (सीडब्ल्यूयूआर) केंद्र	1

अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग

समग्र रैंकिंग	2017 / 18
टाइम्स हायर एजुकेशन (द) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग	601.800
एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग	131.140
ब्रिक्स एंड इमर्जिंग इकोनॉमिक्स यूनिवर्सिटी रैंकिंग	109
विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग केंद्र	397
क्यूएस वर्ल्ड	481.490
क्यूएस एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग	72
क्यूएस ब्रिक्स रैंकिंग	41 (यह मानते हुए कि लगभग 6000 क्षेत्रीय विश्वविद्यालय है और दिल्ली विश्वविद्यालय 1.0 शीर्षस्थ विश्वविद्यालयों में से एक है)

क्यूएस विश्व विषयानुसार, 2017	
नृविज्ञान	51—100
भूगोल और क्षेत्रीय अध्ययन	101—150
समाज शास्त्र	151—.200
अर्थशास्त्र और अर्थमिति	251—300
भौतिकी और खगोल विज्ञान	251—300
रसायन विज्ञान	301—350
जैविक विज्ञान	401—450

विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग, क्यूएस स्नातक रोजगार योग्यता रैंकिंग	
स्केतक	2017 / 18
पूर्व छात्र परिणाम	21
नियोक्ता प्रतिष्ठा	209
नियोक्ता—छात्र संयोजन	201+
स्नातक रोजगार दर	201+
नियोक्ता के साथ भागीदारी	201+

अनुसंधान की मुख्य विशेषताएं

एच—सूचकांक

स्कोपस डाटाबेस के अनुसार, दिल्ली विश्वविद्यालय का एच—सूचकांक 157 है, जो भारतीय विश्वविद्यालयों में सर्वाधिक है।

अनुसंधान प्रकाशन

विश्वविद्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार 2012—17 में प्रकाशनों की कुल संख्या 10,120 (लगभग 9500 शोध—पत्र और लगभग 620 पुस्तकों) है।

बाह्य शोध अनुदान

वर्ष 2016–17 में संचालित परियोजनाएं–333

प्रमुख परियोजनाएं–226

लघु परियोजनाएं–107

परियोजनाओं की कुल लागत/मूल्य–रु. 308.81 करोड़

2016–17 में स्वीकृत परियोजनाएं–71

कुल राशि–रु. 32.32 करोड़

दिल्ली विश्वविद्यालय, द्वितीय चरण–(2014–2019) के लिए उच्चतम डीएसटी–पीयूआरएसई अनुदान का प्राप्तकर्ता हैः रु. 40.80 करोड़।

विश्वविद्यालय में लगभग प्रत्येक राष्ट्रीय वित्तपोषण एजेंसी और कई अंतरराष्ट्रीय वित्तपोषण एजेंसियों जैसे कि डीबीटी, डीएसटी, आईएफआईसीआर, यूजीसी, एमओईएफ, आईएईए, आईसीएआर, डीआरडीओ, सीएसआईआर, एमओएस, आईसीएमआर, एमएनआरई, वर्ल्ड बैंक, टेरी, इंडो–यूएसएसटीएफ, गेल, आईयूएसी, आईसीएसएसआर, अमरीका, एमसीआईटी, एनयूएसटी , नॉर्वे विश्वविद्यालय, तुर्की विश्वविद्यालय, इसरो, एसडीटीटी, विज्ञान प्रसार, एसईआरबी–डीएसटी, जापान फाउंडेशन, एसईडब्लूए–टीएचडीसी, एमओएसजे एंड ई, डीएई, एमडब्ल्यूसीडी, आईएनएसए, टीआईएसएस–डीयू, लीवरहुल्म ट्रस्ट ब्रिटेन, आईसीएचआर आदि से बाह्य अनुसंधान परियोजनाएं प्राप्त हुई हैं।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी (डीएसटी–एफईएसटी) में सुधार हेतु निधि–प्राप्त विभाग–10

- नृविज्ञान
- जैव रसायन
- वनस्पति विज्ञान
- रसायन विज्ञान
- आनुवांशिकी
- भूविज्ञान
- गणित
- भौतिकी और खगोल भौतिकी
- पादप आणविक जीवविज्ञान
- प्राणि विज्ञान

यूजीसी–एसएपी के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त विभाग :

विभागीय अनुसंधान सहायता (डीआरएस)

- नृविज्ञान
- जैव रसायन
- डॉ बी.आर. अम्बेडकर जैव–चिकित्सा अनुसंधान केंद्र
- जर्मन और रोमांस अध्ययन

- भूगोल
- अनुवांशिकी
- हिंदी
- आधुनिक भारतीय भाषाएं और साहित्यिक अध्ययन
- फारसी
- पादप आणविक जीव–विज्ञान
- मनोविज्ञान
- सूक्ष्म जीव–विज्ञान

विशेष सहायता विभाग (डीएसए)

- अंग्रेजी
- संगीत
- गणित

उन्नत अध्ययन केंद्र (सीएएस)

- बौद्ध अध्ययन
- रसायन विज्ञान
- अर्थशास्त्र
- इतिहास
- भाषाविज्ञान
- राजनीति विज्ञान
- सामाजिक कार्य
- सामाजिक विज्ञान

क्षेत्र अध्ययन कार्यक्रम (एएसपी)

- अफ्रीकी अध्ययन
- कैनेडियन अध्ययन केंद्र
- विकासशील देशों के अनुसंधान केंद्र
- पूर्वी एशियाई अध्ययन

एक करोड़ रूपए से अधिक अनुदान वाले संकाय सदस्य :

रिपोर्ट की अवधि के दौरान विश्वविद्यालय के कुछ संकाय सदस्यों को प्रत्येक को एक करोड़ रूपये से अधिक के मूल्य की अनुसंधान परियोजनाओं की मंजूरी दी गई है।

1. डॉ. विपिन गुप्ता, नृविज्ञान विभाग, डीबीटी–वेलकम ट्रस्ट से रूपये 3.81 करोड़

2. प्रो. वी.के. चौधरी, जैव रसायन विज्ञान विभाग, डीबीटी से रूपये 1.14 करोड़
3. प्रो. अनिल के. त्यागी, जैव रसायन विज्ञान विभाग, डीबीटी से रूपये 4.85 करोड़
4. प्रो. सी.आर बाबू, सीएएमडीई, डीडीए से रूपये 5.79 करोड़
5. प्रो. बी. बिस्वाल, क्लस्टर इनोवेशन सेंटर, मानव संसाधन विकास मंत्रालय से रूपये 1.70 करोड़
6. प्रो. ए.के. प्रधान, आनुवांशिकी विभाग, डीबीटी और डीबीटी–यूडीएससी से रूपये 4.87 करोड़ और रूपये 11.88 करोड़
7. प्रो. बी. के. थेलमा, आनुवांशिकी विभाग, एसईआरबी और डीबीटी से रूपये 15.7 करोड़ और रूपये 5.72 करोड़
8. प्रो. एम. वी. राजाम, आनुवांशिकी विभाग, डीबीटी से रूपये 1.56 करोड़
9. प्रो. डी. पेनल, आनुवांशिकी विभाग, डीबीटी–बीबीएसआरसी से रूपये 1.89 करोड़
10. प्रो. अरुण के. शर्मा, पादप आणविक जीवविज्ञान विभाग, डीबीटी से रूपये 1.31 करोड़
11. प्रो. संजय कपूर, पादप आणविक जीवविज्ञान विभाग, रूपये 1.31 करोड़ और रूपये 1.67 करोड़, डीबीटी
12. प्रो. जे. पी. खुराना, पादप आणविक जीवविज्ञान विभाग, डीबीटी से रूपये 1.39 करोड़
13. प्रो. अखिलेश के. त्यागी पादप आणविक जीवविज्ञान विभाग, डीबीटी एनआईजीआर से रूपये 1.96 करोड़
14. प्रो. स्वाति साहा, सूक्ष्म जीवविज्ञान विभाग, डीबीटी से रूपये 1.82 करोड़ रुपए

10 लाख रूपए से अधिक अनुदान वाले संकाय सदस्य :

नाम	विभाग
1. डॉ. मधु चोपड़ा	एसीबीआर
2. डॉ. यतेन्द्र कुमार सतीजा	एसीबीआर
3. प्रो. दमन सलूजा	एसीबीआर
4. प्रो. ए.के. कपूर	नृविज्ञान
5. प्रो. एस.एम. पटनायक	नृविज्ञान
6. प्रो. वी. के. चौधरी	जैव रसायन विज्ञान
7. डॉ. गरिमा खरे	जैव रसायन विज्ञान
8. प्रो. सुमन कुंडू	जैव रसायन विज्ञान
9. प्रो. डी. पी. सरकार	जैव रसायन विज्ञान
10. डॉ. अमिता गुप्ता	जैव रसायन विज्ञान
11. डॉ. मनीषा गोयल	जैव भौतिकी
12. प्रो. अरुण जगन्नाथ	वनस्पति विज्ञान
13. प्रो. मनु अग्रवाल	वनस्पति विज्ञान
14. प्रो. सुमन लखनपाल	वनस्पति विज्ञान
15. डॉ. रतुल बौषा	वनस्पति विज्ञान
16. प्रो. रेणु देसवाल	वनस्पति विज्ञान
17. प्रो. सतीश सी. भाटला	वनस्पति विज्ञान
18. डॉ. यशवंत मुदगिल	वनस्पति विज्ञान
19. डॉ. दीपिका भास्कर	विज्ञान शिक्षा और संचार केंद्र
20. प्रो. राजमनानी नागराजन	रसायन विज्ञान
21. प्रो. राजीव गुप्ता	रसायन विज्ञान

22. प्रो. आर.के. शर्मा	रसायन विज्ञान
23. प्रो. रमेश चंद्र	रसायन विज्ञान
24. डॉ. शशांक डेका	रसायन विज्ञान
25. डॉ. ज्योति शर्मा	क्लस्टर इनोवेशन सेंटर
26. प्रो. बी. बिस्वाल	क्लस्टर इनोवेशन सेंटर
27. प्रो. मृदुला गुप्ता	इलेक्ट्रॉनिक विज्ञान
28. डॉ. क्रिस्टेल देवदासन	अंग्रेजी
29. डॉ. चिरश्री घोष	पर्यावरण विज्ञान
30. प्रो. संजय सहगल	वित्तीय अध्ययन
31. डॉ. नाओरेम अरुणा देवी	आनुवंशिकी
32. डॉ. जगरीत कौर	आनुवंशिकी
33. प्रो. ए. के. प्रधान	आनुवंशिकी
34. प्रो. एम. वी. राजम	आनुवंशिकी
35. प्रो. डी. पेंटल	आनुवंशिकी
36. डॉ. कौस्तुभ दत्ता	आनुवंशिकी
37. डॉ. सूरजीत सरकार	आनुवंशिकी
38. डॉ. तपस्या श्रीवास्तव	आनुवंशिकी
39. प्रो. बी. के. थैलमा	आनुवंशिकी
40. प्रो. पंकज श्रीवास्तव	भूविज्ञान
41. प्रो. जे. पी. श्रीवास्तव	भूविज्ञान
42. डॉ. संजीव सिंह	आईआईसी
43. डॉ. सच्ची श्रीवास्तव	गणित
44. प्रो. रानी गुप्ता	सूक्ष्म जीवविज्ञान
45. प्रो. आर. सी. खुहड़	सूक्ष्म जीवविज्ञान
46. प्रो. स्वाति साहा	सूक्ष्म जीवविज्ञान
47. डॉ. राजीव कौल	सूक्ष्म जीवविज्ञान
48. प्रो. टी. सत्यनारायण	सूक्ष्म जीवविज्ञान
49. प्रो. संजय जैन	भौतिकी और खगोल भौतिकी
50. प्रो. विनय गुप्ता	भौतिकी और खगोल भौतिकी
51. डॉ. बिनय कुमार	भौतिकी और खगोल भौतिकी
52. डॉ. एमडी. नयमुद्दीन	भौतिकी और खगोल भौतिकी
53. प्रो. एस. अन्नपुर्णी	भौतिकी और खगोल भौतिकी
54. प्रो. एस. ए. हाशमी	भौतिकी और खगोल भौतिकी
55. डॉ. अमरजीत कौर	भौतिकी और खगोल भौतिकी
56. प्रो. जे. पी. खुराना	पादप आणविक जीवविज्ञान
57. प्रो. जी. के. पांडेय	पादप आणविक जीवविज्ञान
58. प्रो. अनिल ग्रोवर	पादप आणविक जीवविज्ञान
59. प्रो. परमजीत खुराना	पादप आणविक जीवविज्ञान
60. डॉ. सौरभ रघुवंशी	पादप आणविक जीवविज्ञान
61. प्रो. अखिलेश के. त्यागी	पादप आणविक जीवविज्ञान
62. प्रो. अरुण के. शर्मा	पादप आणविक जीवविज्ञान
63. प्रो. आई. दासगुप्ता	पादप आणविक जीवविज्ञान
64. डॉ. सुरेखा के. अग्रवाल	पादप आणविक जीवविज्ञान

65. प्रो. संजीव कुमार एच.एम	राजनीति विज्ञान
66. प्रो. रूप लाल	प्राणि विज्ञान
67. प्रो. रीना चक्रवर्ती	प्राणि विज्ञान
68. प्रो. आलोक सी. भारती	प्राणि विज्ञान
69. प्रो. योगेंद्र सिंह	प्राणि विज्ञान
70. प्रो. विनोद कुमार	प्राणि विज्ञान
71. डॉ. रीता सिंह	प्राणि विज्ञान

विदेशी अनुदान

नाम	विभाग	राशि (रुपए)
1. डॉ. श्यामा रथ	भौतिकी और खगोल भौतिकी	यूरो (€) –2485
2. डॉ. आर.के. सेठ	प्राणि विज्ञान	यूरो (€) –5984
3. प्रो. रेखा सक्सेना	राजनीति विज्ञान	0.91 लाख
4. प्रो. अशोक के. प्रसाद	रसायन विज्ञान	6.57 लाख
5. प्रो. रेखा सक्सेना	राजनीति विज्ञान	1.89 लाख; 2.86 लाख; 2.55 लाख

अनुसंधान एवं विकास अनुदान – विश्वविद्यालय ने विभागों के संकाय सदस्यों के बीच अनुसंधान को बढ़ावा देने और विश्वविद्यालय के अनुसंधान आधार को समृद्ध करने के लिए अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) अनुदान की स्थापना की है। एक वर्ष की अवधि के लिए विज्ञान विभाग के प्रत्येक शिक्षकों को तीन लाख रूपए तक का अनुदान दिया जाता है और अन्य विभागों के प्रत्येक शिक्षकों को दो लाख रुपए तक का अनुदान मिलता है। विश्वविद्यालय ने पिछले पांच वर्षों में विभागों/केंद्रों के 1400 से अधिक संकाय सदस्यों को 29 करोड़ रूपये का अनुदान मंजूर किया है ।

नवाचार परियोजनाएं – यह देश में अपनी तरह की पहली योजना है, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय वित्तपोषण के माध्यम से स्नातक–पूर्व और अंतःविषयक अनुसंधान का संवर्धन करना है। इस योजना का उद्देश्य महाविद्यालयों में शोध संस्कृति विकसित करना और स्नातक–पूर्व छात्रों की संकाय के सहयोग से शोध पहल में भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इस योजना का उद्देश्य अंतःविषयक शोध परिवेश को प्रोत्साहित करना है, जहां संकाय और छात्र, समाज और विश्व के समक्ष वास्तविक चुनौतियों को हल करने के लिए विषय की सीमाओं को पार करते है।

विश्वविद्यालय ने इस योजना को प्रभावशाली बनाते हुए, विगत चार वर्षों में कुल 36.39 करोड़ रूपये की 679 परियोजनाओं का वित्त–पोषण किया है। इसके परिणाम में, 288 से अधिक पूर्व समीक्षा शोध प्रकाशन, 24 पुस्तकें, छह पेटेंट और सम्मेलनों में 375 प्रस्तुतियॉ शामिल हैं। इन परियोजनाओं में 2000 से अधिक शिक्षकों और लगभग 8000 छात्रों की सहभागिता रही।

विश्वविद्यालय के डिजिटल पक्ष

विश्वविद्यालय ने विगत कुछ वर्षों में अनेक डिजिटल पहलें की है जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं :

कैम्पस संयोजकता

- वाई–फाई सक्षम परिसर और महाविद्यालय
- एनकेएन संयोजकता
- परिसर और महाविद्यालयों में फैले मजबूत आईसीटी नेटवर्क

डिजिटल प्रशासनिक प्रक्रियाएं

- ऑनलाइन प्रवेश
- ऑनलाइन शुल्क संग्रह
- ऑनलाइन उन्नत डिग्री/डुप्लिकेट डिग्री/डिग्री/विशेष प्रमाणपत्र का प्रमाणन
- ऑनलाइन छात्र शिकायत निवारण प्रणाली
- ई–प्रापण
- गृह आवंटन के लिए ऑनलाइन प्रणाली
- छात्रावास आवास के लिए ऑनलाइन प्रणाली
- चिकित्सा बिल की प्रतिपूर्ति के लिए ऑनलाइन प्रणाली
- संकाय नियुक्तियों और स्क्रीनिंग के लिए ऑनलाइन प्रपत्र
- संकाय की सेवाओं का ऑनलाइन पुष्टीकरण
- कॉलेज जीबी में शिक्षक के प्रतिनिधित्व के लिए ऑनलाइन प्रपत्र
- ऑनलाइन परीक्षा प्रवेश–पत्र
- ऑनलाइन प्रवेश टिकट
- ऑनलाइन परीक्षा समय–सरणी
- आंतरिक मूल्यांकन अंक की ऑनलाइन प्रस्तुति

डिजिटल अनुसंधान पहल

- डीयू ई–पत्रिकाएँ
- विश्वविद्यालय शोध अनुदान
- संकाय सदस्यों के शोध प्रोफाइल
- पीएच.डी. मूल्यांकन और मौखिक परीक्षा

डिजिटल शिक्षण पहल

- आभासी कक्षा सॉफ्टवेयर, वेब–कास्टिंग और विडियो–कॉन्फ्रेंसिंग का उपयोग
- एमओओसी के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षण और अभिग्रहण के संसाधन
- ई–पत्रिकाओं और संसाधनों के लिए सदस्यता

डीयू पुस्तकालय प्रणाली की डिजिटल पहल

- ई–शोध सिंधु
- जे–गेट/ई–शोध सिंधु
- दृष्टिबाधितों के लिए अभिगम्यता के संसाधन
- इंटरनेट अभिगम्यता की सुविधा
- पीएच.डी. शोधों का डिजिटल संग्रह
- इलेक्ट्रॉनिक डाटाबेस

विश्वविद्यालय के शोध–पत्र

ई–पत्रिकाएँ

दिल्ली विश्वविद्यालय तीन ई–पत्रिकाओं का प्रकाशन करता है :

- *दिल्ली यूनिवर्सिटी जर्नल ऑफ अंडर ग्रेजुएट रिसर्च एंड इनोवेशन* (आईएसएसएन 2395–2334), एक ऑनलाइन अर्द्ध–वार्षिक समकक्ष समीक्षा अनुसंधान जर्नल (भारत में इस प्रकार का प्रथम)।
- *दिल्ली यूनिवर्सिटी जर्नल ऑफ दी ह्यूमेनिटीज एंड सोशल साइंसेज* (आईएसएसएन 2348–4357),समकक्ष समीक्षा अनुसंधान जर्नल
- *डीयू–विधाः दिल्ली यूनिवर्सिटी जर्नल ऑफ क्रिएटिव राइटिंग* (आईएसएसएन 2347–9049), आवृति–छमाही।

इसके अलावा, इंडियन इकनॉमिक रिव्यु, जर्नल ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस स्टडीज, वेशेश्वरी, इंडियन लॉ जर्नल, इंडियन जर्नल ऑफ अफ्रीकन स्टडीज इत्यादि सहित व्यक्तिगत विभागों और महाविद्यालयों द्वारा कई अन्य पत्रिकाएं प्रकाशित की जाती हैं।

संकाय पुरस्कार/सम्मान

- प्रोफेसर सुमन कुंडू, जैव–रसायन विज्ञान ने वल्लभभाई पटेल वक्ष संस्थान, दिल्ली में अपने 9वें वार्षिक सम्मेलन में 11 फरवरी, 2017 को इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ कार्डियोवास्कुलर साइंसेज (इंडिया सेक्शन) द्वारा युवा संकाय के लिए प्रो. सुरेश सी. त्यागी ओरेशन अवॉर्ड जीता।
- डॉ. मनीष कुमार और सुश्री अभिशिखा श्रीवास्तव, जैवभौतिकी विभाग, पीओसी प्रारूप में रोगाणुरोधी प्रतिरोधी जीनों के तेजी से निदान के विकास के लिए लंदन के रॉयल सोसाइटी से डिस्कवरी पुरस्कार (नवंबर 2016)।
- प्रो. ए.के. पांडे, वनस्पति विज्ञान विभाग, अध्यक्ष निर्वाचित, भारतीय बॉटनिकल सोसाइटी उपाध्यक्ष , पूर्वी हिमालयी सोसाइटी ऑफ स्पर्मेटॉफिट टैक्समोहनिय और सचिव (आउटस्टेशन), इंडियन सोसाइटी फॉर एंजियोस्पर्म टेक्सोनोमी।

- प्रोफेसर एस. मजूमदार, वनस्पति विज्ञान विभाग को मिरांडा हाउस एल्युमनी एसोसिएशन, दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रतिष्ठित अलुमना पुरस्कार 2017।
- प्रोफेसर वीणा अग्रवाल, वनस्पति विज्ञान विभाग, प्रौद्योगिकी उन्नतिकरण और संपोषणीय कृषि पर 22–24 फरवरी, 2017 को एनएएस ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सोसाइटी ऑफ प्लांट रिसर्च द्वारा "प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पुरस्कार, 2016"।
- प्रोफेसर के. एस. राव, वनस्पति विज्ञान विभाग, 7 नवंबर, 2016 को आंध्र प्रदेश विज्ञान अकादमी, अमरावती के फेलो निर्वाचित और 20 अक्टूबर 2016 को यूके में लैनिन सोसाइटी ऑफ लंदन के फेलो के रूप में निर्वाचित।
- प्रोफेसर सहिलेंद्र गोयल, वनस्पति विज्ञान विभाग, 20 अक्टूबर, 2016 को दी लिनियन सोसाइटी ऑफ लंदन, ब्रिटेन के फेलो निर्वाचित।
- प्रो. ए.के. दूबे, जैविक विज्ञान और इंजीनियरी विभाग, एनएसआईटी, इरास्मस+टीचिंग मोबिलिटी पुरस्कार (2016–2017)
- डॉ. संजीव कुमार, जैविक विज्ञान और इंजीनियरी, एनएसआईटी, डीबीटी और आईयूएसएसटीएफ से अग्रणी शोध के लिए बायो–एनर्जी पुरस्कार और एसईआरबी, डीएसटी से अर्ली कैरियर रिसर्च (युवा वैज्ञानिक) पुरस्कार, 2016
- डॉ. यतीन्द्र कुमार (संकाय) जैविक विज्ञान और इंजीनियरी, एनएसआईटी, जीवन विज्ञान अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) भारत सरकार, से कैरियर रिसर्च पुरस्कार।
- प्रोफेसर एस.सी. रैना, कैम्पस लॉ सेंटर (छुट्टी पर), हिमाचल प्रदेश नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में कुलपति नियुक्त।
- प्रोफेसर जे. एल. कौल, कैम्पस लॉ सेंटर (छुट्टी पर), एच.एन.बी. गढ़वाल (केंद्रीय विश्वविद्यालय), उत्तराखंड में कुलपति नियुक्त।
- प्रोफेसर कमला शंकर, जैविक विज्ञान और इंजीनियरी, एनएसआईटी (छुट्टी पर), तमिलनाडु नेशनल लॉ स्कूल में कुलपति नियुक्त।
- डॉ. दीपिका भास्कर, विज्ञान शिक्षा और संचार केंद्र, इंडियन एजुकेशन नेटवर्क द्वारा शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षक उत्कृष्टता पुरस्कार 2016
- प्रोफेसर डी.एस. रावत, रसायन विज्ञान विभाग, को प्रोफेसर एसपी हिरेमाथ स्मारक पुरस्कार, भारतीय कैमिस्ट परिषद, 2016
- प्रोफेसर डी.एस. रावत, रसायन विज्ञान विभाग, को फेलो रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री (एफआरएससी, 2016) और सी चेम, रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री (लंदन, 2016)
- डॉ. पी. वेंकटेशु, रसायन विज्ञान विभाग, भारतीय विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन, भारत से प्रोफेसर एस. कटियार एंडॉमेंट व्याख्यान पुरस्कार 2016–2017 और भारतीय रसायन विज्ञान सोसायटी (सीआरएसआई), बेंगलुरु से कांस्य पदक –2017 प्राप्त।
- प्रोफेसर अनीता शर्मा, पूर्व एशियाई अध्ययन विभाग, निर्वाण शांति फाउंडेशन, चटगांव बांग्लादेश, द्वारा 16 जुलाई, 2016 को पत्रकार बिमलेंदु बरुआ शांति पुरस्कार 2016.
- प्रोफेसर अनीता शर्मा, पूर्व एशियाई अध्ययन विभाग को शांति के क्षेत्र में उपलब्धियों पर अंतर्राष्ट्रीय महिला क्लब, सिडनी, ऑस्ट्रेलिया द्वारा , 30 मार्च, 2017 को ।
- प्रोफेसर पम्मी दुआ, अर्थशास्त्र विभाग, को मौद्रिक नीति समिति, भारतीय रिजर्व बैंक के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया ।
- प्रोफेसर राम सिंह, अर्थशास्त्र विभाग, भारत के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के लिए यूजीसी और मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित वेतन समीक्षा समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त।
- प्रोफेसर महाराज के. पंडित, पर्यावरण अध्ययन विभाग का हार्वर्ड विश्वविद्यालय में रैडक्लिफ संस्थान फैलोशिप कार्यक्रम के लिए चयनित किया गया।

- प्रोफेसर महाराज के. पंडित, पर्यावरण अध्ययन विभाग का भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए), नई दिल्ली, भारत द्वारा फेलो निर्वाचित तथा भारत सरकार द्वारा टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (इंडिया) लिमिटेड में स्वतंत्र निदेशक (निदेशक मंडल) के रूप में नियुक्त किया गया।
- प्रोफेसर इंद्रजीत सिंह, पर्यावरण अध्ययन विभाग को पारिस्थितिक सोसाइटी अमेरिका द्वारा प्रतिष्ठित पारिस्थितिकी विज्ञानी पुरस्कार
- डॉ. बिपिन कुमार तिवारी, समान अवसर प्रकोष्ठ, को भारत के माननीय राष्ट्रपति से दिव्यांगजन (रोल मॉडल) के सशक्तिकरण के लिए विज्ञान भवन में 3 दिसंबर, 2016 को राष्ट्रीय पुरस्कार।
- प्रोफेसर प्रदीप कुमार बर्मा, अनुवांशिक विभाग, को वर्ष 2016 के लिए आईएनएसए शिक्षक पुरस्कार ।
- डॉ. तपस्या श्रीवास्तव, अनुवांशिक विभाग, राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी के सदस्य निर्वाचित ।
- प्रोफेसर आर.बी. सिंह, पुनः अंतर्राष्ट्रीय भौगोलिक संघ के उपाध्यक्ष (2016–20) निर्वाचित हुए ।
- प्रोफेसर जी.वी. आर. प्रसाद, भूविज्ञान विभाग, को दूसरी बार 5 साल की अवधि के लिए जे.सी. बोस राष्ट्रीय फैलोशिप।
- प्रोफेसर जे.पी. श्रीवास्तव, भूविज्ञान विभाग, को एस.वी. विश्वविद्यालय, तिरुपति में आईएससीए के आयोजित 104 वें सत्र में प्रोफेसर विलियम डिक्सन वेस्ट मेमोरियल पुरस्कार।
- प्रोफेसर श्योराज सिंह, हिंदी विभाग, को 19 अप्रैल, 2016 को सुब्रमण्यम भारती सम्मान और 24 सितंबर, 2016 को कथा चक्र सम्मान।
- डॉ. विनोद तिवारी, हिंदी विभाग, को कथा–आलोचना के क्षेत्र में योगदान के लिए 5 अप्रैल, 2016 को वनमाली कथा–आलोचना सम्मान।
- डॉ. अल्पना मिश्र, हिंदी विभाग, वाल्मिकी कथा सम्मान, 2017.
- प्रोफेसर प्रेरणा गौड़, इंस्ट्रुमेंटेशन और कंट्रोल इंजीनियरिंग विभाग को आईआईईई अनुभाग, नई दिल्ली द्वारा 2016 में उत्कृष्ठ शाखा काउंसेलर पुरस्कार।
- डॉ. के.पी. सिंह, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग को दिल्ली पुस्तकालय एसोसिएशन, दिल्ली द्वारा विशिष्ट पुस्तकालय विज्ञान शिक्षक–2016 पुरस्कार।
- डॉ. वागेश्वरी, लॉ सेंटर–**II**, अखिल भारतीय विधि शिक्षक कांग्रेस एसोसिएशन में कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्त।
- प्रोफेसर सी.एस. ललिता, गणित विभाग को भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए) शिक्षक पुरस्कार, दिसंबर, 2016.
- प्रोफेसर जे.एस. वर्दी, सूक्ष्म–जीवविज्ञान विभाग को सर्वश्रेष्ठ लैब सलाहकार (विश्वविद्यालय स्तर) श्रेणी में इन्विट्रोजन साइंस हीरो पुरस्कार 2016.
- प्रोफेसर पी.सी. पटनायक, आधुनिक भारतीय भाषाएँ और साहित्यिक अध्ययन विभाग को पश्चिम बंगाल सरकार के मेयल ल्यांग लेपचा विकास बोर्ड द्वारा आरएएन (लेपचा भाषा और संस्कृति के विद्वान) शीर्षक से सम्मानित किया गया।
- डॉ. के. प्रेमनंथन, आधुनिक भारतीय भाषाएँ और साहित्यिक अध्ययन विभाग को इसईयेटसटम पत्रिका–नल्ली फाउंडेशन, चेन्नई द्वारा श्रेष्ठ अनुवाद पुरस्कार; और नंपिककाई विरुदुकल, अनन्त विकास मैगजीन, चेन्नई, 2016 द्वारा श्रेष्ठ अनुवाद पुरस्कार।
- प्रोफेसर सुनीर कासलीवाल, संगीत संकाय को मारवाड़ रत्न सम्मान–2015, मेहरानगढ़ संग्रहालय ट्रस्ट, मारवाड़, जोधपुर द्वारा 2016 में पद्मश्री कोमलजी कोठारी सम्मान।
- प्रोफेसर अनुपम महाजन, संगीत विभाग को स्ट्रिंग और स्टेप्स संगठन दिल्ली द्वारा उत्कृष्टता के लिए मार्च 2017 में स्ट्रिंग और स्टेप्स ग्लोबल पुरस्कार।
- प्रोफेसर दीप्ति ओमरेरी भल्ला, संगीत विभाग को दिल्ली कर्नाटक संगीत सभा से नृत्य शिखामानी संगीत और तिरुपति तिरुमला देवस्थानम, तिरुपति द्वारा 25 मार्च, 2017 को सम्मान।

- प्रोफेसर ओजेश प्रताप सिंह, संगीत विभाग को संगीत सभा, पठानकोट द्वारा वर्ष 2015–16 का गान रत्न सम्मान और पंडित तिलक राज शर्मा ट्रस्ट, दिल्ली द्वारा वर्ष 2016–17 का सुर श्रीजन शिखर सम्मान।
- कैप्टन परमिंदर सहगल, एनसीसी/एनएसएस को मटका महोत्सव 2016 में सेवाओं के लिए रिकग्निशन अवॉर्ड।
- प्रोफेसर चंद्र के. जग्गी, ऑपरेशनल अनुसन्धान को आईओओएम उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार–औद्योगिक विज्ञान और संचालन प्रबंधन सोसाइटी द्वारा औद्योगिक इंजीनियरिंग और संचालन प्रबंधन व्यवसाय में उत्कृष्ट समर्थन, सेवा, योगदान, और वैश्विक समुदाय में भागीदारी की मान्यता के लिए 23–25 सितंबर, 2016 को डेट्रॉइट, यूएसए में प्रदान किया गया ।
- डॉ. प्रगति साहनी, दर्शन–शास्त्र विभाग को 5 सितंबर, 2016 से 30 अप्रैल, 2016 तक एक सेमेस्टर के लिए कार्लेटन विश्वविद्यालय, ओटावा, कनाडा में आईसीसीआर विजिटिंग प्रोफेसर।
- डॉ. राकेश गुप्ता, शारीरिक शिक्षा और खेल विज्ञान विभाग, को सितंबर, 2016 के दौरान रियो (ब्राजील) में आयोजित होने वाले रियो पैरा एथलेटिक्स खेलो में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली भारतीय पैरा एथलेटिक्स टीम के चयन हेतु युवा मामले व् खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चयन समिति के निदेशक नियुक्त ।
- डॉ. प्रदीप कुमार, शारीरिक शिक्षा और खेल विज्ञान विभाग, ने दिल्ली राज्य मास्टर एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2016 में दो स्वर्ण पदक (ट्रिपल जंप और 100 मीटर बाधा) जीता।
- प्रोफेसर अविनाश खरे, भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग, आईएनएसए बीरन रॉय स्मारक पुरस्कार व्याख्यान 2016.
- प्रोफेसर ए. के. त्यागी, पादप आणविक जीवविज्ञान विभाग, जेसी बोस राष्ट्रीय फैलोशिप पूरस्कार, डीएसटी, भारत सरकार, 2007–2017; और भारतीय पादप शरीर क्रिया विज्ञान सोसाइटी, नई दिल्ली के अध्यक्ष नियुक्त (2017–2018)।
- प्रोफेसर परमजीत खुराना, पादप आणविक जीवविज्ञान विभाग, को विश्व विज्ञान अकादमी, फेलोट्राइस्टे, इटली, 2016 का फेलो नियुक्त; और 2017 के लिए भारतीय वनस्पति सोसायटी का बीरबल साहनी पदक पुरस्कार ।
- प्रोफेसर जे. पी. खुराना, पादप आणविक जीवविज्ञान विभाग को भारतीय पादप शरीर विज्ञान का वर्ष 2017 का प्रोफेसर एस.के. सिन्हा स्मारक व्याख्यान पुरस्कार।
- प्रोफेसर इंद्रनील दासगुप्ता, पादप आणविक जीवविज्ञान विभाग को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा पांच साल की अवधि के लिए 26 दिसंबर 2016 को जे.सी. बोस फैलोशिप।
- प्रोफेसर गिरिधर के. पांडे, पादप आणविक जीवविज्ञान विभाग को राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारत सरकार द्वारा 2016 में फेलो निर्वाचित ।
- डॉ. रंजन कुमार त्रिपाठी, संस्कृत विभाग को अखिल भारतीय विद्वत परिषद, वाराणसी, द्वारा 2016 में युवा–प्रतिभा विद्वत अलंकरण पुरस्कार और विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा 2016 में विक्रम–कालिदास पुरस्कार, (मध्य प्रदेश सरकार)।
- प्रो. संजय भट्ट, सामाजिक कार्य विभाग को भारतीय सामाजिक विज्ञान संघ द्वारा 10 फरवरी, 2017 को प्रोफेसर वी.के.आर.आर.वी.राव स्मारक आजीवन उपलब्धि पुरस्कार, 2017.
- प्रोफेसर रीता ब्रारा, समाजशास्त्र विभाग को म्यूनिख, जर्मनी में तीन महीने के लिए पर्यावरण और समाज के अध्ययन के लिए राहेल सेंटर में कार्सन फेलो।
- प्रोफेसर नंदिनी सुंदर, समाजशास्त्र विभाग को, 2016 का ईस्टर बॉसेरप पुरस्कार ।
- प्रोफेसर एस.ए. करीम, उर्दू विभाग को राष्ट्रीय उर्दू भाषा संवर्धन परिषद् में निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया ।
- प्रोफेसर रूप लाल, प्राणी विज्ञान विभाग को विकासशील देशों में शोध, शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी को और सशक्त करने

हेतु अमेरिकन सोसायटी फॉर माइक्रोबायोलॉजी (एएसएम) से मोसेलीओ शाएछटर डिस्टिंगिसाइड सर्विस अवार्ड– 2016.

- प्रोफेसर रूप लाल, प्राणी विज्ञान विभाग को एसोसिएशन ऑफ माइक्रोबायोलॉजिस्ट ऑफ इंडिया (एएमआई) द्वारा वर्ष 2016 के लिए माइक्रोबियल विविधता पर प्रोफेसर बी.एन. जौहरी पुरस्कार (द्विवर्षीय); और देश के विकास में उत्कृष्ट कार्य, उपलब्धियों, प्रतिबद्धता और योगदान के लिए चमन सेवा संस्थान, हिमाचल प्रदेश से कुलदीप ढतवालिया उत्कृष्टता पुरस्कार–2017.

- प्रोफेसर एम.एम. चतुर्वेदी, प्राणी विज्ञान विभाग, जैव विज्ञान में भारतीय शिक्षक संघ के वर्ष 2016 के आगे से अध्यक्ष निर्वाचित।
- प्रोफेसर विनोद कुमार, प्राणी विज्ञान विभाग, अध्यक्ष; और इंडियन सोसाइटी फॉर क्रोनबायोलॉजी के सचिव, निर्वाचित ।

चिकित्सा विज्ञान में पुरस्कार/ फैलोशिप

- एनेस्थिसियोलॉजी विभाग (यूसीएमएस) के डॉ. ए. के. सक्सेना को सितंबर 2016 में इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर स्टडी ऑफ पेन (आईएएसपी), वाशिंगटन, अमरीका के अध्यक्ष द्वारा एक उत्कृष्टता के रूप में आईएएसपी की सदस्यता से सम्मानित किया गया।
- एनेस्थिसियोलॉजी विभाग (यूसीएमएस) के डॉ. ए. के. सक्सेना को विश्व एनेस्थेसिया दिवस, 16 अक्टूबर 2016 को एनेस्थेसिया और दर्द प्रबंधन के बारे में व्यापक जन जागरूकता के निर्माण के लिए एएसए नेशनल द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।
- मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस के निदेशक/प्राचार्य डॉ. महेश वर्मा को 18 मई 2016 को बैंगलोर में आयोजित तीसरे स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन और पुरस्कार समारोह के दौरान आर्यभट्ट इंटरनेशनल अवार्ड– 2015 से सम्मानित किया गया।
- बायोकैमिस्ट्री (यूसीएमएस) विभाग के डॉ. विश्वजीत रोहिल को मेडिकल बायोकैमिस्ट्री के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और मान्यता के लिए बायोमेडकोन 2016 के अवसर पर साइंटिस्ट ऑफ द ईयर अवार्ड – 2016 प्रदान किया गया।
- सामुदायिक चिकित्सा विभाग (एमएएमसी) के डॉ.एम.एम. सिंह को 19 मार्च, 2016 को नई दिल्ली के होटल अशोक में डबल हेलीकल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्वास्थ्य पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ का सम्मान प्रदान किया गया।
- सामुदायिक चिकित्सा विभाग (एमएएमसी) की डॉ. सुनेला गर्ग विभाग को 19 मार्च, 2016 को नई दिल्ली के होटल अशोका में डबल हेलीकल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्वास्थ्य पुरस्कार में सामुदायिक चिकित्सा में उपलब्धि के सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक का सम्मान प्रदान किया गया।
- सामुदायिक चिकित्सा विभाग (यूसीएमएस) के डॉ. ए.एम. खान को फरवरी 2017 में सीएमसी, लुधियाना में एफएआईएमईआर क्षेत्रीय संस्थान द्वारा उन्नत अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के लिए फैलोशिप ऑफ फाउंडेशन प्रदान किया गया।
- माइक्रोबायोलॉजी विभाग (वीपीसीआई) को डॉ मंदिरा वर्मा बासिल को इंडियन एसोसिएशन ऑफ मायकोप्लास्मोलॉजिस्ट की सचिव नियुक्त किया गया।

- माइक्रोबायोलॉजी विभाग (वीपीसीआई) के डॉ. अनुराधा चौधरी को यूरोपीय परिसंघ मेडिकल माइकोलॉजी–2017 की फैलो (निर्वाचित)।
- ऑर्थोपेडिक्स विभाग (यूसीएमएस) के डॉ. ए. के. जैन को 25 मार्च, 2017 को स्वर्गीय कर्नल संघम सिंह मेमोरियल ऑरेशन नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज द्वारा उत्कृष्ट योगदान के लिए ऑर्थोपेडिक्स –2017 प्रदान किया गया।
- ऑर्थोपेडिक्स विभाग (यूसीएमएस) के डॉ. ए. के. जैन को स्वर्गीय टीपी श्रीवास्तव वाराणसी ऑरेशन, गोरखपुर का यूपीप्रेटकॉन 2017.
- ऑर्थोपेडिक्स विभाग (यूसीएमएस) के डॉ. रेहान उल हक को नवम्बर 2016 से मई 2017 तक डिपार्टमेंट ऑफ यूनाइटेड किंगडम में कॉमनवेल्थ शैक्षणिक फैलोशिप प्रदान की गई।
- ऑथ्थेल्मोलॉजी विभाग (यूसीएमएस) के डॉ. वी. पी. गुप्ता को दिल्ली ऑथ्थेलमॉजिकल सोसाइटी द्वारा डॉ. पी. के. जैन मेमोरियल ऑरेशन 2017 प्रदान किया गया।
- ओटोरहिनोलोरिन्गोलॉजी विभाग (यूसीएमएस) के डॉ. एच.सी. तनेजा, भारत के न्यूरोइक्विलोब्रिमेट्रिक सोसाइटी के सचिव चुने गए।
- विश्व विज्ञान विक्लांगता दिवस, 2 दिसंबर, 2016 की पूर्व संध्या पर दिल्ली सरकार द्वारा फिजियोलॉजी विभाग (यूसीएमएस) के डॉ. सत्येन्द्र सिंह को 2016 में सामाजिक कार्य के क्षेत्र में एक विक्लांग व्यक्ति द्वारा अपवादात्मक उपलब्धि के लिए राज्य पुरस्कार और केंद्रीय रक्षा सचिव द्वारा व्यक्तिगत चुनौतियों से ऊपर उठने और समाज में योगदान देने के लिए 4 दिसम्बर 2016 को आयोजित स्वच्छ क्षमता पर भारत के प्रथम ब्लेड धावक के लिए स्वच्छ क्षमता पुरस्कार प्रदान किया गया।
- फिजियोलॉजी विभाग (यूसीएमएस) के डॉ. सतेंद्र सिंह को 27 नवंबर, 2016 को सामाजिक न्याय और कार्रवाई पर काम करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ और देश के गैर सरकारी संगठनों के संघ (आईकोंगो) के सहयोग से स्थापित, करमवीर चक्र और रेक्स वैश्विक फैलोशिप– 2016 प्रदान किया गया।
- मनोचिकित्सा विभाग (यूसीएमएस) के डॉ. एस. श्रीवास्तव को इंडियन साइकेट्रिक सोसायटी (आईपीएस) नॉर्थ जोन, 2016 की फेलोशिप।
- बाल चिकित्सा विभाग (एमएएमसी) के डॉ. डी. मिश्रा, को जनवरी, 2017 में बैंगलोर में आयोजित 54वें पायडिकॉन में भारतीय बाल अकादमी की फैलोशिप प्रदान की गई ।
- बाल चिकित्सा विभाग (यूसीएमएस) के डॉ. पी. गुप्ता को पेडीकॉन थीम ऑरेशन, इंडियन एकेडमी ऑफ पेडियाट्रिक्स, राजस्थान, पेडीकॉन, माउंट आबू, राजस्थान, 19 नवंबर, 2016.
- रेडियोडायगनोसिस विभाग (एलएचएमसी) के डॉ. राम आनंद को आईआरआईए की दिल्ली शाखा (भारतीय रेडियोलॉजिकल और इमेजिंग एसोसिएशन) द्वारा प्रतिष्ठित सेवा पुरस्कार प्रदान किया गया।
- रेडियोडायगनोसिस विभाग के डॉ. राम आनंद को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा मई 2016 में वैज्ञानिकों के लिए मूल्यांकन बोर्ड में विशेषज्ञ और जेसीडीआर और भारतीय जर्नल ऑफ रेडियोलॉजी और इमेजिंग (आईजेआरआई) के लिए समीक्षक नियुक्त किया गया।
- रेडियोलॉजी विभाग (यूसीएमएस) के डॉ. ए. के. श्रीवास्तव को 4 मार्च, 2017 को दिल्ली आईआरआईए 2016–2017 का राष्ट्रपति प्रशंसा पुरस्कार।
- फार्माकोलॉजी विभाग के डॉ. हरमीत सिंह रेहान को डरहम यूनिवर्सिटी, यूनाइटेड किंगडम में जुलाई, 2016 तक 6 महीने की अवधि के लिए कॉमनवेल्थ फेलोशिप प्रदान की गई।
- सर्जरी विभाग (एमएएमसी) के डॉ. पी. एन. अग्रवाल को दिल्ली सरकार द्वारा जनवरी 2016 में प्रतिभाशाली सेवाओं के लिए सम्मान।

- सर्जरी विभाग (एमएएमसी) के डॉ. पवन इंद्र लाल को डॉ. एस. के. सेन मेमोरियल ओरियन– 2016 – एएसआई (दिल्ली अध्याय) – 12 नवंबर 2016 – सर्जरी में स्नातकोत्तर प्रशिक्षण – चुनौतियों और समाधान और मेडिकल शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए बीएमजे साउथ एशिया अवार्ड 2016– में द्वितीय पुरस्कार।
- सर्जरी विभाग (एमएएमसी) के डॉ. अनुभव विंदल को अमेरिकन कॉलेज ऑफ सर्जन (एफएसीएस) की फैलोशिप।

आयोजित संगोष्ठियां / सम्मेलन / कार्यशालाएं

(चयनित सूची निम्नलिखित है। पूरी सूची विभाग / केंद्र के अंतर्गत दी है।)

● वयस्क विभाग, सतत शिक्षा और विस्तार ने 21–22 अक्टूबर, 2016 को 'शिक्षा नीति की रणनीति और प्रौढ़ शिक्षाः यूरोप और भारत का तुलनात्मक विश्लेषण' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

•एनाटॉमी विभाग (एलएचएमसी) ने 20 नवंबर 2016 को आईएसकेएसए और दिल्ली आर्थोपेडिक एसोसिएशन के तत्वावधान में 'कैडवेरिक संयुक्त संरक्षण' पर कार्यशाला का आयोजन किया।

• मानव विज्ञान विभाग ने 21 जून, 2017 को 'योग और राष्ट्र निर्माणः एक मानव विज्ञान परिप्रेक्ष्य' पर कार्यशाला आयोजित की।

• एनेस्थिसियोलॉजी विभाग (एलएचएमसी) ने अगस्त 2017 में 'एन–एम सिस्टम एलए ड्रग्स, नर्व ब्लॉक्स' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया।

• अरबी विभाग ने राजा अब्दुल्ला बिन अब्दुल अजीज इंटरनेशनल सेंटर रियाद, के एसए के सहयोग से 1–7 अप्रैल, 2017 के दौरान अरबी शिक्षकों के लिए शिक्षण विधियों पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

• जैव–रसायन विभाग ने 18 मार्च, 2017 को यूजीसी के माध्यम से एसएपी कार्यक्रम, 'रोग जीवविज्ञान और रोग प्रबंधन में प्रगति' पर संगोष्ठी का आयोजन किया।

• बायोकेमेस्ट्री विभाग (यूसीएमएस) ने 22–25 अक्टूबर, 2016 को दिल्ली के वल्लभभाई पटेल वक्ष संस्थान, दिल्ली विश्वविद्यालय में 'आईसीएआईआईसीओएन–2016' स्वर्ण जयंती सम्मेलन का आयोजन किया।

• जैविक विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग (एनएसआईटी) ने 17 फरवरी, 2017 को 'विकासशील राष्ट्रों से विकसित विश्व के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में विपरीत नवाचार' पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया, प्रोफेसर माइकल फ्रिएबे इस संगोष्ठी के संसाधन व्यक्ति थे।

• वनस्पति विज्ञान विभाग ने 18 मार्च, 2017 को 'प्रीडेटरी पत्रिकाओं में पहचान और प्रकाशन से बचनाः शोधकर्ताओं के लिए एक सबक' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

• व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग ने 1 अक्टूबर, 2016 को दिल्ली के दक्षिणी परिसर के एसपी जैन सेंटर में 'सुनहरे भारत का निर्माण – संभावनाओं को सुधारना और उन्मुक्त करना' पर तैंतालीसवें वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया।

• विज्ञान शिक्षा और संचार केंद्र ने 11 से 16 अक्टूबर 2016 तक महिला उद्यमियों के लिए राष्ट्रीय कौशल संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

• रसायन विज्ञान विभाग ने 14–16 नवंबर 2016 को (प्रोफेशनल अशोक के. प्रसाद द्वारा आयोजित ओएनजीसी, आईसीएमआर, डीआरडीओ द्वारा वित्तपोषण सहायता) 'कार्बोहाइड्रेट केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी में नई सीमाओं' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

• कंप्यूटर विज्ञान विभाग ने 13 जुलाई, 2016 को एल्गोरिदम– 2016 पर एक संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया।

• सामुदायिक चिकित्सा विभाग (एलएचएमसी) ने विश्व स्वास्थ्य दिवस–2016 समारोह का आयोजन किया।

• सामुदायिक चिकित्सा विभाग (एमएएमसी) ने 10–11 नवंबर, 2016 को 'भारत में डब्लूएचओ कान और श्रवण सर्वेक्षण प्रोटोकॉल की क्षेत्रीय जांच' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

• वाणिज्य विभाग ने 4–5 नवंबर 2016 को 'आरंभ से स्थिरता तकः पहलें और चुनौतियां' पर दो दिवसीय 5वें वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य सम्मेलन का आयोजन किया।

• विज्ञान, नैतिकता और शिक्षा के डी.एस. कोठारी केंद्र ने 19 –20 जनवरी, 2017 को भारत अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली के सहयोग से मूल्य, नैतिकता और शिक्षा पर दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया।

• पूर्व एशियाई अध्ययन विभाग ने 12–13 नवंबर, 2016 को जेएनयू, चीनी अध्ययन संस्थान, बीजिंग लू जुन फाउंडेशन, बीजिंग और अंतर्राष्ट्रीय लू जुन अध्ययन की सोसाइटी, सियोल के सहयोग से 'एक काव्य वार्ताः लू जुन और टैगोर' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

• अर्थशास्त्र विभाग ने 13–15 दिसंबर, 2016 को अपने 11वें वार्षिक सम्मेलन में 'शीतकालीन विद्यालय 2016' का आयोजन किया।

• शिक्षा विभाग ने 10–11 अक्टूबर, 2017 को 'शिक्षक शिक्षाः वर्तमान परिदृश्य और भविष्य की संभावनाएं' पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

• अंग्रेजी विभाग ने 24–25 फरवरी, 2017 को 'इतिहास, संस्कृति और साहित्यः हाशिये को पढ़ना' पर स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज के सहयोग से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

• जियोलॉजी विभाग ने 27 जनवरी, 2017 को 'जीवविज्ञान शिक्षाः एक समतावादी परिप्रेक्ष्य' पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

• जर्मन और रोमांस अध्ययन विभाग ने 2–4 मार्च, 2017 को 'समकालीन साहित्य में नए प्रयोग' पर वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

• भारत सरकार के केंद्रीय हिंदी निदेशालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के हिंदी विभाग ने 4 फरवरी, 2017 को 'सांस्कृतिक रेश्तरावाद और हिंदी' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया।

• वित्तीय अध्ययन विभाग ने 15 अक्टूबर, 2016 को भारतीय वित्तीय क्षेत्र में जोर और चुनौतियां –आगे के रास्ते– विषय पर अपना चौबीसवां वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया।

• जर्मन और रोमांस अध्ययन विभाग ने 2–4 मार्च, 2017 को 'समकालीन साहित्य में नए प्रयोग' पर वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

• विधि केंद्र – प्रथम ने 16–17 सितंबर, 2016 को 'महिलाओं से संबंधित कानून' पर एनसीडब्ल्यूईबी द्वारा वित्त पोषित दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

• विधि केंद्र – द्वितीय ने डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की 125वीं जयंती पर 14 अप्रैल, 2016 को संगोष्ठी का आयोजन किया।

• विधि संकाय ने 18–20 नवंबर, 2017 को भारत के स्वतंत्र होने के सत्तर वर्षों के बाद 'सामाजिक और आर्थिक न्याय : घरेलू और वैश्विक चुनौतियां' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

• भाषा विभाग ने 27–28 फरवरी, 2017 को 'भाषाविज्ञान और हिंदी की शिक्षा एवं विदेशी भाषा के रूप में अन्य भारतीय भाषाएं' पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

• मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (एमएएमसी) ने 13 सितंबर, 2016 को 'तम्बाकू का समापन – एक ऑस्ट्रेलियाई अनुभव' पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

• गणित विभाग ने 14–15 अक्टूबर, 2016 को दिल्ली विश्वविद्यालय के गणित विभाग में प्रोफेसर बाल किशनदास की सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनके सम्मान में 'बीजगणित, विश्लेषण, कोडिंग और क्रिप्टोग्राफी' पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

• माइक्रोबायोलॉजी विभाग (एलएचएमसी) ने विश्व स्वास्थ्य संगठन, एनसीडीसी और एलएचएमसी के तत्वावधान में 14–20 नवंबर, 2016 को विश्व एंटीबायोटिक जागरूकता सप्ताह के दौरान एएमआर जागरूकता कार्यक्रम और संगोष्ठी का आयोजन किया।

• माइक्रोबायोलॉजी विभाग (यूसीएमएस) ने 10 सितंबर, 2016 को यूसीएमएस और एम्स, नई दिल्ली द्वारा संयुक्त रूप से 'एंटीबायोटिक प्रतिरोध, नवीनीकृत भय' पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

• आधुनिक भारतीय भाषा और साहित्यिक अध्ययन विभाग ने 9–10 मार्च, 2017 को 'साहित्यिक संबंधः भारत और विश्व' पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

• संगीत विभाग ने 30–31 अगस्त 2016 को दो दिवसीय संगीत कार्यक्रम मल्हार उत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. कपिला वात्स्यायन ने दो दुर्लभ संगीत वाद्य यंत्र भेंट किये जिन्हें पहले उनकी माँ बजाया करती थी।

• प्रसूति एवं स्त्रीरोग विभाग (एमएएमसी) ने 5 फरवरी, 2017 को 'बंध्यता और सहायता प्रजनन' सम्मेलन का आयोजन किया।

• प्रसूति एवं स्त्रीरोग विभाग ने 11 नवम्बर, 2016 को एओजीडी के तत्वावधान में दिल्ली के होटल अशोक में 'उन्नत स्त्री.रोग' पर वीडियो कार्यशाला का आयोजन किया।

• संचालन अनुसंधान विभाग ने 24 फरवरी, 2017 को 'डेटा विज्ञान और बिग डेटा विश्लेषण' पर कार्यशाला का आयोजन किया।

• ऑर्थोपेडिक्स विभाग (एमएएमसी) ने 1–4 फरवरी, 2017 को 'ऑर्थोपेडिक्स में सत्रहवें स्नातकोत्तर निर्देशात्मक पाठ्यक्रम' आयोजित किया।

• ऑप्थल्मोलॉजी विभाग (एलएचएमसी) ने 2 सितंबर 2016 को एमओएचएफडब्ल्यू की मदद से एलएचएमसी में आयोजित 'नेत्र दान' पर एक दिन के अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

• पैथोलॉजी विभाग (एलएचएमसी) ने 4 फरवरी, 2017 को इंडियन अकेडमी ऑफ साइकोपैथालॉजिस्ट के दिल्ली अध्याय के तत्वावधान में 'गायनाकोलॉजिक साइटोलॉजी' पर कार्यशाला आयोजित की।

• पैथोलॉजी विभाग (एमएएमसी) ने अगस्त, 2016 में पैथोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी की भारतीय अकादमी के दिल्ली अध्याय की एक त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई।

• औषध विज्ञान विभाग (एमएएमसी) ने 18 फरवरी, 2016 को मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज और एसोसिएटेड अस्पतालों में काम करने वाले डॉक्टरों और नर्सों के लिए रोगी सुरक्षा के फार्माकोविजिलेंस का आयोजन किया।

•दर्शनशास्त्र विभाग ने 9 से 10 जनवरी 2017 को वाशिंगटन डीसी के मूल्य और दर्शन पर अनुसंधान केंद्र और रामानुजन कॉलेज, नई दिल्ली के सहयोग से आईसीपीआर, नई दिल्ली के प्रायोजन के साथ ''मानव को फिर से समझना वैश्विक युग में न्याय और जिम्मेदारी'' आयोजित किया।

• शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान विभाग ने प्रो. वेर्लिन बी. हिंसज, मनोविज्ञान विभाग, नॉर्थ डकोटा स्टेट यूनिवर्सिटी, फार्गो, नॉर्थ डकोटा, यूएसए द्वारा ''प्रेरक प्रदर्शन के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के प्रभावी उपयोग'' पर संगोष्ठी आयोजित की।

• शारीरिक चिकित्सा और पुनर्वास विभाग (एलएचएमसी) ने 2 अप्रैल 2016 को बाल चिकित्सा विभाग के सहयोग से ''आत्मकेंद्रित जागरूकता पर माता–पिता उन्मुखीकरण कार्यशाला'' का आयोजन किया।

• भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली ने 7–11 नवंबर, 2016 के दौरान ''तकनीकी रूप से उन्नत सामग्री'' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और फेरोइलेक्ट्रिकिटी पर एशियाई बैठक (आईसीटीएएम–एएमएफ 10) का आयोजन किया

• प्लांट आणविक जीवविज्ञान विभाग ने 25 नवंबर, 2016 को बायोटेक बिल्डिंग, यूडीएससी, नई दिल्ली में नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेस, इंडिया (एनएसआई) के एनएसआई अवॉर्ड लेक्चर का आयोजन किया।

• राजनीति विज्ञान विभाग ने 5–6 दिसंबर, 2016 को लीवरह्यूम परियोजना के तहत ''भारतीय संघवाद में निरंतरता और परिवर्तन'' पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया।

• मनोविज्ञान विभाग ने 9–10 मार्च, 2017 को ''उभरते हुए असुरक्षाओं के रूप : संवाद, व्याख्यान और वाद–विवाद" पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

• पंजाबी विभाग ने साहित्य अकादमी दिल्ली के सहयोग से 22–23 सितंबर, 2016 को ''बहु–संस्कृतिः, पहचान की समस्या और पंजाबी साहित्य'' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

• संस्कृत विभाग ने दक्षिणी दिल्ली परिसर में 11–12 मार्च 2016 को ''वर्तमान विश्वविद्यालय प्रणाली में संस्कृत शास्त्रों की शिक्षा'' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

• स्लावोनिक और फिनो–उग्रीयन अध्ययन विभाग ने 25–26 अक्टूबर 2016 को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ''अनुवाद कला, क्राफ्ट और क्रॉस–सांस्कृतिक अभ्यास'' का आयोजन किया। इस सम्मेलन में स्लावोनिक देशों, हंगरी, भारत और बांग्लादेश के शिक्षाविद, अनुवादक और अनुसंधान विद्वानों को मिलने का अवसर मिला।

• सामाजिक कार्य विभाग ने महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष पुलिस इकाई (एसपीयूडब्ल्यूसी) और एएचएडी सोसाइटी फॉर वेलफेयर एंड डेवलपमेंट के सहयोग से पुलिस स्टेशनों और कॉलेजों में लिंग संवेदनशीलता प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया।

• समाजशास्त्र विभाग ने 23–24 मार्च, 2017 को ''घटना और प्रति दिनः अनुभवों और सिद्धांत'' पर कार्यशाला का आयोजन किया।

• सांख्यिकी विभाग ने 10 फरवरी, 2017 को एसटीपीआई के महानिदेशक श्री ओंकार राय द्वारा 'आईटी सेक्टर में सांख्यिकी की भूमिका' पर संगोष्ठी का आयोजन किया।

• सर्जरी विभाग (एमएएमसी) ने 26 सितंबर 2016 से 1 अक्टूबर, 2016 के दौरान एक सर्जरी अद्यतन का आयोजन किया।

• जूलॉजी विभाग ने 21–24 फरवरी, 2017 को '21 वीं सदी में जैविक समय और स्वास्थ्य मुद्दों' पर भारत–अमेरिकी कार्यशाला और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

विश्वविद्यालय व्याख्यान श्रृंखला

राजदूत व्याख्यान श्रृंखला

दुनिया के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने और पारस्परिक रूप से लाभप्रद तरीके से विचारों और बौद्धिक संसाधनों के अंतर्राष्ट्रीय आदान–प्रदान को बढ़ाने के उद्देश्य से, दिल्ली विश्वविद्यालय ने विदेश मंत्रालय (नीति

नियोजन और अनुसंधान प्रभाग), के साथ मिलकर एक राजदूत व्याख्यान श्रृंखला आरंभ की है। यह श्रृंखला दिल्ली विश्वविद्यालय में सीखने का एक अभिनव माहौल बनाने की दिशा में एक कदम है।

भारत सरकार के 'पड़ोस नीति' को आगे बढ़ाने में भारत–नेपाल रिश्ते पर 31 मार्च 2017 को पहला राजदूत सत्र आयोजित किया गया था। सत्र के प्रसिद्ध वक्ता थे महामहिम श्री दीप कुमार उपाध्याय, राजदूत, नेपाल और श्री शिवशंकर मुखर्जी (नेपाल में भारत के राजदूत, 2004–2008)। चर्चा में एक राजदूत और विदेशी मामलों के विशेषज्ञों के एक उत्कृष्ट समूह ने भाग लिया, जिनमें श्री जयंत प्रसाद, महानिदेशक–आईडीएसए, प्रोफेसर एस डी मुनी, प्रोफेसर एमेरिटस जेएनयू और श्री डी.पी. त्रिपाठी, सांसद (राज्यसभा) शामिल थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में नेपाल के छात्रों और नेपाली खाद्य महोत्सव द्वारा आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यशाला से बढ़ते भारत–नेपाल रिश्तों को स्पष्ट किया गया।

पर्सिपिएंस पूर्व प्रतिष्ठित छात्र व्याख्यान श्रृंखला

दिल्ली विश्वविद्यालय ने प्रत्यक्ष ज्ञान (पर्सिपेंस) – प्रख्यात पूर्व छात्रवृत्ति श्रृंखला की शुरुआत की ताकि दिल्ली के मूल विश्वविद्यालय और इसके विशाल सार्वभौमिक प्रवासी पूर्व छात्रों के बीच के संबंध को मजबूत किया जा सके। इस व्याख्यान श्रृंखला से पूर्व छात्रों के साथ विश्वविद्यालय के सार्थक संबंधों के बढ़ने और समृद्ध होने की उम्मीद है।

इस श्रृंखला में पहला व्याख्यान 1 मार्च, 2017 को पद्म विभूषण डॉ. कपिला वात्स्यायन के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र था, जिन्होंने 1946 में हिंदू कॉलेज से स्नातक और 1948 में अंग्रेजी विभाग से स्नातकोत्तर पूरा किया। डॉ. वात्स्यायन शास्त्रीय भारतीय नृत्य, भारतीय कला और संस्कृति और कला इतिहासकार हैं। उन्होंने लगभग 20 पुस्तकों और 200 शोध पत्र तैयार की है। उन्हें पद्म श्री और पद्म विभूषण सहित अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं।

शहीद दिवस

दिल्ली विश्वविद्यालय ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए 23 मार्च, 2017 को वाइसराय लॉज के काउंसिल हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय के परिसर से जुड़ी ऐतिहासिक विरासत का प्रदर्शन किया। लगभग 250 स्कूल छात्रों को देशभक्ति और भक्तिपूर्ण गीतों के गायन, शहीद भगत सिंह के जीवन पर निर्मित वृत्तचित्र के प्रदर्शन शहीद भगत सिंह और उनके सहयोगियों की जेल डायरी को पढ़ने के जरिए महान शहीदों के जीवन से परिचित कराया गया।

विश्वविद्यालय में इन्क्यूबेशन सेंटर

क. इलेक्ट्रोप्रेन्युर पार्क

इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम) में स्टार्ट–अप का समर्थन करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) और इंडिया इलेक्ट्रोनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) के तत्वावधान में इलेक्ट्रोप्रेन्युर पार्क स्थापित किया गया है। पार्क के मुख्य उद्देश्यों में भारत के लिए इस योजना के माध्यम से उत्पादित उत्पादों और अन्य विकास बाजार, विभिन्न स्तरों पर रोजगार के सृजन, रणनीतिक क्षेत्रों के साथ दीर्घकालिक भागीदारी का निर्माण के लिए प्रोटोटाइप, विकास और व्यावसायीकरण के दौरान सहायता प्रदान करना, बौद्धिक संपदा बनाने के लिए भारत में

ईएसडीएम क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास, नवाचार, उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण शामिल है। इलेक्ट्रोप्रन्युर पार्क में स्टार्टअप्स द्वारा उपलब्धियां शामिल हैं:

- 9 आईपी पेटेंट दायर
- 7 उत्पाद लॉन्च
- 4 वित्तपोषित स्टार्टअप
- 6 करोड़ का राजस्व उत्पन्न

इलेक्ट्रोप्रेन्युर पार्क में ऊष्मायन और पूर्व ऊष्मायन के तहत किए जाने वाले प्रारंभ (स्टार्टअप) हैं:

- स्टारब्रु टेकसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड – भारतीय सेना के रेडियो सेट के लिए चित्र भेजने के लिए तैयार किए गए सामरिक एंड्रॉइड वायरलेस डेटा कार्ड (टीएडब्ल्यूडीसी)।
- स्टेमब्रो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड – ईएसडीएम सेक्टर में कौशल विकास के लिए स्कूलों और संस्थानों में इस्तेमाल किए जाने वाले कई इलेक्ट्रॉनिक विकास और शिक्षण किट की तैयारी।
- फिटनानो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड – बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और पालतू जानवरों के लिए पहनने योग्य आईओटी सुरक्षा और आईकार्ड सह समाधान मॉडल की एक श्रृंखला विकसित की है।
- यूनिवलैब्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड– ने एंडोस्कोपी और लैप्रोस्कोपी के लिए कई मेडिकल उपकरण और सहायक उपकरण तैयार किए हैं।
- दूरस्थ एनालिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड – एक वितरित ग्रिड में ऊर्जा उपयोग की निगरानी करने और अंतिम उपयोगकर्ता के लिए बिजली वितरण को नियंत्रित करने के लिए एक अनूठा समाधान तैयार किया है।
- ईवीआई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड – विद्युत वाहनों के लिए स्वदेशी तौर पर विकसित डीसी आधारित तेजी से चार्जिंग समाधान और चार्जिंग स्टेशन।
- ए जे सिंपली प्युरिफाई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड – घर और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों पर वायु प्रदूषण नियंत्रण और निगरानी के लिए सस्ते और अभिनव समाधान प्रदान करना।
- आईओटोमेशन इकोटेक प्राइवेट लिमिटेड – स्मार्ट रहने के लिए आईओटी आधारित वितरित परिसंपत्ति स्वचालन समाधान का विकास ।
- सेन्ट्रा टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड – कनेक्टेड वाहन प्लेटफार्म जो वाहन स्वास्थ्य, बेहतर सड़क सुरक्षा और डाटा चालित ऑनलाइन ड्राइवर बाजार की निगरानी में सक्षम बनाता है।
- रेजोनंट इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड – आईओटी आधारित, वायरलेस, रेट्रो–फिट, एनर्जी ऑडिट और नियंत्रण प्रणाली। ऊर्जा अनुकूलन के लिए अनुकूलन केंद्रीय लोड नियंत्रण और उन्नत विश्लेषणात्मक डैशबोर्ड प्रदान करना।
- ग्लेनएलेक – दिव्यांगों के लिए लागत प्रभावी, हल्के वजन के बांस आधारित एक्सोस्केलेटन का विकास।
- वीटी लैब्स – औद्योगिक और व्यावसायिक अनुप्रयोगों के लिए उच्च गति के उच्च क्षमता पावर कन्वर्टर्स का विकास करना।

ख. टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर

सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय द्वारा समर्थित टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर ने 'इन्क्ययूबेटरों के माध्यम से एसएमई के उद्यमशीलता और प्रबंधकीय विकास' योजना के अंतर्गत दिल्ली विश्वविद्यालय के क्लस्टर इनोवेशन सेंटर, (ड्यूकिक टीबीआई) के मुख्य उद्देश्य के साथ प्रौद्योगिकी बिजनेस इनक्यूबेटर का समर्थन किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य उभरते हुए तकनीकी और ज्ञान आधारित नवोन्मेषी उद्यमों को

प्रोत्साहित करना जो उद्यमों की पारंपरिक गतिविधियों से परे पेशेवरों के विचारों को पोषण करना है। एमएसएमई द्वारा अनुमोदित विचारों का विवरण निम्नलिखित हैः

•गणितीय गेम – नवल और अद्वितीय बोर्ड गेम जो गणित को इंटरैक्टिव और अधिक रोचक, पंजीकृत कंपनी बनाते हैं। उत्पाद बाजार में। निवेश की बातचीत यूआरएलः maginitiative.in

• एड रोब – विद्यालयों और कॉलेजों के लिए निर्माण रोबोटिक्स मॉड्यूल, जो पाठ्यक्रम से जुड़े सीखने को शामिल करते हैं, पंजीकृत कंपनी, बाजार में उत्पाद। यूआरएलः Imfundo.io

• साइन माई टूर – भारतीय साइन लैंग्वेज के माध्यम से सुनने वालों के लिए ऐतिहासिक स्मारकों का एक इंटरैक्टिव एप्लीकेशन तैयार करना, उत्पाद ''सिग्निटर'' नाम से विकसित और परीक्षित किया गया। यूआरएलः प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।

• पिक्स वेरा – सामग्री आधारित छवि पुनर्प्राप्ति आधारित ट्रेडमार्क (लोगो) खोज, उत्पाद विकसित और परीक्षित किया गया।

• आईडियाज मार्कट – छात्र नवाचारों का व्यावसायिक शोषण जो सिस्टम में खो गया है, पोर्टल लॉन्च किया गया। पंजीकृत कंपनी, यूआरएलः ideasmarkt.com

• सरवेडर – व्यापार सिफारिशों और विश्लेषण के लिए सास मंच, कई ग्राहकों के साथ सफल उद्यम। एक्सीलेटर उद्यम से 25 लाख रुपये का एक त्वरक धन प्राप्त किया। पूर्व–श्रृंखला निवेश के लिए उन्नत बातचीत चरण में यूआरएलः survaider.com

• परिधान मीडिया – क्यूआर कोड, होलोग्राफिक प्रिंटिंग, वर्चुअली संवर्धित मीडिया, संचार के उद्देश्य से, रचनात्मक विपणन, खरीदारी, व्यापार, शोध आदि के रूप में ऐपरल पर वस्तुतः कोडित जानकारी मुद्रित की गई। उत्पाद विकसित।

• चेनिनइंफोटेक – वेब तकनीक। ऐप्स, पंजीकृत साझेदारी फर्म ने कई मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किए हैं क्रम्बीली जीवनहैक्स श्रेणी में दुनिया में शीर्ष एप्लिकेशन हैं। यूआरएलः tnine.io

• लिथिक्स – ई–कॉमर्स, पंजीकृत कंपनी जो कला और शिल्प में एनजीओ संचालित करने के लिए बाजार प्रदान करती है। यूआरएलः lithics-in

ग. उद्यमशीलता और कैरियर उन्मुख कार्यक्रमों के लिए केंद्र (सीईसीओपी)

दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानों के शिक्षकों और छात्रों को कौशल प्रशिक्षण देने के लिए कैरियर उन्मुख कार्यक्रमों को संबोधित करने के लिए केंद्र स्थापित किया गया है।

घ. अभिनव और उद्यमशीलता विकास केंद्र (आईईडीसी)

युवा उद्यमी को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए आचार्य नरेन्द्रदेव कॉलेज में नवाचार और उद्यमिता विकास केंद्र (आईईडीसी) है, जो अकादमिक संस्थानों के बीच एक उद्यमशीलता संस्कृति विकसित करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, सरकार द्वारा प्रायोजित है।

ङ. एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से ऊष्मायन

उद्यमिता की भावना और विद्यार्थियों के नेतृत्व और प्रगतिशील व्यावसायिक विचारों के प्रति उत्साह के दृष्टिकोण के साथ, दिल्ली विश्वविद्यालय के आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज (एआरएसडी) ने केंद्र की स्थापना की। यह उद्यमी

नेतृत्व (सीआईईएल), प्रौद्योगिकी बिजनेस इनक्यूबेटर टीबीआई), भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय द्वारा समर्थित है।

शैक्षणिक समुदाय–उद्योग सम्बद्धता

विश्वविद्यालय के सांविधिक प्रावधान विश्वविद्यालय का उद्योग, ट्रेड, व्यापार, पत्रकारिता, संगीत, साहित्य, दृश्य और प्रदर्शन कला जैसे विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ ताल–मेल को बढ़ावा देते हैं। शैक्षणिक समुदाय–उद्योग सम्बद्धता को प्रोत्साहित करने के लिए, विश्वविद्यालय सक्रिय रूप से निम्नलिखित तरीकों से जुड़ा हुआ है :

• प्रबंध अध्ययन, सामाजिक विज्ञान, अंतर–विषयक और अनुप्रयुक्त विज्ञान, वाणिज्य, अनुप्रयुक्त समाज विज्ञान और मानविकी, चिकित्सा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, क्लस्टर नवाचार केंद्र, सूचना और संचार संस्थान संकायों ने उद्योगपतियों के साथ एक सक्रिय इंटरफेस स्थापित किया है।

• विश्वविद्यालय के कई संकाय सदस्य अपने क्षेत्रों में विशेषज्ञता के आधार पर उद्योग, मंत्रालयों और सरकारी संगठनों; यूनेस्को/एसएनए/सीडी जैसेकि यूनेस्को/एसएनए/सीडीय स्च्लूम्बेर्गेर आयल; जल संसाधन मंत्रालय; हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल); टीपीडीडीएल; मैसर्स स्पैन डायग्नोस्टिक्स लिमिटेड सूरत (एम/एस आर्के हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड सूरत); मैसर्स यशराज बायोटेक्नोलॉजी लिमिटेड, मुंबई (वाईबीएल); डीआरडीओ; एनएचपीसी लिमिटेड; एनएडीपी (व्यवसाय प्रबंधन और औद्योगिक प्रशासन विभाग); गेल (इंडिया) लिमिटेड; आईआरसीटीसी; ब्रिटानिया लिमिटेड; आईसीएसएसआर; सेवा–टीएचडीसी; सीबीएम; महिला एवं बाल विकास विभाग; इंडो ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी (आईजीएसएसएस); ऑक्सफाम इंडिया; दुगार हाइड्रो पावर लिमिटेड; एवीए ; आरएस एनवाइरल लिंक प्राइवेट लिमिटेड को परामर्श सेवाएं प्रदान करते हैं।

विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन

दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने अकादमिक आदानों और अनुभवों को समृद्ध करने के लिए प्रमुख संस्थानों के साथ अकादमिक सहयोग की अपनी परंपरा कायम रखी है। विश्वविद्यालय ने अपने इस प्रयास में विश्व स्तर की कई संस्थानों के साथ अकादमिक और अनुसंधान सहयोग के लिए हस्ताक्षर किए हैं। रिपोर्टिंग अवधि में समझौता ज्ञापनों और करारो में शामिल हैं :

• टोक्यो विश्वविद्यालय, जापान

• पॉट्सडैम विश्वविद्यालय, जर्मनी

• लीडेन विश्वविद्यालय, नीदरलैंड

• ग्रेट जिम्बाब्वे विश्वविद्यालय

समान अवसर सेल

विश्वविद्यालय के समान अवसर सेल रिपोर्ट की अवधि के दौरान दिव्यांगजनों को सतत समर्थन प्रदान करता रहा है। इसमें स्वयंसेवा समर्थित सेवाएं प्रदान करना, उच्च तकनीक कंप्यूटर प्रयोगशाला तक अभिगम्यता, सुलभ प्रारूप में पठन सामग्री, सीमित परिवहन सुविधा आदि शामिल है।

समान अवसर सेल ने विक्लांगों के अधिकार अधिनियम, 2016 के अधिकारों के प्रावधानों को लागू करने के लिए कदम उठाए हैं, विशेषकर प्रवेश में। इसके अन्य कार्यकलापो में ई–टेक्स्ट प्रारूप में लघु अवधि के पाठ्यक्रमों और सामग्रियों का रूपांतरण करना शामिल हैं।
इसके अलावा समान अवसर सेल ने किंग्स कॉलेज, लंदन के साथ सहयोगी कार्यक्रम के तहत जनवरी, 2017 में मैक्सिको में "विकलांगता पर वार्ता" नामक कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्वायत्त विश्वविद्यालय (यूएनएएम) के अंतर्राष्ट्रीय दौरे में आयोजन किया।

यह विश्वविद्यालय के दिव्यांग छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अभिग्रहण का अनुभव था। इसके अलावा समान अवसर सेल ने राष्ट्रीय दृष्टिबाधित संस्थान, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के लगभग 150 दृष्टिहीन छात्रों को स्मार्ट फोन और स्मार्ट केन्स वितरित किये ।

स्थापन गतिविधियाँ

विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और विभागों में स्नातकपूर्व, स्नातकोत्तर और पीएच.डी. के छात्रों के लिए रोजगार के अवसरों की व्यवस्था के लिए एक केंद्रीय नियोजन सेल है। इंटर्नशिप पंजीकरण को मिलाकर छात्रों की कुल संख्या 16000 से अधिक है। इस वर्ष उत्तरी और दक्षणी कैम्पस में ऑन–कैंपस अभियान चलाने के लिए कुल 35 कंपनियों को सूचीबद्ध किया गया था। विभिन्न कंपनियों ने 1500 से अधिक छात्रों को नौकरी की पेशकश के लिए चयन किया और 1100 छात्रों को आकर्षक वेतन पैकेज के साथ विभिन्न सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रोजगार मिला। इस वर्ष नियमित सीपीसी गतिविधियों के साथ–साथ क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के तहत प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों को कैरियर में विशेष मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया।

केन्द्रीय नियोजन सेल, छात्र कल्याण संकाध्यक्ष के तहत नियोजन सेल सलाहकार समिति समिति की सलाह से कार्य करता है, जिसमें सभी कॉलेजों और विभागों के उप–संकाध्यक्ष छात्र कल्याण, सलाहकार और नियोजन समन्वय शामिल हैं।

सलाहकार समिति नियोजन सेल के कामकाज की निगरानी और मार्गदर्शन करता है। छात्रों के लिए उनके नेतृत्व कौशल विकसित करने हेतु विभिन्न क्षमता संवर्धन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए ।

कई विभागों में आजीविका मार्गदर्शन और छात्रों की भर्ती के लिए उनके अपने नियोजन सेल हैं। कुछ विभागों में जैसे कि जैव–रसायन विज्ञान विभाग, व्यापार आर्थिकी, वाणिज्य, पूर्वी एशियाई अध्ययन, अर्थशास्त्र, सामाजिक कार्य, सांख्यिकी और प्रबंधन अध्ययन संकाय में नियोजन दर अधिक है।

कौशल संवर्धन गतिविधियाँ

विश्वविद्यालय ने 2015–16 के सत्र से स्नातक–पूर्व कार्यक्रमों के लिए चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) लागू किया है। बी.एस.सी. (ऑनर्स)/बीए./बी.एस.सी. कार्यक्रमों में कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम शामिल किये गए जिनमें इन मूल्य–आधारित और/या कौशल–आधारित पाठ्यक्रमों का उद्देश्य हस्त–प्रशिक्षण, दक्षता, कौशल आदि प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय सक्रिय रूप से "पंडित दीन दयाल उपाध्याय केंद्र के अंतर्गत" कुशल मानव क्षमताओं और जीवन स्तर (कौशल)" के उन्नयन हेतु विभिन्न स्तरों पर उद्योग आवश्यकताओं के लिए कुशल श्रमशक्ति बनाने में शामिल है। विश्वविद्यालय ने अपने छात्रों के लिए कौशल आधारित पाठ्यक्रमों की शुरुआत हेतु राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। विश्वविद्यालय कौशल विकास को बढ़ावा देने और पर्यटन प्रबंधन, कार्यालय प्रबंधन व सचिवालीय पद्धति प्रबंधन और मानव बीमा संसाधन प्रबंधन का विपणन आदि जैसे क्षेत्रों में रोजगार बढ़ाने के लिए अपने चार महाविद्यालयों (कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज, जीसस और मैरी कॉलेज, रामानुजन कॉलेज और कालिंदी कॉलेज) में स्नातक कार्यक्रम भी प्रदान करता है।

सामाजिक अभिगम्यता

विश्वविद्यालय राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के प्रयास के रूप में अपनी अभिगम्यता और सामुदायिक भागीदारी गतिविधियों के माध्यम से व्यक्तियों, समाज और राष्ट्र की सेवा करने के लिए समर्पित है। विभाग सांस्कृतिक कार्यक्रमों नाटकों आदि आयोजित करते हैं जिनमे महिला सशक्तिकरण जैसे सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। विश्वविद्यालय ने समुदाय के साथ संबंध सुदृढ़ बनाने के लिए, यूजीसी की सामुदायिक कॉलेज योजना को भी अपनाया है। इस योजना के अंतर्गत, नजदीकी कॉलेजों को स्थानीय स्तर पर कम लागत और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से सामुदायिक कॉलेजों के रूप में नामित किया है, जिसमें कौशल विकास और पारंपरिक अभ्यास दोनों शामिल हैं, जो शिक्षार्थियों को सीधे रोजगार प्राप्त करने या उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं।

विश्वविद्यालय ने एक सामुदायिक विकास सेल की स्थापना की है। इस सेल के अंतर्गत पांच गांव – जगतपुर, झरोदा मजारा, मुकुंदपुर, बदरपुर खादर और बकियाबाद को अंगीकृत किया गया है। इन गांवों में विशिष्ट उपलब्धियों में परिवहन, जल, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित समस्याओं के समाधान से संबंधित मूलभूत संरचनाओं में वृद्धि के लिए समुदाय आधारित पहलें शामिल हैं। मोहल्ला क्लिनिक और मोबाइल वैन की स्थापना से संपोषणीय स्वास्थ्य सेवाओं का सृजन तथा नियमित स्वास्थ्य कैंपों का आयोजन जिन्होंने सड़कों और नालियों की सफाई और एमसीडी के सहयोग से छिड़काव और फॉगिंग तथा रैलियों का आयोजन करके डेंगू की रोकथाम हेतु जानकारी का प्रसार, अंत–संवाद और पम्फ्लेटो के वितरण में उत्कृष्ट भागीदारी की। कचरे के डिब्बे की व्यवस्था, अवक्रमित और गैर–अपशिष्ट कचरे के पृथक्करण, गांवों में नालियों की नियमित सफाई की गई । समाज के विभिन्न वर्गों के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं तक पहुंचने के लिए समुदाय के निवासियों को प्रोत्साहित किया गया। एक छात्र की टीम ने मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड जारी करने और मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड जारी करके अपनी कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए गांव के किसानों की मदद करने का भी काम किया। उन्नत भारत अभियान एक अन्य पहल है जो ग्रामीण समुदाय के विकास के लिए महिलाओं के समूहों, स्वयं सहायता समूहों, युवा समूहों, सहकारी समितियों जैसे समुदाय आधारित समूहों के सृजन/सुदृढ़ीकरण के माध्यम से काम कर रहा है और प्रासंगिक विषयों जैसे कि स्वच्छता और स्वास्थ्य, पोषण, महिलाओं की सुरक्षा, लिंग समानता, महिला सशक्तिकरण, माइक्रो क्रेडिट और आरटीआई जैसे विषयों पर जागरूकता पैदा कर रही है।

खेलों में उत्कृष्टता

खेलों में उत्कृष्टता

दिल्ली विश्वविद्यालय के तीन छात्र सुश्री अपूर्वी चंदेल (शूटिंग), सुश्री मनीका बत्रा (टेबल टेनिस) और ललित माथुर (एथलेटिक्स) ने रियो ओलंपिक 2016 में देश का प्रतिनिधित्व किया।

दिल्ली विश्वविद्यालय के दस खिलाड़ी सितंबर 2016 में बीडगोस्जेज (पोलैंड) में 6वें विश्व विश्वविद्यालय शूटिंग स्पोर्ट चौंपियनशिप 2016 में भारतीय विश्वविद्यालय टीम के दल का हिस्सा बने :

श्री ईशान गोयल

सुश्री दिलरीन गिल

सुश्री अदिति सिंह

श्री राहुल खत्री

सुश्री संजना सेहरावत

श्री युवराज कुमार महाजन

श्री अर्जुन मान

सुश्री महिमा कुमार महाजन

सुश्री सजनीत कौर रेहल

सुश्री सर्वेश्वरी कुमारी

पांच पदक विजेता हैं **:**

सुश्री दिलरीन गिल ने 10 मीटर एयर राइफल टीम (महिला) में स्वर्ण पदक जीता।

सुश्री सजनीत कौर रेहल और सुश्री महिमा कुमार महाजन नें ट्रैप टीम (महिला) में रजत पदक जीता।

सुश्री सर्वेश्वरी कुमार ने स्किट टीम (कांस्य) में कांस्य पदक जीता।

श्री युवराज कुमार महाजन ने ट्रैप टीम (पुरुष) में कांस्य पदक जीता।

पचहत्तर खिलाड़ियों ने क्षेत्र और अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय टूर्नामेंट (पुरुष और महिला) बैडमिंटन (महिला), शतरंज (पुरुष), शतरंज (महिला), क्रिकेट (पुरुष), डाइविंग (महिला), जूडो (महिला), शूटिंग (पुरुष और महिला), स्क्वैश रैकेट (पुरुष), तैराकी (महिला) टेबल टेनिस (पुरुष और महिला), टैकंड़ो तायक्वोंडो (पुरुष), टेनिस (महिला) में स्वर्ण पदक जीत कर दिल्ली विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया ।

एक सौ छब्बीस खिलाड़ियों ने उत्तरी क्षेत्र और अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय टूर्नामेंट तीरंदाजी (महिला), ऐथ्लेटिक्स (महिला), बैडमिंटन (महिला।), बेसबॉल (पुरुष), मुक्केबाजी (महिला।), क्रिकेट (पुरुष) में , डाइविंग

(महिला), फुटबॉल (महिला), गटका (पुरुष), जिमनास्टिक (पुरुष), जूडो (महिला), शूटिंग (पुरुष और महिला), टेबल टेनिस (महिला), भारोत्तोलन (महिला), पावर लिफ्टिंग (महिला), कुश्ती (पुरुष), योग (महिला) में रजत पदक जीते ।

एक सौ पंद्रह खिलाड़ियों ने उत्तरी क्षेत्र और अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय टूर्नामेंट मे एथलेटिक (महिला), बेसबॉल (महिला), बास्केटबॉल (पुरुष), मुक्केबाजी (पुरुष), क्रिकेट (महिला), शतरंज (महिला) कोर्फबॉल (मिश्रित), गटका (महिला), जिमनास्टिक (महिला), तीरंदाजी (पुरुष और महिला), स्क्वैश रैकेट (पुरुष), तैरना (पुरुष और महिला), टेनिस (पुरुष), कुश्ती (पुरुष) में कांस्य पदक जीते। (अनुबंध–II)

अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय टूर्नामेंट 2016–17 में टीम चौम्पियनशिप :

दिल्ली विश्वविद्यालय तीरंदाजी (पुरुष और महिला) टीम ने अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय तीरंदाजी (पुरुष और महिला) चैम्पियनशिप 2016–17 में तीरंदाजी समग्र चैंपियनशिप (पुरुषों और महिलाओं) में रजत पदक जीता।

दिल्ली विश्वविद्यालय जिम्नास्टिक (महिला) ने जिम्नास्टिक रिथमिक और जिम्नास्टिक (महिला) टीम ने अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय जिम्स्टैस्टिक (महिला) चौम्पियनशिप 2016–17 में कांस्य पदक जीता।

दिल्ली विश्वविद्यालय की तीरंदाजी (पुरुष) टीम ने अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय तीरंदाजी (पुरुष और महिला) चौम्पियनशिप 2016–17 मे तीरंदाजी कंपाउंड और तीरंदाजी (महिला) टीम में तीरंदाजी रिकर्व में रजत पदक जीता।

दिल्ली विश्वविद्यालय की गतका (महिला) टीम ने अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय गतका (पुरुष और महिला) चैम्पियनशिप 2016–17 में सिंगल स्टिक इवेंट में स्वर्ण पदक जीता और गतका (पुरुष) टीम ने सिंगल स्टिक इवेंट में कांस्य पदक जीता ।

गुणवत्ता पहल

विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय में शिक्षण और अभिग्रहण की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई गुणवत्ता पहल की है। दिल्ली विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन के हिस्से के रूप में प्रत्येक विभाग केंद्र ने निम्न क्षेत्रों में गुणवत्ता संवर्धन के लिए नियमित आधार पर गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम आयोजित किए :

1–शिक्षण और अभिग्रहण
2–आचारनीति
3–अनुसन्धान
4–ई–संसाधन ऑनलाइन डेटाबेस
5–सामाजिक अभिगम्यता

छात्र अनुभव सर्वेक्षण

विश्वविद्यालय ने अभिनव छात्र अनुभव सर्वेक्षण के माध्यम से स्नातकोत्तर छात्रों से वर्गीकृत प्रतिपुष्टि लेना शुरू किया है। यह छात्रों के पूरे अकादमिक अनुभव प्राप्त होते हैं और सभी क्षेत्रों में सतत बेहतर प्रदर्शन के लिए विभागों को सुझाव मिलता है। "समग्र अकादमिक अनुभव" के लिए सभी प्रतिक्रियाओं (सभी विभागों/केंद्रों में) के लिए

औसत रेटिंग औसत से काफी अधिक है, अर्थात अच्छा और बहुत अच्छा के बीच। सभी प्रतिक्रियाओं में 90% छात्रों ने स्वीकार किया कि वे अन्यों को विश्वविद्यालय की अनुशंसा करेंगे।

मानदंड कवायद

विश्वविद्यालय की मानदंड कवायद भी विश्वविद्यालय का अनूठा प्रयास है जिसमे विभागों द्वारा उच्च शिक्षा संस्थान के लिए समकालीन रूप से प्रासंगिक सभी मानदंडों पर वैश्विक मानदंडों और मानकों की तुलना में स्व–मूल्यांकन किया जाता है। यह प्रयास आत्म सुधार के लिए एक अंतर्निहित तंत्र है। मानदंड कवायद से प्रत्येक विभाग द्वारा निम्न तरीकों से गुणवत्ता पहल के आकलन मानदंड के रूप में तैयार करने में सहायता मिली है :

- इससे श्रेष्ठ निष्पादकों की तुलना में विभागों के मौजूदा मापदंडों के बीच खाई के चिन्हीकरण में सहायता मिलती है।
- यह प्रयास मानकों और प्रदर्शनों के चिन्हीकरण और निरंतर गुणवत्ता सुधार के लिए एक रोड मैप प्रदान करने में सहायता कर रहा है।
- मानदंड कवायद ऐसी प्रक्रियाओं को बेहतर करने में मदद कर रही है जो विश्वविद्यालय के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।
- यह लक्ष्य निर्धारण करने में सहायता करता है और सुधार के लिए अतिरिक्त साधनों की पहचान करता है। इससे वैश्विक प्रथाओं की बेहतर समझ भी बनेगी।
- यह निष्पादन में संवर्धन को बढ़ावा दे रहा है, उत्कृष्टता को बढ़ावा रहा है और नए विचारों और नवाचार को उजागर कर रहा है ।
- यह निष्पादन में सुधार के अधिक प्रभावी तरीके की पहचान करने में भी सहायता कर रहा है।

आईपीआर सेल और पेटेंट निधि

विश्वविद्यालय के बौद्धिक संपदा अधिकार सेल का संचालन अनुसंधान परिषद कर रही है। इसका सृजन जागरूकता बढ़ाने और पेटेंट दाखिल, रखरखाव और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को सुकर करने के लिए किया गया था। पेटेंट दाखिल करने और सहयोगी अनुसंधान के दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं और विश्वविद्यालय के संकाय के लिए एक पेटेंट निधि स्थापित की गई है। विश्वविद्यालय में मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्थापित आईपीआर चेयर भी है, जो पिछले तीन वर्षो से विश्वविद्यालय में काम कर रही है और इसने संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम और सम्मेलन आयोजित किए हैं। विश्वविद्यालय अपने संकाय द्वारा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए दिशानिर्देश तैयार करने की प्रक्रिया में है। अब तक कुल 204 पेटेंट दर्ज किए जा चुके हैं।

समाज के कमजोर वर्ग से आने वाले छात्रों के लिए विशेष सहायता

विश्वविद्यालय ने अल्पाधिकार प्राप्त छात्रों हेतु विभिन्न स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कक्षा कार्यक्रम शुरू किया है। ऐसे एक प्रवेश–पूर्व ग्रीष्मकालीन स्कूल 2016 का आयोजन मई–जून 2016 में हुआ, जिसमें वाणिज्य, विधि और जैवचिकित्सा विज्ञान के विषयों में स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कक्षाएं आयोजित की गई। विश्वविद्यालय ने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए यूजीसी–सीएसआईआर जेआरएफ नेट परीक्षा हेतु दिसंबर 2016 में (जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान के लिए) और जनवरी 2017 में (विधि, वाणिज्य के लिए) एक क्रैश कोर्स भी शुरू किया है। पाठ्यक्रम का शिक्षण विश्वविद्यालय के योग्य और अनुभवी संकाय करते हैं।

आधारभूत संरचना

उत्तरी कैंपस

निर्माण कार्य पूर्ण :

- प्राणिविज्ञान विभाग के ऊर्ध्वाधर विस्तार का निर्माण।

उत्तरी कैंपस

कार्य प्रगति पर है:

- कला और सामाजिक विज्ञान भवन (उमंग भवन) का निर्माण।
- नई रसायन विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण
- बहुस्तरीय ब्लॉक, भौतिकी और रसायन विज्ञान का नवीनीकरण

*****

सामान्य सुविधाएं और कार्यक्रम

छात्र कल्याण कार्यालय

छात्र कल्याण कार्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2016–17 के दौरान निम्नलिखित क्रियाकलाप संचालित किए :

परामर्श क्रियाकलाप

(क) खुली–चर्चा दिवस : दस खुली–चर्चा दिवस उत्तरी परिसर (सम्मेलन केन्द्र) में संचालित किए गए। खुली–चर्चा दिवसों का आयोजन छात्रों को प्रवेश की प्रक्रिया में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए किया जाता है। इनमें कुल मिलाकर 30,000 से अधिक प्रवेश–आकांक्षी छात्रों और उनके माता–पिता ने भाग लिया। प्रवेश प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों तथा उनके माता–पिता ने खुली–चर्चा दिवसों के प्रति अत्यंत उत्साह प्रदर्शित किया।

(ख) सहायता डेस्क : स्नातकपूर्व प्रवेश के संबंध में जानकारी देने के लिए छात्र सहायता डेस्क डीन छात्र कल्याण कार्यालय सम्मेलन केन्द्र में स्थापित किया गया था। इस पहल का उद्देश्य प्रवेश पाने के इच्छुक छात्रों को अवांछनीय तत्वों द्वारा गलत/अपर्याप्त जानकारी प्रदान करने से रोकना था। ये सहायता डेस्क सम्मेलन केन्द्र द्वारा लगभग एक माह से अधिक की अवधि तक प्रचालित किए जाते रहे।

प्रवेश क्रियाकलाप

स्नातकपूर्व प्रवेश समन्वय : डीन छात्र कल्याण कार्यालय ने ओएसडी प्रवेश कार्यालय के साथ मिलकर सभी श्रेणियों में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय सूचना बुलेटिन तैयार करने और आंकड़ों का विश्लेषण करने का कार्य संचालित किया। सभी श्रेणियों अर्थात् सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म के माध्यम से पंजीकृत कराने की अनुमति प्रदान की गई। दिव्यांग उम्मीदवारों को उनके प्रवेश से संबंधित सभी पृथक

अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध कराई गई। सूचना बुलेटिन ऑनलाइन उपलब्ध था तथा उसे सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता था।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों और निःशक्त श्रेणी के उम्मीदवारों की प्रवेश से संबंधित शिकायतों का निराकरण करने के उद्देश्य से एक समिति गठित की गई थी जिसके अध्यक्ष डीन, छात्र कल्याण थे और संयोजक डॉ. गुरप्रीत सिंह, उप–डीन छात्र कल्याण थे। डॉ. अमृता बजाज, उप–डीन, छात्र कल्याण, छात्रावास समिति की संयोजक थीं तथा उन्होंने छात्रावास संबंधी मामलों का निपटान किया। उन्होंने नृत्य क्रियाकलापों के लिए केन्द्रीय समिति के सदस्य तथा समन्वयक के रूप में ईसीए प्रवेश के कार्य को भी देखा। डॉ. टुटेजा प्रवेश संबंधी भुगतान गेटवे समिति के सदस्य भी थे जिन्होंने प्रवेश के दौरान सरलतापूर्वक भुगतान किए जाने तथा सरल धन वापसी के लिए कार्यनीती विकसित की।

केन्द्रीय नियोजन प्रकोष्ठ के क्रियाकलाप

विश्वविद्यालय स्तर पर सभी संघटक कॉलेजों और विभागों में स्नातकपूर्व, स्नातकोत्तर और पीएच.डी. अध्ययन कर रहे छात्रों हेतु रोजगार के अवसरों की व्यवस्था कराने के लिए विश्वविद्यालय में एक केन्द्रीय नियोजन प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। इसकी स्थापना वर्ष 2008 में की गई थी तथा शैक्षणिक वर्ष 2016–17 इसके कार्यकरण का नौवां वर्ष था। इसमें पंजीकृत छात्रों की संख्या बढ़कर 16,000 हो गई है जिसमें इंटर्नशिप रजिस्ट्रेशन भी शामिल है। इस वर्ष उत्तरी और दक्षिणी परिसरों में कैंपस पर चयन अभियान संचालित करने के लिए अंतिम रूप से कुल 35 कंपनियों का चयन किया गया था। विभिन्न कंपनियों द्वारा रोजगार प्रस्तावों के लिए 1500 से अधिक छात्रों को चुना गया था तथा अंततः 1100 छात्रों ने अच्छे वेतन पैकेजों के साथ विभिन्न सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों की कंपनियों में नियोजन प्राप्त किया। इस वर्ष इस संबंध में एक उल्लेखनीय परिवर्तन देखा गया क्योंकि कुछ कॉरपोरेटों ने भी स्नातकोत्तर और पीएच.डी. छात्रों को रोजगार के प्रस्ताव पेश करने में रुचि प्रदर्शित की। नियमित सीपीसी क्रियाकलापों के साथ इस वर्ष क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों के साथ चर्चा करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया जिससे कि उन्हें विशेषीकृत कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके। इन कार्यशालाओं मे हमारे छात्रों को प्रख्यात वृत्तियों से चर्चा करने का अवसर मिला जिससे उनके आधारभूत कौशल में पर्याप्त संवृद्धि हुई, जैसे– सीवी तैयार करना, साक्षात्कार देने की कला, स्व–आकलन और स्व–नियोजन।

(क) इंटर्नशिप कार्यक्रम : विभिन्न कॉलेजों के प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों को इंटर्न के रूप में विभिन्न कंपनियों में भेजा गया था ताकि वे उन कंपनियों की मौके पर कार्यप्रणाली की जानकारी और अपेक्षित अनुभव हासिल कर सकें। इस प्रयोजनार्थ, इंटर्नशिप के लिए सीपीसी के पास पंजीकरण कराने के लिए विभिन्न कंपनियों को आमंत्रित किया गया था। इस वर्ष एक इंटर्नशिप मेला आयोजित किया गया और लगभग 600 छात्रों ने इस मेले में भाग लिया। इनमें से लगभग 200 छात्रों का चयन किया गया। इंटर्नशिप के लिए आने वाली प्रमुख कंपनियां थीं– एचटी स्टडीमेट, क्लासरूम टीचर्स, नेट कनेक्ट ग्लोबल, बिलियनेबल्स, आईडीबीआई फेडेरल लाइफ इंश्योरेंस आदि।

(ख) नियोजन : इस वर्ष बड़ी संख्या में छात्रों को विभिन्न कंपनियों से नौकरियों के प्रस्ताव प्राप्त हुए, जैसे– विगर मोबाइल इंडिया प्रा. लि., अमेजन, हिताची, जेनपैक्ट, नेवीग 8, फोरेक्स तथा इस वर्ष सीपीसी के साथ पंजीकृत छात्रों को 6.00 लाख रुपए के वार्षिक पैकेजों तक की पेशकश की गई। अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय ख्याति के अग्रणी संगठनों ने केन्द्रीय नियोजन प्रकोष्ठ के माध्यम से भर्ती के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के साथ भागीदारी की। केन्द्रीय नियोजन प्रकोष्ठ अग्रणी कंपनियों में व्यवसाय अग्रेताओं और वरिष्ठ प्रबंधनों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखता है।

केन्द्रीय नियोजन प्रकोष्ठ, डीन छात्र कल्याण के अंतर्गत संचालित नियोजन प्रकोष्ठ सलाहकार समिति के परामर्श पर कार्य करता है जिसमें उप–डीन छात्र कल्याण के अंतर्गत संचालित नियोजन प्रकोष्ठ सलाहकार समिति के परामर्शक तथा सभी कॉलेजों और विभागों के नियोजन समन्वयक भी शामिल होते हैं। यह सलाहकार समिति नियोजन प्रकोष्ठ के कार्यकरण की निगरानी करती है तथा उसे मार्गदर्शन प्रदान करती है। छात्रों के नेतृत्व कौशलों का विकास करने के लिए विभिन्न क्षमता संवर्धन कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

वर्ष 2016–17 के दौरान नियोजन/इंटर्नशिप अभियान के लिए सीपीसी सहित पंजीकृत कंपनियों की सूची :–

- दैवा कसेई इंडिया प्रा.लि.
- वाणी प्रकाशन
- भारतीय महिला उद्यमी परिसंघ
- संबोधी रिसर्च एंड कम्युनिकेशंस
- स्टेप बाई स्टेप विद्यालय
- एक्सपट्र्स ग्लोबल
- मैसर्स एफआरआर फोरेक्स प्रा. लि.
- मैसर्स अमेजन डेवलपमेंट सेंटर (इंडिया) प्रा.लि.
- पी.पी. इंटरनेशनल स्कूल
- वीवो मोबाइल इंडिया प्रा.लि.
- अजीज प्रेमजी फांउडेशन
- एंडेवर कैरियर्स प्रा.लि.
- फिटकिड्स एजुकेशन एंड ट्रेनिंग प्रा.लि.
- फ्यूचर डोमेन सर्विसेज़ प्रा.लि.
- स्टेप–बाई–स्टेप स्कूल
- टीचर सिटी
- मैसर्स ब्रिटिश टेलीकॉम सर्विसेज़
- मैसर्स वीवो मोबाइल इंडिया प्रा.लि.
- मैसर्स नेवीगेट 8 इंडिया प्रा.लि.
- मैसर्स अमेजन डेवलपमेंट (इंडिया) प्रा.लि.
- मैसर्स एमबीडी ग्रुप
- मैसर्स इंटरग्लोब एविएशन लि.
- प्राइड प्लाजा ग्रुफ ऑफ होटल
- मैसर्स एचटी लर्निंग सेंटर्स लि.
- नेट कनेक्ट प्रा.लि.
- टेकजिनी
- हिताची सिस्टम्स माइक्रो क्लीनिक
- मैसर्स वीवो मोबाइल इंडिया प्रा. लि.

सांस्कृतिक परिषद

युवा प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उनका संवर्धन करने के लिए सांस्कृतिक परिषद द्वारा 2016–2017 मे निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गयाः

- भारत के गीत – भास्कराचार्य अनुप्रयुक्त विज्ञान कॉलेज में 7 अक्तूबर, 2016 को अंतर–महाविद्यालय गायन–मंडली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- हंसराज महाविद्यालय में 28 अक्तूबर, 2016 को अंतर– महाविद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- संगीत और ललित कला संकाय के वसंत उत्सव कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया (1 फरवरी, 2017)।
- प्रख्यात हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक 'अश्विनी भिडे' ने 3 फरवरी, 2017 को अपराह्न 3 बजे शंकर लाल हॉल में हिंदुस्तानी सुगम शास्त्रीय संगीत प्रस्तुत किया।

- भारती महाविद्यालय में 1 और 2 मार्च, 2017 को अंतर– महाविद्यालय टर्नकोट डिबेट का आयोजन किया गया।

- उप डीन द्वारा सत्र 2017–18 के लिए स्नातकपूर्व पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया के लिए ईएसी की बैठकों का सुचारू आयोजन।

दिल्ली विश्वविद्यालय समुदायिक रेडियो (डीयूसीआर)

डीयूसीआर के नवीनतम महत्वपूर्ण क्रियाकलापों का संक्षिप्त परिचय :

इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय तथा डीयूआरसी से बीच सीधे प्रसारण के लिए स्थायी श्रवण लिंक का सफल विकास।

इसी प्रकार, डीयूसीआर तथा मिरांडा हाउस, हंसराज महाविद्यालय, रामानुजन महाविद्यालय के बीच भी लिंक स्थापित किया गया है। इस लिंक को स्थापित करने के लिए कुछ और कॉलेजों ने भी रुचि दर्शायी है।

डीयूसीआर के कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में दो घंटे की अवधि के कार्यक्रम 'जश्न–ए–आजादी' को रिकॉर्ड किया।

डीसीएसी कॉलेज के छात्रों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को सम्मान प्रदान करते हुए एक विशेष कार्यक्रम रिकॉर्ड और प्रसारित किया।

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के बारे में जागरूकता संबंधी नारे प्रसारित करने के लिए डीयूसीआर से अनुरोध किया।

मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज ने तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में संदेश प्रसारित करने का अनुरोध किया। हमारे कार्यकर्ताओं द्वारा दो संदेश रिकॉर्ड किए गए थे तथा 'तंबाकू–निषेध दिवस' अभियान की अवधि के दौरान उन्हें प्रतिदिन दो बार प्रसारित किया गया।

सीआईसी के छात्रों ने जीएसटी पर रेडियो चर्चा की एक श्रृंखला प्रारंभ की। इसकी पहली कड़ी को सफलतापूर्वक रिकार्ड किया गया तथा डीयूसीआर से प्रसारित किया गया। उर्दू विभाग के छात्र और कार्यकर्ता 'बज़्म–ए–उर्दू' के लिए कार्यक्रम तैयार करना जारी रखे हुए हैं। इसकी लगभग 16 कड़ियां रिकॉर्ड और प्रसारित की जा चुकी है।

डीयूसीआर ने समुदायिक रेडियो के माध्यम से स्थानीय समुदाय के मध्य जागरूकता का सृजन करने के लिए कौशल विकास मंत्रालय के लिए 8 कड़ियां तैयार की है तथा फर्नीचर विकास और यांत्रिक कौशलों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी प्रोत्साहित किया है।

ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग सोसाइटी ने कार्यकर्ताओं को नियुक्त करते हुए बीईएस एक्सपो–2017 में प्रतिभागिता करने के लिए डीयूसीआर को आमंत्रित किया है।

दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय प्रणाली

प्रमुख क्रियाकलाप, आयोजन और पहला कदम

दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय प्रणाली ने हाल ही में संशोधित अध्यादेश XVI के अनुसार अपने 34 सहायक पुस्तकालयों के माध्यम से प्रदान की जा रही पुस्तकालय और सूचना सेवाओं का नवीकरण करने के लिए विशेष उपाय किए हैं। इसका एक संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है :

मुद्रण संसाधन : पुस्तकालय प्रणाली ने अनुरक्षण अनुदान से तथा साथ ही बारहवीं योजना के अनुदान से खरीद करते हुए अपने संग्रहण में पुस्तकों के 21,262 खंडों को शामिल किया। 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार, कुल खंड संग्रहण 16,53,277 है जिसमें पत्रिकाओं के बांड वॉल्यूम भी शामिल हैं। डीयूएलएस द्वारा वर्तमान में 1,217 पत्रिकाएं सब्सक्राइब की जा रही हैं।

इलेक्ट्रॉनिक संसाधन : डीयूएलएस ने अपने प्रयोक्ताओं के लिए इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों की पहुंच को निरंतर सुदृढ़ बनाने के प्रयासों को जारी रखा है।

विभिन्न विषयों और विषय क्षेत्रों में 48 इलेक्ट्रॉनिक डाटाबेस हैं जो विश्वविद्यालय के प्रयोक्ता समुदाय को उपलब्ध हैं। इनका विवरण इस प्रकार है :

- एबीआई/इंफार्म कंप्लीट
- शैक्षणिक अनुसंधान प्रीमियर
- अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन जर्नल
- अमेरिकन फाइटोपैथोलॉजिकल सोसाइटी
- अमेरिकन सोसाइटी फॉर माइक्रो–बायोलॉजिस्ट
- एंथ्रोसोर्स
- ब्रिटानिका ऑनलाइन
- बिजनेस सोर्स प्रीमियर
- पूंजीवाद, प्रकृति, समाजवाद
- कैपिटेलिन प्लस
- सीएलए प्लस
- क्रेडो (पूर्व में एक्सरे फेर प्लस)
- इकानोमिक लिट्रेचर
- ई–जूरिक्स
- एमेरेल्ड मैनेजमेंट एक्स्ट्रा
- एन्साइक्लोपीडिया ऑफ साइबर क्राइम
- एन्साइक्लोपीडिया ऑफ लॉ इंफोर्समेंट
- एकोन

- इकानोमिक एंड पॉलिटिकल वीकली : इंडिया टाइम्स सीरीज़
- ज्योरेफ विद् जियो साइंस वर्ल्ड
- हाउस ऑफ कामंस ब्रिटिश पार्लियामेंट्री पेपर्स
- ह्यूमेनिटीज़ इंटरनेशनल कंप्लीट
- इंडिया स्टैट
- इंडियन जर्नल्स. कॉम
- आईएसआई एर्मेजिंग मार्केट – सीईआईसी एशिया
- लीगल पंडित्स
- लेक्सिक्स नेक्सिक्स
- एलआईएसए
- एलएनसीए
- मेकिंग ऑफ मॉडर्न लॉ
- अनुपत्रा
- नेचर पब्लिशिंग
- न्यू पालग्रेव डिक्शनरी ऑफ इकानोमिक्स
- न्यूयार्क रिव्यू ऑफ बुक्स
- ओम्नीफाइल फुल टेक्स्ट
- ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ऑफ नेशनल बायोग्राफी ऑनलाइन एंड ग्रोव आर्ट ऑनलाइन
- प्रोवेस
- सेज ऑनलाइन
- साइंस डायरेक्ट
- स्कोपस
- सोक इंडेक्स विद फुल टेक्स्ट
- स्टेटमैंस ईयर बुक
- प्रोक्वेस्ट डिसेरटेशन एंड थीसिस फुल टेक्स्ट डाटाबेस
- वेस्टलॉ इंडिया
- वर्ल्ड बैंक ई–लाइब्रेरी
- डब्ल्यूटीओ ई–लाइब्रेरी

- एसएससी, ऑनलाइन
- साइंस ऑनलाइन

श्रवण पुस्तक संसाधन और ब्रेल पुस्तकालय

ब्रेल पुस्तकालय दृष्टिबाधित छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए शिक्षण, अधिगम और अनुसंधान में सहयोग करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। इसके पास 3 श्रवण पुस्तक निर्माणकारी स्टूडियो, 2 उच्च क्षमता वाले ब्रेल एम्बोसर्स तथा 22 नवीनतम कंप्यूटरों का नेटवर्क विभिन्न सॉफ्टवेयरों से लैस हैं, जैसे डेजी सिस्टम, स्पर्श, ओबीआई, पुट्टी, सिगट्यूना, जॉ, डक्सबरी, लीप ऑफिस आदि। इसमें 1,755 श्रवण पुस्तकें, 1,885 ब्रेल पुस्तकें, 1,694 ई–टेक्स आदि उपलब्ध हैं। श्रवण पुस्तकों तथा ई–टेक्स्ट का संपूर्ण संग्रहण पिछले शैक्षणिक वर्ष से डीयूसीसी आईपी रेंज में ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है तथा यह http://bl.du.ac.in पर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से उपलब्ध है। विश्वविद्यालय में नामांकित दृष्टिबाधित छात्रों द्वारा पुस्तकालय का नियमित रूप से प्रयोग किया जाता है। वर्तमान में, पुस्तकालय में नामांकित सदस्यों की संख्या 240 है। ब्रेल पुस्तकालय की वेबसाइट पर उपलब्ध सामग्री को डाउनलोड करने के लिए बड़ी संख्या में हिट्स किए जाते हैं तथा इसने सीडी पर 1314 पुस्तकें परिचालित की है। ब्रेल पुस्तकालय ने दिव्यांग छात्रों के लिए डेजी फॉर्म पर अगस्त, 2016 में एक कार्यशाला का आयोजन भी किया था।

प्रयोक्ता सेवाएं

डीयूएलएस–वेबसाइट : डीयूएलएस–वेबसाइट का प्रचालन किया जा रहा है जिसमें चुनिंदा पुस्तकालयों के कैटलॉग (ओपीएसी) शामिल हैं : ई–रेफरेंसिंग का प्रावधान, ई–जर्नलों की ए–जैड सूची, ऑनलाइन सूचना जागरूकता ट्यूटोरियल्स, विषय पोर्टल, आस्क यूअर लाइब्रेरियन, ओपन एक्सेस रिसोरसेस सहित इलेक्ट्रॉनिक रिसोरसेस तक पहुंच तथा अनेक अन्य प्रयोक्तानुकल सुविधाएं। आज की तारीख तक, वेबसाइट का अवलोकन 6,40,424 प्रयोक्ताओं द्वारा किया जा चुका है।

डिजिटल लाइब्रेरी : पुस्तकालय ने डीयूएलएस में उपलब्ध कॉपीराइट जोन में से 14,386 पुस्तकों को डिजिटलीकृत किया है तथा उन्हें ओपन सोर्स कंटेट मैनेजमेंट सिस्टम अर्थात् 'डी स्पेस' का प्रयोग करते हुए वैश्विक इंटरनेट एक्सेस के लिए वेब पर रखा है। इसके लिए यूआरएल है : http://libary.du.ac.in/dspace. यह इंडिया पोर्टल की डिजिटल लाइब्रेरी में भी उपलब्ध है।

सूचना जागरूकता कार्यक्रम : डीयूएलएस ने 2006 से सूचना जागरूकता कार्यक्रम आरंभ किया है तथा यह इसका नियमित रूप से संचालन कर रहा है। इसने दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और कॉलेजों में कुल 149 सूचना जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए हैं, जिनमें शामिल है : 118 ई–संसाधन अभिमुखीकरण कार्यक्रम, 15 मौके पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 15 सामाजिक अध्ययन में शोध छात्रों के लिए एक–दिवसीय कार्यशालाएं। चालू वर्ष में, डीयूएलएस ने विभागों/कॉलेजों में तथा सम्मेलन केन्द्र में 11 सूचना पुस्तकालय कार्यक्रमों का आयोजन किया। स्नातकोत्तर, अनुसंधान छात्रों और सदस्यों को मिलाकर कुल 742 छात्रों में इन कार्यक्रमों में भाग लिया।

निम्बस : वर्तमान में, दिल्ली विश्वविद्यालय के 1,877 पंजीकृत प्रयोक्ता हैं। पिछले एक वर्ष में निम्बस के माध्यम से 2,229 लॉगइन 5501 सर्चें की गईं और 3,641 लेख डाउनलोड किए गए।

सदृश्यता का पता लगाना : केन्द्रीय पुस्तकालय को छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुसंधान एसाइन्मेंटों में सदृश्यता का पता लगाने का कार्य सौंपा गया है। केन्द्रीय पुस्तकालय ने सदृश्यता का पता लगाने का कार्य दिसम्बर, 2015 में आरंभ किया था तथा कुल 1,954 पीएच.डी. थीसिस और एम.फिल शोध–प्रबंधों तथा अन्य अनुसंधान एसाइनमेंटों को प्रमाणित किया जा चुका है।

दस्तावेज वितरण सेवा : जी–गेट @ यूजीसी इंफोनेट, यूजीसी–इंफोनेट डिजिटल लाइब्रेरी कंसोर्टियम द्वारा सब्सक्राइब किए गए सभी डेटाबेसों के लिए आर्टिकल–स्तरीय पहुंच प्रदान करता है, जिसके तहत इनफ्लिबनेट केन्द्र के इंटर–लाइब्रेरी लोन (आईएलएल) केन्द्रों के रूप में अभिहित 30 विश्वविद्यालय लाइब्रेरियों द्वारा लगभग 5200 ओपन एक्सेस इलेक्ट्रॉनिक जनरल और प्रिंट जर्नलों को सब्सक्राइब किया जाता है। यह इंटरफेस किसी निर्दिष्ट विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध और पहुंच योग्य लेखों को हाइपर लिंक उपलब्ध कराता है ताकि प्रयोक्ता उन लेखों तक पहुंच बना सकें और उन्हें डाउनलोड कर सकें। उन जर्नलों के लेखों के लिए जो इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध नहीं है अथवा किसी निर्दिष्ट विश्वविद्यालय में पहुंच योग्य नहीं हैं, यह इंटरफेस, यथास्थिति, किसी प्रयोक्ता(ओं) से सीधे इनफ्लिबनेट केन्द्र को अथवा किसी भी एक आईएलएल केन्द्र को आईएलएल अनुरोध को सेमी ऑटोमेटिक सृजित करने में सुविधा प्रदान करता है। डीयूएलएस सेवाओं के लिए अभिहित 30 आईएलएल केन्द्रों में से एक है। हमें जी–गेट @ यूजीसी इंफोनेट से निम्नलिखित लाभ प्राप्त होते हैं:

- यह यूजीसी–इंफोनेट डिजिटल लाइब्रेरी कंसोर्टियम के माध्यम से उपलब्ध सभी इलेक्ट्रॉनिक डाटाबेसों की सिंगल विंडों सर्चिंग उपलब्ध करता है।

- यह 13,290 प्रकाशकों द्वारा पेश किए गए ऑनलाइन उपलब्ध लाखों जर्नल लेखों तक निर्बाध पहुंच उपलब्ध कराता है।

- यह प्रकाशक की वेबसाइटों पर पूर्ण पाठ के लिंकों के साथ 45,339 ई–जर्नलों से इंडेक्स किए गए जर्नल साहित्य के व्यापक डाटाबेस तक पहुंच उपलब्ध कराता है।

- यह लगभग 23,410 मुक्त एक्सेस ई–जर्नलों के पूर्ण पाठों तक एक्सेस उपलब्ध कराता है जिसमें 9,425,618 ओपन एक्सेस वाले लेख हैं।

- डीयूएलएस के 917 प्रिंट जर्नलों के लिए लेख–स्तरीय सर्चिंग।

- डीयूएलएस में दस्तावेज वितरण सेवा के माध्यम से प्रिंट जर्नल लेखों की फोटोकॉपी की उपलब्धता नहीं है।

- प्रिंट जर्नल लेखों की प्रति प्रदान करने के लिए अन्य अभिहित विश्वविद्यालयों को अनुरोध करते हुए दस्तावेज वितरण सेवा का प्रयोग किया जा सकता है।

जी–गेट @ यूजीसी इंफोनेट का अभिहित आईएलएल केन्द्र होने के नाते, डीयूएलएस अनेक उत्तरदायित्वों का निर्वहन भी कर रहा है। यूजीसी इंफोनेट डिजिटल लाइब्रेरी कंसोर्टियम के माध्यम से उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक डाटा बेसों के बदले, जिसका मूल्य 1,00,000/– रुपए है, डीयूएलएस समूचे भारत में स्कॉलरों को जी–गेट @ यूजीसी इंफोनेट के माध्यम से अनुरोध किए गए लेखों की फोटोकापियों की आपूर्ति करने के उत्तरदायित्व को भी निभाता है। एक विशाल संगठन होने के नाते डीयूएलएस जिसके पास प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक सूचना विषय–वस्तु का एक विशाल संग्रहण है, अधिकांशतः अपने प्रयोक्ताओं की सूचना संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। अतः अन्य विश्वविद्यालयों के डीयूएलएस प्रयोक्ताओं की

ओर से लेखों की फोटोप्रतियों के लिए अत्यंत कम अनुरोध प्राप्त होते हैं। तथापि, एक आईएलएल केन्द्र के रूप में डीयूएलएस लेखों की फोटोप्रतियों की नियमित रूप से आपूर्ति करता है। हमारे स्कॉलरों से प्राप्त केवल 708 अनुरोधों की तुलना में डीयूएलएस को अन्य संस्थाओं के स्कॉलरों के 7,210 अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

मानव संसाधन

'पुस्तकालयों में कंप्यूटरों के प्रयोग' पर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए केन्द्रीय पुस्तकालय में सृजित की गई प्रशिक्षण सुविधा के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय के कंप्यूटर केन्द्र के संसाधन विशेषज्ञ की सहायता से विश्वविद्यालय और कॉलेज पुस्तकालयों के पुस्तकालय कर्मियों के लाभ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप : डीयूएलएस ने पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में निष्णात कार्यक्रम के छात्रों को 7500/– रुपए प्रतिमाह की दर पर ग्रीष्मकालीन इंटर्न के रूप में कार्य करना जारी रखा है। इस अवधि के दौरान 13 छात्रों को विभिन्न पुस्तकालयों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

संगोष्ठियां/सम्मेलन/कार्यशालाएं/प्रदर्शनियां

डॉ. धर्मवीर सिंह ने 10 जुलाई से 15 जुलाई 2016 तक हांगजोऊ, जेजियांग (चीन) में 'डिजिटल पब्लिशिंग एवं डिजिटल लाइब्रेरीज़ का एकीकृत विकास पर आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

डॉ. नरेन्द्र कुमार (उप पुस्तकालयाध्यक्ष डीयूएलएस)

ग्रंथसूची साइटेशन : एमएलए साइटेशन शैली दिल्ली विश्वविद्यालय में अभिमुखीकरण कार्यक्रम, 6 दिसम्बर, 2016.

प्लाग्रिज़्म गुरु जम्बेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, 13 सितम्बर, 2016.

ई–संसाधनों को कैसे सर्च करें. गुरु जम्बेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, 13 सितम्बर, 2016.

नेटवर्किंग राष्ट्रीय विषाणुविज्ञान संस्थान, पुणे में आईसीएमआर प्रयोगशालाओं में कार्य कर रहे पुस्तकालय वृत्तिकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, 11 अगस्त, 2016.

पुस्तकालय स्वचालन राष्ट्रीय विषाणुविज्ञान संस्थान, पुणे में आईसीएमआर प्रयोगशालाओं में कार्य कर रहे पुस्तकालय वृत्तिकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम 12 अगस्त, 2016.

पुस्तकालय वृत्तिकों के समक्ष चुनौतियां, सांस्कृतिक संसाधन एवं प्रशिक्षण केन्द्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, 26 जून, 2016.

डॉ. तारिक अशरफ (उप पुस्तकालयाध्यक्ष एसडीसीएल)

सौराष्ट्र विश्वविद्यालय में 12–15 मार्च, 2016 तक आयोजित 61वें आईएलए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'प्रौद्योगिकी, अभिनवता और मूल्यवर्धित सेवाओं के माध्यम से उत्कृष्टता रूपांतरित करने वाले पुस्तकालयों को संपोषित करना' विषय पर वार्ता के लिए आमंत्रित।

एशियाई लाइब्रेरी एसोसिएशन और भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर द्वारा 14–16 अप्रैल, 2016 को संयुक्त रूप से आयोजित ''डिजिटल शासन अभिनवता, सूचना और पुस्तकालय'' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभागिता।

दिल्ली कॉलेज ऑफ ऑर्ट्स एंड कॉमर्स, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली में 22 अप्रैल, 2016 को 'ई–संसाधनों का प्रयोग' पर कार्यशाला।

इंस्टिट्यूट ऑफ होम इकानॉमिक, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली में 04 मई, 2016 को 'इलेक्ट्रॉनिक परिवेश में ई–संसाधनों का प्रयोग तथा अनुसंधान प्रबंधन पर कार्यशाला।

आईसीडीएल में 16 दिसम्बर, 2016 को 'अनुसंधान प्रभाव को प्रबंधित और इष्टतम करना' पर वार्ता में भाग लिया।

एशियाई पुस्तकालय एसोसिएशन तथा फुटवियर डिजाइन एवं विकास संस्थान द्वारा फुटवियर डिजाइन एवं विकास संस्थान परिसर, नोएडा में शनिवार, 25 मार्च, 2017 को संयुक्त रूप से 'प्रिंट से डिजिटल तक : नव–सूचना परिवेश में पुस्तकालयों का प्रबंधन' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी।

प्रकाशन

कुमार एन. एवं कुमार एल. (2016). एयर इंक्रीजिंग कॉस्ट ऑफ नॉलेज : चैलेंजेज फॉर लाइब्रेरीज़ फॉर इलेक्ट्रॉनिक रिसोर्सेस : ए केस स्टडी. *डीईएसआईडीओसी जर्नल ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफार्मेशन टेक्नालॉजी,* 36(6).

कुमार एन. (2016). बैरियर्स इन एक्सेसिंग इलेक्ट्रॉनिक रिसोर्सेज़ इन लाइब्रेरीज़. *डिजिटल भारत का निर्माण : पुस्तकालयों और सूचना के माध्यम से क्षमताओं का संवर्धन पर राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियां,* 47–52. आईएसबीएन : 9789382059523.

कुमार एन. (2016). सस्टेनेबिलिटी ऑफ इलेक्ट्रॉनिक रिसोर्सेज़ सब्सक्रिप्शन : फ्यूचर टेंस. *डिजिटल शासन : अभिनवता, सूचना और पुस्तकालयों पर भारतीय प्रबंध संस्थान, इंदौर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियां,* 397–402. आईएसबीएन : 978–93–5258–425–3.

डॉ. तारिक अशरफ

सह–संपादक : डिजिटल शासन : अभिनवता, सूचना और पुस्तकालय, नई दिल्ली एशियाई पुस्तकालय एसोसिएशन, 2016.

सह–संपादक : डिजिटल शासन : अभिनवता, सूचना और पुस्तकालय, नई दिल्ली. सिनर्जी बुक्स प्रा. लि. 2016.

सह–संपादक : डिजिटल भारत का निर्माण : पुस्तकालय और सूचना के माध्यम से क्षमताओं का संवर्धन, नई दिल्ली सिनर्जी बुक्स प्रा.लि. 2016.

संपादक : इंटर–डिसिप्लिनरी डिजिटल प्रिजर्वेशन टूल्स एंड टेक्नालाजीज़, न्यूयार्क सूचना विज्ञान संदर्भ © 2017, पृष्ठ 281.

सह–संपादक : 62वें आईएलए सम्मेलन की कार्यवाहियां 'गीयरिंग अप फॉर दि फ्यूचर लाइब्रेरीज़ इनिशिएटिव्स फॉर डिजिटल इंडिया', नई दिल्ली, आईएलए, 2017, पृष्ठ 1047.

सह–संपादक : फ्रॉम प्रिंट टु इलेक्ट्रॉनिक मैनेजिंग लाइब्रेरीज़ इन न्यू इंफार्मेशन इन्वायर्नमेंट, नई दिल्ली, सिनर्जी बुक्स प्रा. लि., 2017, पृष्ठ 225.

अन्य प्रमुख पुस्तकालयों में क्रियाकलाप

केन्द्रीय पुस्तकालय (आट्र्स पुस्तकालय सहित) : केन्द्रीय पुस्तकालय (आट्र्स पुस्तकालय सहित) पिछले वित्तीय वर्ष में 3,744 खंडों के संग्रहण को शामिल करने में समर्थ रहा जिसकी सदस्यता 4,174 प्रयोक्ता है तथा 41,492 पुस्तकों का परिचालन है। यह पुस्तकालय अपने छात्रों और शिक्षकों को साहित्य–चोरी जांच सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। अनुसंधान कार्य की जांच करने तथा समान रिपोर्टों को तैयार किए जाने को रोकने के लिए प्रशिक्षित कर्मियों के साथ एक समर्पित डेस्क स्थापित किया गया है। पुस्तकालय में उपलब्ध किसी मद को ढूंढने के लिए पुस्तकालय के भूतल में स्थापित ओपीएसी में कंप्यूटर को लॉगआन करना पड़ता है तथा किसी एक अथवा समस्त फील्ड के पदबंध को प्रविष्ट करते हुए मद को सर्च करना होता है। केन्द्रीय पुस्तकालय में अनुसंधान तल पर अनुसंधान स्कालरों के अनन्य प्रयोग के लिए उपलब्ध कराई गई इंटरनेट एक्सेस सुविधा का प्रयोग नियमित रूप से प्रतिदिन औसतन 25–30 स्कालरों द्वारा किया जाता है।

केन्द्रीय विज्ञान पुस्तकालय : केन्द्रीय विज्ञान पुस्तकालय पिछले वित्तीय वर्ष में 1,484 खंडों के संग्रहण को शामिल करने में समर्थ रहा है जिसकी सदस्यता 3,430 प्रयोक्ता है और परिचालन 2,55,000 पुस्तकों का है। पुस्तकालय में विभिन्न आईटी संबंधी सेवाओं के लिए आईटी संरचना का एक उत्कृष्ट सेटअप है। पुस्तकालय ने सूचना जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन जारी रखा है तथा इंटरनेट एक्सेस सुविधा, इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के लिए सब्सक्रिप्शन लेखों की डाउनलोडिंग आदि, प्रयोक्ताओं के लिए लाइव ऑनलाइन प्रदर्शन, ई–लेखों की डाउनलोडिंग आदि, अन्वेषण तकनीकों के आधार पर लेख अलर्ट और सूचना की प्राप्ति, नई सूचना के बारे में संकाय सदस्यों को ई–मेल अलर्ट आदि प्रदान करने की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई हैं। पुस्तकालय विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और मानविकी के समस्त संकाय–सदस्यों के प्रयोक्ताओं को सेवाएं प्रदान करने में समर्थ रहा है। पुस्तकालय ने जेसीसी के माध्यम से देश में विभिन्न पुस्तकालयों से बड़ी संख्या में दस्तावेज/लेख प्राप्त किए तथा उन्हें इन लेखों का प्रेषण भी किया। कंप्यूटरीकृत सेवाओं का संवर्धन करने के लिए बड़ी संख्या में कंप्यूटरों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को शामिल किया गया है जिनमें लेज़र प्रिंटर, एलसीडी प्रिंटर स्कैनर आदि भी शामिल हैं। इसमें सीडी और डीवीडी पर पुस्तकें भी हैं।

रतन टाटा पुस्तकालय : यह पुस्तकालय वित्तीय वर्ष के दौरान 1,259 खंडों के संग्रहण को शामिल करने में समर्थ रहा है तथा इसकी सदस्यता संख्या लगभग 1,944 है। आरटीएल ने विभिन्न संसाधनों की एक्सेस हासिल करने के लिए 105 टर्मिनलों के साथ और एक हार्ड एंड वर्सर के माध्यम से अपनी कंप्यूटिंग सुविधा को संवर्धित किया है तथा यह एक विशिष्ट ई–पुस्तकालय में परिवर्तित हो गया है। पुस्तकालय ने अधिक मूल्यवर्धनों के साथ अपनी वेबसाइट को भी अद्यतन बनाया है। ई–संसाधनों के विशेष संदर्भ के साथ विभिन्न विभागों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम भी संचालित किए गए हैं।

दक्षिणी दिल्ली परिसर : दक्षिणी दिल्ली परिसर पुस्तकालय पिछले वित्तीय वर्ष में 2,657 खंडों का संकलन शामिल करने में समर्थ रहा है तथा इसके सदस्यों की संख्या 1,428 प्रयोक्ता है तथा लगभग 24,590 पुस्तकों का परिचालन है। पुस्तकालय का कुल संग्रहण लगभग 2 लाख है जिसमें पुस्तकें, जिल्दबंद जर्नल और सीडी–रोम आदि शामिल हैं। पुस्तकों के साथ प्राप्त होने वाली सीडी को भी सीडी सर्वर के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है। लगभग 150 प्रिंट जर्नलों तथा पत्रिकाओं के 25,000 बैक वॉल्यूमों का सब्सक्रिप्शन लिया गया है तथा यह पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत है। पुस्तकालय की समस्त सुविधाएं स्वचालित हैं तथा उन्हें व्यापक आईसीटी आधारित अनुप्रयोगों के माध्यम से संचालित किया जाता है। पुस्तकालय

के क्रियाकलापों जैसे सर्कुलेशन–इशू–रिटर्न, अनुस्मारक, सदस्यता, अर्जन–आदेश और बिलिंग, सीरियल कंट्रोल, ओपीएसी को ट्रूडन लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम का प्रयोग करते हुए एक पूर्णतः स्वचालित परिवेश में संचालित किया जाता है। समस्त पुस्तकालय को सुरक्षा और निगरानी दोनों ही प्रयोजनों से सीसीटीवी द्वारा कवर किया गया है। पुस्तकालय ने अपनी वेबसाइट का उन्नयन किया है, ई–संसाधन केन्द्र स्थापित किया है, पुस्तकालय में पर्याप्त संकेत लगाए हैं, पुस्तकों की बार कोडिंग का कार्य पूर्ण किया है तथा परिबोधन कार्यक्रमों का आयोजन किया है। पुस्तकालय के डिजिटल कलेक्शन में सीडी–रोम, अनुपूरक अध्ययन सामग्री तथा पूर्व वर्ष के प्रश्न–पत्र शामिल हैं। प्रयोक्ताओं को सेवाएं प्रदान करने के लिए एक समर्पित संदर्भ डेस्क भी स्थापित किया गया है।

दिल्ली विश्वविद्यालय सामाजिक सह–शिक्षा माध्यमिक विद्यालय

दिल्ली विश्वविद्यालय सामाजिक सह–शिक्षा माध्यमिक विद्यालय निकटवर्ती क्षेत्र में एक जाने–माने विद्यालय के रूप में अपनी साख अर्जित कर रहा है। यह ब्लॉक–सी, मॉरिस नगर, दिल्ली–07 के आवासीय क्षेत्र के मध्य में स्थित है। स्वैच्छिक कार्यकर्ता महिला संगठन की महिलाओं के छोटे समूह ने वर्ष 1945 में यह विद्यालय आरंभ किया था। वस्तुतः उन्होंने यह सौम्य शुरुआत स्वतंत्रता से पूर्व के भारत में सर मौरिस ग्वेयर के प्रोत्साहन से की थी। 1964 से इस विद्यालय को दिल्ली सरकार द्वारा 95 प्रतिशत और दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 9 प्रतिशत सहायता प्राप्त हो रही है। दिल्ली विश्वविद्यालय ने कुलपति प्रो. मुनीस रज़ा के कार्यकाल के दौरान अपनी स्वयं की निधियों से इस विद्यालय के लिए एक आधुनिक भवन मुहैया कराया था जिसका रख–रखाव दिल्ली विश्वविद्यालय के इंजीनियरी विभाग द्वारा किया जाता है। दिल्ली विश्वविद्यालय इसे संविदात्मक कर्मचारियों और अवसंरचना सुविधाओं के लिए प्रतिवर्ष 12–15 लाख की अतिरिक्त सहायता भी मुहैया कराता है। दिल्ली विश्वविद्यालय ने विद्यालय के समीप हमें प्रोफेसर क्वार्टर सी–4 भी उपलब्ध कराया है। कुछ प्राथमिक कक्षाओं को उस भवन में स्थानांतरित किया गया है। वर्ष 2003 में स्कूल का उन्नयन करते हुए इसे 8वीं से 10वीं कक्षा तक कर दिया गया।

विद्यालय के प्रबंध समिति में 12 सदस्य हैं, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा नामित 5 प्रोफेसर, 1 कार्यकारिणी के सदस्य, 2 दिल्ली सरकार द्वारा नामित, 3 विद्यालय द्वारा नामित तथा 1 सदस्य अभिभावक–शिक्षण संघ की ओर से। वर्तमान प्रबंध समिति के सदस्य इस प्रकार हैः

1. प्रो. वसंत शर्मा (अंग्रेजी विभाग, डीसीएसी) – अध्यक्ष
2. प्रो. नज़मा सिद्दीकी (पूर्व प्रमुख एवं डीन, सीआईई, दिल्ली विश्वविद्यालय)
3. श्री अनुराग शौकनी (सचिव/कार्यकारिणी समिति के सदस्य)
4. प्रो. नमिता रंगनाथन (सहायक प्रबंधक)
5. प्रो. शोभा बगई (सदस्य)
6. प्रो. अनिता शर्मा (सदस्य)
7. डॉ. गरिमा भारती (विद्यालय प्रमुख)
8. श्री जे.पी.एस. तोमर (प्रधानाचार्य, जीबीएसएसएस सं. 2, रूप नगर) डीई नामिती
9. श्रीमती सीमा कुमारी (उप–प्रधानाचार्य, जीजीएसएस बुराड़ी) एमसी के सलाहकार मंडल की सदस्य
10. श्रीमती नीलम मेंदीरत्ता (स्टाफ प्रतिनिधि)
11. श्रीमती विभा शर्मा (स्टाफ प्रतिनिधि)

12. श्री मनोज कुमार (पीटीए सचिव)

विद्यालय में डॉ. गरिमा भारती (विद्यालय प्रमुख) हैं तथा साथ ही 6 टीजीटी, 6 सहायक शिक्षक, 1 योग शिक्षक, 1 पीटीआई, 1 चपरासी, 2 चौकीदार हैं तथा संविदा आधार पर 1 कार्यालय सहायक, 1 पुस्तकालय शिक्षक, 2 प्राथमिक शिक्षक, 1 आईटी सहायक, 1 कंप्यूटर शिक्षक और 2 सफाई कर्मचारी (संविदा अथवा दिहाड़ी आधार पर) हैं।

शैक्षणिक सत्र 2016–17 के दौरान संचालित किए गए विभिन्न शैक्षणिक और शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों का विवरण

विद्यालय में छात्रों की संख्या लगभग 600 है। हमें प्रसन्नता है कि यह क्षेत्र के एक अच्छे विद्यालय के रूप में उभर रहा है। दसवीं कक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम के साथ यह विद्यालय पूरी क्षमता के साथ सफलता के पथ पर अग्रसर है जो इसके दसवीं के सीबीएसई परिणाम से भी परिलक्षित होता है। इस परीक्षा में प्रत्येक छात्र अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुआ है। किसी भी छात्र को 'डी' से कम ग्रेड नहीं प्राप्त हुआ है। यह एक अच्छी उपलब्धि है। अतः पिछले 5 वर्षों से विद्यालय में छात्रों के नामांकन में नियमित रूप से वृद्धि हो रही है, परंतु स्थान के अभाव में हम अधिक छात्रों को प्रवेश नहीं दे सकते हैं। हमने विश्वविद्यालय से एक अतिरिक्त भवन के लिए अनुरोध किया है, जिस पर कार्रवाई चल रही है। सत्र 2016–17 के दौरान निम्नलिखित समारोह आयोजित किए गएः

1. अप्रैल माह में पृथ्वी विज्ञान सप्ताह
2. स्वतंत्रता दिवस
3. वार्षिक दिवस
4. वन महोत्सव
5. गांधी जयंती
6. बाल दिवस
7. रेडक्रॉस दिवस
8. 26 नवम्बर से 25 जनवरी तक संविधान दिवस
9. क्रिसमस
10. गणतंत्र दिवस
11. सरस्वती पूजा
12. 23.03.2016 को भगत सिंह शहीदी दिवस

विद्यालय को संविदात्मक कर्मियों के मानदेय तथा अवंसरचना सुविधाओं के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय से 12 लाख रुपए का अनुदान भी प्राप्त हुआ।

कार्यशालाएं और संगोष्ठियां

अभिभावकों को अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा बच्चों की शिक्षा में उनकी अहम भूमिका के लिए परामर्श भी दिया गया।

हमारा विद्यालय सह–शिक्षा विद्यालय है, जहां 10–15 वर्ष के आयु–वर्ग के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। सामाजिक कार्य विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय की सहायता से बालिकाओं के लिए मार्गदर्शन और परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विद्यालय ने छात्रों के मध्य प्राकृतिक आपदाओं, जैसे भूकंप के प्रति जागरूकता का सृजन करने के लिए एक मॉक ड्रिल भी संचालित की।

हमारे विद्यालय ने विधिक साक्षरता दिवस के अवसर पर 'विधिक साक्षरता' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया।

छात्रों ने गांधी जी के शहीदी दिवस पर 'गांधी भवन' में आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लिया।

विद्यालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय के 'पुष्प प्रदर्शनी' में भाग लिया तथा पुरस्कार जीते।

विद्यालय ने शिक्षा निदेशालय तथा अन्य शैक्षणिक संगठनों के विभिन्न क्रियाकलापों में भी प्रतिभागिता की। जैसे–खेल, योग, चित्रकला और वाद–विवाद प्रतियोगिता। छात्रों को बाहर पिकनिक पर भी ले जाया गया। उन्होंने विभिन्न अंतर्विद्यालयी क्रियाकलापों में भी प्रतिभागिता की जैसे खेल, योग, वाद–विवाद, चित्रकला आदि तथा राष्ट्रीय पुरस्कार (ताइक्वांडो) भी जीते। छात्रों ने जोनल प्रतियोगिता में भी भाग लिया।

खेल के मैदान के प्रावधान के लिए हमारे अनुरोध को अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है परंतु हम यह विनम्रतापूर्वक कहना चाहते हैं कि छात्रों के विकास के लिए यह एक आधारभूत आवश्यकता है तथा विद्यालय को संबद्धता प्रदान करने के लिए सीबीएसई द्वारा निर्धारित की गई शर्त भी है। हमें छात्रों की संख्या में वृद्धि करने के लिए अतिरिक्त स्थान की अविलंब आवश्यकता है।

विद्यालय, विद्यालय के माध्यमिक खंड के लिए सहायतानुदान जारी करने के दिल्ली सरकार के निर्णय की उत्सुकता के साथ प्रतीक्षा कर रहा है। इस दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय विद्यालय, के माध्यमिक खंड के व्यय के लिए पर्याप्त सहयोग दे रहा है। विद्यालय की प्रबंध समिति आपके सतत सहयोग के लिए आभारी है।

विद्यालय की उपलब्धियां

हमारा विद्यालय एक प्रगतिशील विद्यालय है तथा क्षेत्र के श्रेष्ठ विद्यालयों में से एक है। हमने निम्नलिखित क्षेत्रों में अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया है तथा अभिनव योजनाओं के साथ हम भविष्य की योजना तैयार कर रहे हैं।

शैक्षणिक उपलब्धियां

परिणाम : कक्षा x (सीबीएसई संबद्ध) वर्ष 2011–12, 2012–13, 2013–14, 2014–15, 2015–16 के दौरान 100 प्रतिशत (पिछले पांच वर्षों का परिणाम पहले ही प्रस्तुत कर दिया गया है)।

शिक्षणेत्तर क्रियाकलाप जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अंतर और अंतरा हाउस प्रतियोगिताएं

जोनल स्तर की प्रतियोगिताएं :

हिंदी निबंध लेखन : अमन अवस्थी, संजना (कक्षा x)

अंग्रेजी वाचन : कनिष्ठ बाल वर्ग से अरुण ने तृतीय स्थान तथा वरिष्ठ बालक वर्ग से अमन अवस्थी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

लोक नृत्य – भांगड़ा (बालक) : 19 छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विज्ञान प्रदर्शनी : 4 छात्र अगले स्तर के लिए अर्हक बने।

विज्ञान प्रश्नोत्तरी : 3 छात्र

राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी : अरुण (कक्षा– VII) – अगले स्तर के लिए अर्हक

विज्ञान नारा – 3 छात्र

विज्ञान मॉडल – 2 छात्र

विज्ञान पोस्टर – विशाल– X, शिवम– V

साइंसटून – मो. जैद (कक्षा– IX)

वाल्ड विज़्डम प्रश्नोत्तरी : 2 छात्र

एसयूपीडब्ल्यू (जोन स्तर) : अगले स्तर के लिए अर्हता आदित्य और प्रेरणा (कक्षा VIII), नम्र सुजाता (कक्षा VIII)

अंग्रेजी नारा लेखन : शिवानी X, खुशी– VIII

हिंदी घोषणा : अनमोल – VIII

अंग्रेजी निबंध लेखन : 3 छात्र

हिंदी नारा लेखन : 4 छात्र

हिंदी वाचन : मुक्ता (कक्षा VI), प्रथम स्थान, हिमाद्री (कक्षा IX)

ऑन द स्पॉट पोस्टर/पेंटिंग प्रतियोगिता : 4 छात्र

बैडमिंटन : कनिष्ठ बालिका – 3 बालिकाएं

एथलेटिक्स (अंडर 14) : बालक – 4

आरटीई अधिनियम, 2009 के अनुसार शिक्षा के महत्व के बारे में जन–जागरूकता के लिए विद्यालय द्वारा सामाजिक क्रियाकलाप संचालित किए गए।

समुदाय कल्याण के लिए संपर्क कार्यक्रम

नई दिशा–सही दिशा

प्रवासी कल्याण

विश्वविद्यालय के क्रियाकलापों में प्रतिभागिता : पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता, वाइस–रीगल लॉज, उत्तरी परिसर में 23 मार्च को शहीदी दिवस का आयोजन

गांधी भवन में 30 जनवरी को शहीदी दिवस समारोह।

हमारे छात्रों में मूल्यों के बारे में जागरूकता का प्रसार करने के लिए विभिन्न एनजीओ के साथ भागीदारी

- एफआरएनवी ने नई दिशा–सही दिशा के साथ भागीदारी की।
- भारतीय साथी संगठन ने हमारे शिक्षकों को शील्डें तथा छात्रों को स्वेटर और अध्ययन सामग्री (ज्यामिती बॉक्स, रजिस्टर, पाउच, शब्दकोश आदि) प्रदान की तथा प्रतियोगियों को 1500/– रुपए का नकद पुरस्कार दिया।
- इनर व्हील ने हमें रिफ्रेशमेंट प्रदान की तथा हमारे नर्सरी विंग को 'उड़ान' के रूप में चुना।

हमारे छात्रों द्वारा रामायण के सुर साधना कार्यक्रम में प्रतिभागिता की गई।

हमारी विद्यालय प्रमुख को भारतीय मानवाधिकार संस्थान द्वारा 10 दिसम्बर को मानवाधिकार पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अभिभावक परिबोधन कार्यक्रम तथा अन्य कार्यक्रम नियमित आधार पर पीटीएम

विद्यालय छोड़ने वाला कोई छात्र नहीं, छात्रों को बुलाने के लिए शिक्षक घर–घर जाते हैं।

बालिकाओं और उनकी माताओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जागरूकता प्रदान की गई।

विधिक साक्षरता कार्यक्रम मासिक आधार पर आयोजित किए जाते हैं।

शिक्षकों के शिक्षण के लिए संगोष्ठी तथा कंप्यूटर लर्निंग पर कार्यशाला।

सांस्कृतिक कार्यक्रम :

- पृथ्वी दिवस 22.4.2016
- स्वतंत्रता दिवस 15.8.2016
- अगस्त माह में वन महोत्सव
- गांधी जयंती 2.10.2016
- बाल दिवस 14.11.2016
- संविधान दिवस 26.11.2016
- वार्षिक दिवस 8.12.2016
- क्रिसमस दिवस 25.12.2016

- गणतंत्र दिवस 26.1.2017
- सरस्वती पूजा।

दिल्ली विश्वविद्यालय खेल परिषद

प्रमुख क्रियाकलाप

प्रो. सी.एस. दुबे की अध्यक्षता में दिल्ली विश्वविद्यालय खेल परिषद अंतर–कॉलेज टूर्नामेंट पुरुषों और महिलाओं के लिए 53 खेलों/क्रीड़ाओं में आयोजित किए गए जिसके उपरांत कोचिंग कैंप लगाए गए और पुरुष एवं महिला श्रेणी के उत्तर जोन के लिए तथा अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालय टूर्नामेंटों के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय ने उत्तर जोन में तथा एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज़ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालय टूर्नामेंटों में (महिला एवं पुरुष) 64 खेलों में भाग लिया (अनबंध–I)। कुल 682 खिलाड़ियों (पुरुष/महिला) ने उत्तर जोन तथा अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालय टूर्नामेंटों में दिल्ली विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

उत्कृष्ट सम्मान/विशिष्टयां

दिल्ली विश्वविद्यालय के तीन (03) छात्रों सुश्री अपूर्वी चंदेला (निशानेबाजी), सुश्री मनिका बत्रा (टेबल टेनिस) तथा श्री ललित माथुर (एथलेटिक्स) ने रियो ओलम्पिक 2016 में देश का प्रतिनिधित्व किया।

दिल्ली विश्वविद्यालय के दस (10) खिलाड़ियों ने सितम्बर, 2016 में वीडगोस्ज़ेज (पोलैंड) में आयोजित छठी विश्व यूनिवर्सिटी निशानेबाजी खेल प्रतियोगिता में भारतीय विश्वविद्यालय दल का प्रतिनिधित्व किया। इनके नाम हैं :

1. श्री ईशान गोयल
2. सुश्री दिलरीन गिल
3. सुश्री अदिति सिंह
4. श्री राहुल खत्री
5. सुश्री संजना सेहरावत
6. श्री युवराज कुमार महाजन
7. श्री अर्जुन मान
8. सुश्री महिमा कुमार महाजन
9. सुश्री सजनीत कौर रेहाल
10. सुश्री सर्वेश्वरी कुमारी

छठे विश्वविद्यालयी निशानेबाजी खेल प्रतियोगिता 2016 में उनकी उपलब्धियां इस प्रकार हैं:

1. सुश्री दिलरीन गिल ने 10 मीटर एयर राइफल टीम (महिला) में स्वर्ण पदक जीता।
2. सुश्री संजीत कौर रेहाल ने ट्रैप टीम (महिला) में रजत पदक जीता।

3. सुश्री महिमा कुमार महाजन ने ट्रैप टीम (महिला) में रजत पदक जीता।

4. सुश्री सर्वेश्वरी कुमारी ने स्टिक टीम (महिला) में कांस्य पदक जीता।

5. श्री युवराज कुमार महाजन ने ट्रैप टीम (पुरुष) में कांस्य पदक जीता।

पचहत्तर (75) खिलाड़ियों ने उत्तर जोन तथा अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालय टूर्नामेंटों (पुरुष एवं महिला) में स्वर्ण पदक जीत कर दिल्ली विश्वविद्यालय का नाम रोशन कियाः– बैंडमिंटन (महिला), शतरंज (पुरुष), शतरंज (महिला), क्रिकेट (पुरुष), डाइविंग (महिला), जूडो (महिला), शूटिंग (पुरुष एवं महिला), स्क्वैश रैकेट (पुरुष), तैराकी (महिला), टेबल टेनिस (पुरुष एवं महिला), ताइक्वांडो (पुरुष), टेनिस (महिला)

एक सौ छब्बीस (126) खिलाड़ियों ने उत्तर जोन तथा अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालय टूर्नाटमेंट में रजत पदक जीतेः– तीरंदाजी (महिला), एथलेटिक (महिला), बैंडमिंटन (महिला), बास्केटबॉल (पुरुष), बाक्सिंग (महिला), क्रिकेट (पुरुष), डाइविंग (महिला), फुटबॉल (महिला), गटका (पुरुष), जिम्नास्टिक्स (पुरुष), जूडो (महिला), निशानेबाजी (पुरुष एवं महिला), टेबल टेनिस (महिला), वेट लिफ्टिंग (महिला), पावर लिफ्टिंग (महिला), कुश्ती (पुरुष), योग (महिला)।

एक सौ पन्द्रह (115) खिलाड़ियों ने उत्तर जोन तथा अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालय में कांस्य पदक जीते अर्थात एथलेटिक (महिला), बॉस्केटबॉल (महिला), बॉस्केटबॉल (पुरुष), मुक्केबाजी (पुरुष), क्रिकेट (महिला), शतरंज (महिला), कोफबॉल (मिश्रित), गटका (महिला), जिम्नास्टिक्स (महिला), निशानेबाजी (पुरुष एवं महिला), स्क्वैश रैकेट (पुरुष), तैराकी (पुरुष एवं महिला), टेनिस (पुरुष), कुश्ती (महिला) (अनुबंध–II)।

अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालय टूर्नामेंट 2016–17 में टीम चैंपियनशिप के परिणाम इस प्रकार हैं:

- दिल्ली विश्वविद्यालय की निशानेबाजी (पुरुष एवं महिला) टीम ने अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालय शूटिंग चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला) 2016–17 में रजत पदक प्राप्त किया।

- दिल्ली विश्वविद्यालय की जिमनास्टिक टीम (महिला) ने अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालय जिमनास्टिक चैंपियनशिप 2016–17 में कांस्य पदक प्राप्त किया तथा जिमनास्टिक (पुरुष) टीम ने भी कांस्य पदक प्राप्त किया।

- दिल्ली विश्वविद्यालय की तीरंदाजी टीम (महिला) ने अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालय तीरंदाजी (पुरुष एवं महिला) चैंपियनशिप 2016–17 में आर्चरी कंपाउंड में स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा तीरंदाजी (महिला) टीम ने आर्चरी रीकर्व में रजत पदक प्राप्त किया।

- दिल्ली विश्वविद्यालय की गटका टीम (महिला) ने अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालय गटका (पुरुष एवं महिला) चैंपियनशिप में सिंगल स्टिम इवेंट में स्वर्ण पदक तथा गटका टीम (पुरुष) ने संगल स्टिक इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त किया।

अंतर–महाविद्यालय टूर्नामेंट 2016–17

क्रम सं.	खेल क्रीड़ा का नाम (पुरुष टीमें)	क्रम सं.	खेल क्रीड़ा का नाम (महिला टीमें)
1.	तीरंदाजी	1.	तीरंदाजी

2.	एथलेटिक्स	2.	एथलेटिक्स
3.	बैंडमिंटन	3.	बैंडमिंटन
4.	बॉल बैंडमिंटन	4.	बॉल बैंडमिंटन
5.	बेसबॉल	5.	बेसबॉल
6.	बॉस्केटबॉल	6.	बॉस्केटबॉल
7.	मुक्केबाजी	7.	मुक्केबाजी
8.	शतरंज	8.	शतरंज
9.	क्रिकेट	9.	क्रिकेट
10.	क्रांस कंट्री	10.	क्रांस कंट्री
11.	फुटबॉल	11.	फुटबॉल
12.	हैंडबॉल	12.	हैंडबॉल
13.	हॉकी	13.	हॉकी
14.	जूडो	14.	जूडो
15.	कबड्डी	15.	कबड्डी
16.	कोफबॉल	16.	खो–खो
17.	नेटबॉल	17.	नेटबॉल
18.	पावर / वेट लिफ्टिंग / श्रेष्ठ शारीरिक सौष्ठव	18.	पावर / वेट लिफ्टिंग
19.	निशानेबाजी	19.	निशानेबाजी
20.	सॉफ्टबॉल	20.	सॉफ्टबॉल
21.	स्क्वैश रैकेट	21.	टेबल टेनिस
22.	टेबल टेनिस	22.	ताइक्वांडो
23.	ताइक्वांडो	23.	टेनिस
24.	टेनिस	24.	बालीबॉल
25.	बालीबॉल	25.	कुश्ती
26.	कुश्ती	26.	योग
27.	योग		

दिल्ली विश्वविद्यालय पुरुष एवं महिला खेल दलों ने निम्नलिखित उत्तर जोन तथा अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालय टूर्नामेंटों में भाग लिया।

क्रम सं.	खेल क्रीड़ा का नाम (पुरुष टीमें)	क्रम सं.	खेल क्रीड़ा का नाम (महिला टीमें)
1.	एक्वैटिक्स	1.	एक्वैटिक्स
2.	तीरंदाजी	2.	तीरंदाजी
3.	एथलेटिक्स	3.	एथलेटिक्स
4.	बैंडमिंटन	4.	बैंडमिंटन
5.	बॉल बैंडमिंटन	5.	बॉल बैंडमिंटन
6.	बेसबॉल	6.	बेसबॉल
7.	बॉस्केटबॉल	7.	बॉस्कटेबॉल
8.	मुक्केबाजी	8.	मुक्केबाजी
9.	शतरंज	9.	शतरंज
10.	क्रिकेट	10.	क्रिकेट
11.	क्रांस कंट्री	11.	क्रांस कंट्री
12.	फेंसिंग	12.	साइकिलिंग
13.	फुटबॉल	13.	फेंसिंग
14.	गटका	14.	फुटबॉल
15.	जिमनास्टिक	15.	गटका
16.	हैंडबॉल	16.	जिमनास्टिक
17.	हॉकी	17.	हैंडबॉल
18.	जूडो	18.	हॉकी
19.	कबड्डी	19.	जूडो
20.	कोफबॉल (मिश्रित)	20.	कबड्डी
21.	खो–खो	21.	खो–खो
22.	नेटबॉल	22.	नेटबॉल
23.	पावर/वेट लिफ्टिंग/श्रेष्ठ शारीरिक सौष्ठव	23.	पावर/वेट लिफ्टिंग
24.	निशानेबाजी	24.	निशानेबाजी
25.	सॉफ्टबॉल	25.	सॉफ्टबॉल

26.	स्क्वैश रैकेट	26.	स्क्वैश रैकेट
27.	टेबल टेनिस	27.	टेबल टेनिस
28.	ताइक्वांडो	28.	ताइक्वांडो
29.	टेनिस	29.	टेनिस
30.	बालीबॉल	30.	बालीबॉल
31.	कुश्ती	31.	कुश्ती
32.	योग	32.	योग

दिल्ली विश्वविद्यालय महिला एसोसिएशन

दिल्ली विश्वविद्यालय महिला एसोसिएशन (डीयूडब्ल्यूए) एक सामाजिक कल्याण संगठन है तथा इसे संघ राज्य क्षेत्र पर यथाविस्तारित सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का XXI) के अंतर्गत 31 अक्तूबर, 1964 को रजिस्ट्रीकृत किया गया था जिसका उद्देश्य दिल्ली विश्वविद्यालय के स्टाफ की महिला सदस्यों, छात्राओं, दिल्ली विश्वविद्यालय तथा इसके संघटक कॉलेजों और मान्यताप्राप्त संस्थाओं के स्टाफ के परिवार की महिला सदस्यों के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक, मनोरंजन, कल्याण, शैक्षणिक और आर्थिक क्रियाकलापों को बढ़ावा देना तथा उन्हें संचालित करना। साथ ही उन महिलाओं के भी हित में कार्य करना है जो विश्वविद्यालय परिसर तथा अन्य आस–पास के क्षेत्रों में निवास कर रही हैं। डीयूडब्ल्यूए की शुरुआत सामाजिक कार्यकर्ता, एक महान दिव्यद्रष्टा तथा तत्काल कुलपति, प्रो. सी.डी. देशमुख की पत्नी द्वारा की गई थी जिसका उद्देश्य वंचित तथा अन्य निस्सहाय महिलाओं को सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम और क्रियाकलाप

माइंड बॉडी सेंटर : दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्राओं की कुशलता को प्रोत्साहित करना इस केन्द्र का प्राथमिक उद्देश्य है जिसका उद्घाटन फरवरी, 2014 में प्रो. दिनेश सिंह, कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा किया गया था। चूंकि मस्तिष्क और शरीर की समस्याएं आपस में जुड़ी हुई हैं, उनका निराकरण केन्द्र में विद्यमान चिकित्सकों, प्राकृतिक–चिकित्सकों और परामर्शकों की विशेषज्ञता के माध्यम से अत्यंत व्यावहारिक तरीके से किया जाता है। निःशुल्क परामर्श के अलावा, केन्द्र में योग और एक्यूप्रेशर की तकनीकों का प्रयोग भी किया जाता है। छात्राओं तथा दिल्ली विश्वविद्यालय की महिला कर्मचारियों के होम्योपैथी और नैचुरोपैथी उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक भी नियुक्त किए गए हैं।

प्ले स्कूल : डीयूडब्ल्यूए प्री–स्कूल भी संचालित करता है जो हैं – ऊषा गांगुली शिशु विहार और दुर्गा बाई देशमुख बालवाड़ी जिनकी स्थापना क्रमशः 1967 और 1966 में हुई थी जिनका उद्देश्य बालक के बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक, कला–संबंधी और शारीरिक विकास को प्रोत्साहन प्रदान करना है। बालवाड़ी आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए है, जहां उन्हें निःशुल्क पोषक आहार प्रदान किया जाता है। दोनों ही विद्यालयों में लगभग 200 बच्चे नामांकित किए गए हैं।

सहयोग : सहयोग कार्यक्रम आस–पड़ोस के क्षेत्रों के कक्षा I से XII तक के निर्धन और वंचित छात्रों को सहायता प्रदान करता है जिससे उनके शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार आए। इस ट्यूशन–सहायता कार्यक्रम में छात्रों को पोषक अल्पाहार और

स्वास्थ्यवर्धक पेय उपलब्ध कराया जाता है। इसकी कक्षाएं सप्ताह में छह दिन दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जाती हैं तथा इस कार्यक्रम में लगभग 30 बच्चे नामांकित हैं।

वात्सल्य : इस बाल कार्यक्रम का आशय दिल्ली विश्वविद्यालय की कामकाजी महिलाओं को सहायता प्रदान करना है जिसका उद्देश्य उनके बच्चों की देखभाल संबंधी उनकी चिंताओं को कम करना है। यह डे–केयर सुविधा 6 माह से 6 वर्ष तक के आयु–वर्ग वाले बच्चों को उपलब्ध कराई जाती है। इस सुविधा में 50 बच्चों की देखरेख की जाती है।

महिला छात्रावास : डीयूडब्ल्यूए ने दिल्ली विश्वविद्यालय तथा उसके संबद्ध कॉलेजों की एकल महिला शिक्षकों के लाभ के लिए 1975 में अंतर्राष्ट्रीय महिला वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यशील महिलाओं के लिए श्री सदन नामक छात्रावास की स्थापना की। अन्य दो छात्रावास पुराना डीयूडब्ल्यूए छात्रावास और नया डीयूडब्ल्यूए छात्रावास दिल्ली विश्वविद्यालय की एम.फिल. और पीएच.डी. छात्राओं को आवास सुविधा उपलब्ध कराते हैं। छात्रावासों में लगभग 37 छात्राएं हैं तथा एक पूर्णकालिक वार्डन भी है।

दृष्टि : डीयूडब्ल्यूए की सदस्यों ने दिल्ली विश्वविद्यालय की दृष्टि–बाधित छात्रों की आवश्कयताओं की पूर्ति करने के लिए दृष्टि कार्यक्रम के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान दिया है। सदस्य पाठों को पढ़ती हैं और उन्हें रिकार्ड करती हैं, अध्ययन सामग्री की व्यवस्था करती हैं तथा दृष्टि–बाधित व्यक्तियों को भावनात्मक सहयोग भी उपलब्ध करती हैं।

जागृति : महिलाओं के मध्य कैंसर की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम व्याख्यानों, चर्चाओं, जांच शिविरों, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं तथा अन्य क्रियाकलापों के माध्यम से दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्राओं के मध्य जागरूकता का सृजन करने के लिए प्रयास करता है।

स्मृति–चिह्न शॉप : स्मृति–चिह्न शॉप की शुरुआत डीयूडब्ल्यूए की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों के भाग के रूप में नवम्बर, 2014 को की गई थी जिसका उद्घाटन प्रो. दिनेश सिंह, कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा किया गया था। इस क्रियाकलाप का प्राथमिक उद्देश्य दिल्ली विश्वविद्यालय के ब्रांड को संवर्धित करना तथा साथ–ही–साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों तथा समुदाय के अन्य सदस्यों के मध्य गौरव और अपनेपन की भावना को जागृत करना है। स्मृति–चिह्न मदों को तैयार करने और उनकी बिक्री का कार्य डीयूडब्ल्यूए के सदस्यों द्वारा प्रबंधित किया जाता है। कुछ स्मृति–चिह्न मदों की भारी मांग की जाती है जैसे फोल्डर, स्वेट शर्ट्स, बैग, पेन, की–चेन, मग आदि।

कम्प्यूटर साक्षरता कार्यक्रम : इस कार्यक्रम के तहत चार माह की अवधि का कंप्यूटर पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य कंप्यूटर की आधारभूत जानकारी प्रदान करना है तथा इसमें शामिल हैं – एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर–प्वाइंट, एक्सेस और इंटरनेट। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को आधारभूत कंप्यूटर कौशलों से लैस करना है।

भाषा परिचय कार्यक्रम : डीयूडब्ल्यूए अपनी सदस्यों, दिल्ली विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, संकाय–सदस्यों और छात्रों के लिए निःशुल्क अल्पकालिक भाषा परिचय पाठ्यक्रमों का आयोजन करने की पहल भी कर रहा है। यह कार्यक्रम चीनी भाषा और जर्मन भाषा के चार–पांच माह के पाठ्यक्रम के साथ आरंभ हुआ था।

- चीनी भाषा परिचय पाठ्यक्रम : फरवरी, 2015 से अगस्त, 2015
- जर्मन भाषा परिचय पाठ्यक्रम : सितम्बर, 2015 से फरवरी, 2016

पुस्तकालय : डीयूडब्ल्यूए छात्रावास में रहने वालों तथा डीयूडब्ल्यूए की सभी सदस्यों को पुस्तकालय की सुविधा भी उपलब्ध करा रहा है तथा हाल ही में हमने पुस्तकालय को कम्प्यूटरीकृत भी किया है और अद्यतन बनाया है जिससे इसके सभी सदस्यों की पुस्तकों तक पहुंच आसान बन गई है।

उद्यान और पर्यावरण समिति : डीयूडब्ल्यूए उद्यानों के संपोषणीय विकास, अपशिष्ट के पुनः चक्रण, हरित प्रबंधन आदि के संबंध में छात्रों के मध्य जागरूकता का सृजन करने के लिए अनेक जागरूकता कार्यक्रमों और कार्यशालाओं का आयोजन भी करता है।

खेल–कूद : डीयूडब्ल्यूए विद्यालय के छात्रों, सहयोग के बालकों तथा अपने सभी सदस्यों को सक्रिय और स्वस्थ रखने के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी करता है।

समुदाय सेवाएं : डीयूडब्ल्यूए के सदस्य आस–पड़ोस के क्षेत्रों में कौशल विकास के लिए कार्यशालाओं का आयोजन भी करते हैं।

आगामी क्रियाकलाप और प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम (संभवतः अक्तूबर, 2017 में)

शैक्षणिक पाठ्यक्रम

- कम्प्यूटर पाठ्यक्रम

आधारभूत (3 माह) तथा एडवांस्ड (3 माह)

- व्यक्तित्व विकास (3 माह)
- बोलचाल की अंग्रेजी (लिखित एवं मौखिक) (6 माह)
- भाषाएं : विदेशी एवं भारतीय
- अध्ययन करते हुए कमाएं (हस्तशिल्प, पाक कला और हस्त कशीदाकारी)
- सौंदर्य पाठ्यक्रम

रुचि वाली कक्षाएं

- संगीत
- चित्रकला
- एरोबिक्स
- नृत्य
- ड्रेस डिजाइनिंग

वर्ष 2016–17 के दौरान संचालित कुछ प्रमुख क्रियाकलाप

यूजीएसवी एवं डीडीबी विद्यालयों के नए अभिभावकों के लिए 09 अप्रैल, 2016 को परिबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीयूडब्ल्यूए ने 23 अप्रैल, 2016 को मैगी क्रिएटिव किचन क्रियाकलाप संचालित किया। इसके कुछ विशेष आकर्षण थे : स्वागत पेय, मैगी नूडल्स को चखना, व्यंजन प्रदर्शन, तम्बोला और नेस्ले द्वारा उपहार वितरण।

डीयूडब्ल्यूए सदस्यों द्वारा 23 अप्रैल को वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया।

सहयोग तथा वात्सल्य उप–समिति द्वारा 23 मई, 2016 से 5 जून, 2016 तक डीयूडब्ल्यूए में बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गयाः

- योग कक्षाएं
- मनोरंजक क्रियाकलाप
- सृजनात्मक क्रियाकलाप
- आभूषण निर्माण
- कला एवं शिल्प
- नृत्य एवं चित्रकला
- प्रकृति की सैर

पाक–कला प्रतियोगिता (विभिन्न प्रकार के मानसून अल्पाहार) का आयोजन 16 जुलाई, 2016 को किया गया।

जर्मन भाषा स्तर– II की कक्षाएं 21 जुलाई, 2016 से अक्तूबर, 2016 तक आयोजित की गईं।

30 जुलाई, 2016 को डॉ. दीप गोयल (बी.एल. कपूर अस्पताल) द्वारा डीयूडब्ल्यूए सभागार में मोटापे को नियंत्रित करने के लिए शल्य–चिकित्सा पर एक वार्ता की गई।

12 अगस्त, 2016 को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

विद्यालय तथा वात्सल्य के बालकों द्वारा 24 अगस्त, 2016 को जन्माष्टमी मनायी गयी।

यूजीएसवी और डीडीबी विद्यालय शिक्षकों द्वारा 7 अक्तूबर, 2016 को 'रामकथा' का मंचन किया गया।

सहयोग उप–समिति द्वारा 15 अक्तूबर, 2016 को 'दुर्गा दशहरा महोत्सव' का आयोजन किया गया।

'सांस्कृतिक उप–समिति द्वारा 21 अक्तूबर, 2016 को 'दिवाली मेले' का आयोजन किया गया।

यूजीएसवी और डीडीबी विद्यालय द्वारा 27 अक्तूबर, 2016 को 'दिवाली का उत्सव' मनाया गया।

डॉ. नीलिमा अस्थाना और सुश्री नुपुर सिन्हा द्वारा 3 नवम्बर, 2016 को 'कागज–पुनःचक्रण' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें लेडी इरविन कॉलेज के दो विशेषज्ञों तथा छात्राओं के दल ने भी प्रतिभागिता की।

सुश्री कामिनी मिनोचा और सुश्री शक्ति शर्मा द्वारा 7 नवम्बर, 2016 को सहयोग के बालकों के लिए स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

यूजीएसवी और डीडीबी के बालकों द्वारा 11 नवम्बर, 2016 को 'चाचा नेहरू' तथा ''अंजलि स्मारक चित्रकला प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया।

वात्सल्य की वर्षगांठ का समारोह 29 नवम्बर, 2016 को आयोजित किया गया जिसका मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम था जिसे वात्सल्य के बच्चों द्वारा संचालित किया गया था।

विद्यालय के बच्चों तथा अभिभावकों के लिए 10 दिसम्बर, 2016 को सुश्री शुभा गोस्वामी (शिक्षक एवं परामर्शदाता, आरसीआई) द्वारा 'बचपन की प्रारंभिक अवस्था में प्रशिक्षण' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सुश्री निशा कनोडिया द्वारा 17 दिसम्बर, 2016 को पाक–कला प्रदर्शन किया गया। इसका मुख्य आकर्षण था – 'खीर बनाना'।

यूजीएसवी एवं डीडीबी विद्यालय का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 24 दिसम्बर, 2016 को आयोजित किया गया।

नववर्ष तथा लोहड़ी का आयोजन 13 जनवरी, 2017 को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया।

यूजीएसवी एवं डीडीबी विद्यालयों का गणतंत्र दिवस समारोह 25 जनवरी, 2017 को आयोजित किया गया।

डीडीबी एवं यूजीएसवी विद्यालयों का वार्षिक दिवस समारोह 28 जनवरी, 2017 को आयोजित किया गया।

डीयूडब्ल्यूए सदस्यों के लिए खेल दिवस 31 जनवरी, 2017 को आयोजित किया गया।

सहयोग बालकों के लिए खेल दिवस फरवरी, 2017 को आयोजित किया गया।

डीयूडब्ल्यूए सदस्यों के लिए पिकननिक (सूरजकुंड मेला) का आयोजन 10 फरवरी, 2017 को किया गया।

डीडीबी और यूजीएसवी विद्यालयों का वार्षिक खेल दिवस 10 फरवरी, 2017 को आयोजित किया गया।

माइंड–बॉडी सेंटर की वर्षगांठ 13 फरवरी, 2017 को मनाई गई।

वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी 23 फरवरी, 2017 को आयोजित की गई तथा डीयूडब्ल्यूए सदस्यों द्वारा विभिन्न स्टॉल लगाए गए :

- फूड प्लाजा स्टॉल
- स्मृति चिह्न शॉप स्टॉल
- माइंड बॉडी सेंटर स्टॉल
- हर्बल एवं औषधीय पादप स्टॉल

'होली मिलन' का आयोजन 10 मार्च, 2016 को किया गया।

'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' 18 मार्च, 2017 को आयोजित किया गया तथा इस अवसर पर 'महिलाओं का स्वास्थ्य, सौंदर्य और घरेलू देखभाल' पर डॉ. नीना अमीन द्वारा एक वार्ता का आयोजन किया गया।

डीडीबी और यूजीएसवी विद्यालय द्वारा मनोरंजन दिवस (कठपुतली कार्यक्रम) का आयोजन 24 मार्च, 2017 को किया गया।

डीडीबी और यूजीएसवी विद्यालयों का शिक्षांत दिवस 25 मार्च, 2017 को आयोजित किया गया।

हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय

हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय हिंदी माध्यम वाले स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर छात्रों के लाभ के लिए विशेष रूप से सामाजिक विज्ञान और मानविकी विषयों पर उच्च स्तरीय पाठ्यपुस्तकों को हिंदी में प्रकाशित करता है। हमने अभी तक लगभग 210 पुस्तकें प्रकाशित की हैं। 2016–17 के दौरान, हमने प्रो. रुमकी बासु द्वारा लिखित पुस्तक का 'लोक प्रकाशन' नामक हिंदी रूपांतरण प्रकाशित किया। हमने पुनः मुद्रित पुस्तकों नामतः प्राचीन भारत का इतिहास (झा एवं श्रीमाली) तथा मध्यकालीन भारत भाग–1 और 2 की लगभग 25,000 प्रतियां प्रकाशित कीं।

हमने 7 जनवरी से 15 जनवरी, 2017 तक प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेला में भाग लिया।

विदेशी छात्रों का पंजीकरण

अंतर्राष्ट्रीय छात्र समुदाय ने शैक्षणिक वर्ष 2016–17 के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के प्रति अपनी गहन रुचि को प्रदर्शित करना जारी रखा। विदेशी छात्र कार्यालय ने 3819 आवेदन प्राप्त किए जिसमें आईसीसीआर छात्रवृत्ति धारकों के 1358 आवेदन भी शामिल थे। शैक्षणिक वर्ष 2016–17 के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में कुल 560 छात्रों, 260 महिला और 300 पुरुष को प्रवेश दिया गया। विश्वविद्यालय के पास कुल 1497 विदेशी छात्र पंजीकृत है जो प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रमों से लेकर पीएच.डी. कार्यक्रम तक विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर रहे हैं।

विदेशी छात्र रजिस्ट्री का कार्यालय नामांकित छात्रों, उनके आवासीय छात्रावासों, दूतावासों, कॉलेजों, विभागों और संस्थाओं के साथ घनिष्ठ संपर्क बनाए रखता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को उनके शिक्षण के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए।

छात्रों के लिए अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शैक्षणिक सत्र 2016–17 के दौरान दाखिला लिए गए छात्रों के लिए सितम्बर, 2016 में परिबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। किरोड़ी मल कॉलेज विदेशी छात्र एसोसिएशन नें भी अनेक सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। विदेशी छात्रों ने दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित भारत–नेपाल संबंध दूतावास व्याख्यान–माला आदि में भी प्रतिभागिता की।

गांधी भवन

दिल्ली विश्वविद्यालय का गांधी भवन मोहनदास करमचंद गांधी के विचारों और कार्यों के अध्ययन के प्रति समर्पित केन्द्र है। गांधी भवन का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों के मध्य गांधीजी के संदेश को प्रसारित करना तथा उनमें उनकी सिखाई गई बातों के प्रति रुचि पैदा करना है। इसके मुख्य और अन्य उद्देश्यों की प्राप्ति की प्रक्रिया में शिक्षकों, छात्रों और कर्मियों से मिलकर बना विश्वविद्यालय का एक समर्पित समूह गांधी भवन तथा कॉलेजों में स्थापित गांधी अध्ययन सर्किलों के माध्यम से गांधीवादी विचारधारा और दर्शन के प्रवक्ताओं के रूप में कार्य करता है। इन उद्देश्यों की प्राप्ति करने के

लिए गांधी भवन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है। जैसे– व्याख्यान श्रृंखला, विशेष वार्ताएं, संगोष्ठियां, पारस्परिक चर्चा सत्र, कार्यशालाएं, पुस्तक पाठन, जागरूकता कार्यक्रम, फिल्म प्रदर्शन, स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम, भजन–संध्या, वाद–विवाद, नुक्कड़ नाटक, खेल क्रियाकलाप, योग एवं आध्यात्मिकता के कार्यक्रम तथा महत्वपूर्ण स्थलों के दौरे। गांधी भवन में नियमित कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं, जैसे छात्रों के लिए खादी कक्षाएं, चरखा चलाने की कक्षाएं, निःशुल्क विधिक सहायता क्लीनिक तथा छात्रों की हिंदी टाइपिंग के कौशलों को बढ़ाने के लिए कम्प्यूटर कक्षाएं और गीता पर प्रवचन। गांधी भवन चरखे से सूत कातने में प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम तथा खादी प्रशिक्षण में प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम भी संचालित करता है। गांधी भवन विभिन्न महत्वपूर्ण दिवसों जैसे पर्यावरण दिवस, सुशासन दिवस और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अलावा गांधी जयंती और शहीदी दिवस भी मनाता है।

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

इस अवधि के दौरान निम्नलिखित वार्ताओं/व्याख्यानों/पारस्परिक संपर्क–सत्रों/कार्यशालाओं का आयोजन किया गयाः

डॉ. संतोष कुमार राय, इतिहास विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 'महात्मा गांधी, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन और दांडी यात्रा आंदोलन'।

डॉ. सीमा बोस, दर्शन–शास्त्र विभाग, दयाल सिंह कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 'मूल्यों का संपर्क : गांधीवादी मार्ग'।

डॉ. सीमा खन्ना अग्रवाल, पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर, दर्शन–शास्त्र, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 'गांधीवादी सत्याग्रह को आज लागू करना : गांधी की दांडी यात्रा का विश्लेषण'।

प्रो. के.आर. शर्मा, पूर्व सदस्य, प्रबंध समिति, गांधी भवन द्वारा 'भारत की सॉफ्ट पावर के रूप में गांधी।'

डॉ. शालिनी सक्सेना, पूर्व रीडर एवं प्रमुख, श्रीमती सी.एच.एम. महिला कॉलेज, मुंबई विश्वविद्यालय से संबद्ध द्वारा 'स्वतंत्रता संग्राम में गांधी की भूमिका'।

डॉ. शालीन जैन, एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 'गांधी दर्शन और जैन–धर्म।'

डॉ. चन्द्रा, हिंदी विभाग, मिरांडा हाउस, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 'गांधी और अहिंसा के विचारों की आज के युग में प्रासंगिकता' पर व्याख्यान दिया गया।

डॉ. जगबीर सिंह, भूगोल विभाग, स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 'आपदा की तैयारी : उत्तरजीविता के लिए जानकारी'।

एक पारस्परिक संपर्क सत्र आयोजित किया गया जिसमें अनिल कुमार, दीपक कुमार और रिश्वा माथुर ने दिसम्बर, 2016 में चीन की उनकी यात्रा पर आधारित रेडियो और वीडियो क्लिपिंग्स प्रस्तुत कीं।

इंजी. सुधीर शर्मा, एल एंड टी मुंबई द्वारा प्रकृति के आश्चर्य।

डॉ. रवि पी. भाटिया, पूर्व–सदस्य, प्रबंध समिति, गांधी भवन द्वारा 'गांधी, हिंद स्वराज और निर्माणात्मक कार्यक्रम'।

प्रो. कैलाश नारायण तिवारी, हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 'गांधी–महात्मा क्यों?'

आयुर्वेद परामर्शदाता डॉ. अंकुरिता गुप्ता द्वारा आयुर्वेद जीवन–शैली।

'गांधी अपने समय में और हमारे समय में' पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें छात्रों ने महात्मा गांधी के राजनीतिक, सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन में उनके विचारों को साझा किया।

योग पर आधारित एक कार्यशाला में योगाचार्य गोपाल कृष्ण, संस्थापक, आनंद योग अमृत, नई दिल्ली तथा श्री विजय भारती, संकाय सदस्य, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई), नई दिल्ली संसाधन विशेषज्ञ थे।

प्रो. हुआंग चिंगहांग, स्कूल ऑफ इंटरनेशनल रिलेशंस, सन येट–सेन विश्वविद्यालय, गौंगजोऊ, पीआरसी द्वारा 'महात्मा गांधी पर चीन संदर्श : एक ऐतिहासिक समीक्षा।'

डॉ. सियाराम मिश्रा हलधर, बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा महात्मा गांधी का जीवन–चित्र।

जागरूकता अभियान

'सुशासन में ध्यान और योग का महत्तव' पर एक पारस्परिक चर्चा सत्र के माध्यम से सुशासन दिवस भी आयोजित किया गया।

डेंगू पर जागरूकता के लिए लोक नायक अस्पताल, नई दिल्ली की डॉ. ऋतु सक्सेना ने प्रस्तुतिकरण पेश किया।

प्रतिस्पर्धाएं

''मोबाइल फोन वरदान नहीं अभिशाप' पर एक वाद–विवाद का आयोजन किया गया।

चरखा कताई प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

भजन

डॉ. एस.वी. एश्वरन द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन गाए गए।

'भजन संध्या में श्री ईश्वर शर्मा ने गांधी जी के प्रिय भजन गाए।

'भजन संध्या' में श्री हर्षदेव तोमर द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन गाए गए।

दौरे

हरिजन सेवक संघ, किंगज्वे कैंप, दिल्ली।

रेल संग्रहालय, नई दिल्ली

त्रिवेणी वृद्धाश्रम, कंझावला, नई दिल्ली

वृत्त चित्र/फिल्म प्रदर्शन

महात्मा गांधी : बीसवीं शताब्दी की एक महान आत्मा

महात्मा गांधी का जीवन

आजादी की यादों में

भारत छोड़ो आंदोलन

भ्रष्टाचार के विरुद्ध भारत

मौलाना अबुल कलाम आजाद का जीवन

महात्मा गांधी : 20वीं शताब्दी के पैगम्बर

पुस्तक पाठन

महात्मा गांधी की जीवनी 'माई एक्सपेरीमेंट्स विद ट्रुथ' से शिक्षा पर उद्घाटन

महात्मा गांधी की जीवनी 'माई एक्सपेरीमेंट्स विद ट्रुथ' से उद्घाटन

'हिंद स्वराज' से शिक्षा पद उद्घाटन

बच्चों/छात्रों के लिए क्रियाकलाप और खेल

बच्चों के लिए एक माह का कंप्यूटर पाठ्यक्रम आरंभ किया गया।

पमपम (फूंदना) निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई।

'पेपर बैग बनाने' पर कार्यशाला आयोजित की गई।

खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

गांधी भवन के छात्रों तथा कर्मचारियों के साथ पौधे लगाए गए।

क्रिसमस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रमों की विशेष श्रृंखला

1. गांधी भवन ने अप्रैल और मई, 2016 के दौरान 'योग महोत्सव' के उपलक्ष्य में विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन किया। निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए:

    - बच्चों/युवाओं तथा विश्वविद्यालय के कर्मियों के लिए एक योग और ध्यान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 20 जून, 2006 तक जारी रहा। इन सभी प्रतिभागियों ने 21 जून, 2016 को विश्व योग दिवस में भाग लिया।

    - योग महोत्सव में मापदण्डों को ध्यान में रखते हुए अर्थात् योग पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना तथा अभिनव कदम/उपाय उठाना, 18 मई, 2016 को एक–दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए थे जिनमें योग आसन, खादी प्रक्षालन, चरखा प्रचालन और भजन सत्र शामिल था।

2. डॉ. वी. थुरेजा, वनस्पति विज्ञान विभाग, मिरांडा हाउस, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा एक प्रस्तुतिकरण के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया जिसके उपरांत परिसर में पौध–रोपण किया गया। हीरो मोटर ग्रुप द्वारा सड़क सुरक्षा पर एक प्रस्तुतिकरण भी दिया गया।

3. 'बाबू–लाल बहादुर शास्त्री भावसुमनांजलि' सूक्ति के अंतर्गत 26.9.2016 – 2.10.2016 तक महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की वर्षगांठ को मनाने के लिए अनेक कार्यक्रमों/समारोहों का आयोजन किया गया। आयोजित किए गए कार्यक्रम इस प्रकार हैं:

- प्रो. डी.डी. अग्रवाल (सेवानिवृत्त) प्रौढ़ शिक्षा एवं सतत शिक्षा विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 'सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से युवा सामाजीकरण' पर एक प्रस्तुतिकरण आयोजित किया गया। खादी आश्रम, कमला नगर, दिल्ली द्वारा खादी उत्पादों की प्रदर्शनी और विक्रय काउंटर भी 2 अक्तूबर, 2016 तक लगाया गया जिसमें खादी उत्पादों पर विशेष छूट दी गई।

- 'सड़क सुरक्षा और प्राथमिक उपचार' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गई।

- चरखा कताई प्रतियोगिता आयोजित की गई।

- मोबाइल फोन वरदान नही अभिशाप' पर एक वाद–विवाद आयोजित किया गया।

- श्रीमती प्रतिभा शर्मा, पूर्व एसीपी, दिल्ली पुलिस द्वारा 'विवाह और आप' विषय पर पारस्परिक चर्चा सत्र आयोजित किया गया।

- दिल्ली विश्वविद्यालय कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए एक विशेष योग सत्र आयोजित किया गया। इसी दिन एक विशेष कार्यक्रम 'खेल–खेल में स्वच्छता' भी आयोजित किया गया।

- 2 अक्तूबर, 2016 को बापू और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। प्रो. योगेश कुमार त्यागी, माननीय कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय ने शांति का संदेश दिया।

4. 20 और 21 जून, 2016 को द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। प्रो. योगेश त्यागी, माननीय कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे तथा उन्होंने सर्वप्रथम परिसर में एक पौधा लगाया और उपस्थित व्यक्तियों को संबोधित किया।

5. गांधी भवन ने 31.10.2016 से 5.11.2016 तक अत्यंत जोश और उत्साह के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। कार्यक्रम के प्रारंभ में 31 अक्तूबर, 2016 को प्रो. अनीता शर्मा निदेशक (अवैतनिक) गांधी भवन ने अन्य कर्मचारियों के साथ शपथ ग्रहण की। 2 नवम्बर, 2016 को एक लघु फिल्म 'इंडिया अंगेस्ट करप्शन' दिखाई गई। 3 नवम्बर को, गांधी भवन के कार्यकर्ताओं के समूह द्वारा आम जनता के मध्य पर्चे बांटे गए जिनमें समाज से भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए जागरूकता फैलाने संबंधी सामग्री निहित थी। कार्यक्रमों की श्रृंखला में, 4 नवम्बर, 2016 को श्री ओमवीर सिंह बिश्नोई (आईपीएस), पुलिस उपायुक्त, भ्रष्टाचार–रोधी शाखा, जीएनसीटी, दिल्ली द्वारा 'सत्यनिष्ठा को प्रोत्साहित करने तथा भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए अच्छी प्रक्रियाएं' विषय पर एक विशेष वार्ता का आयोजन किया गया।

6. शहीदी दिवस 31.1.2017 को आयोजित किया गया जिसमें सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर, दिल्ली विश्वविद्यालय सामाजिक केन्द्र स्कूल, मौरिस नगर, सीआईई बेसिक एक्सपेरिमेंटल स्कूल तथा हरिजन सेवक संघ, किंग्स्वे कैंप, दिल्ली ने महात्मा गांधी को श्रंद्धाजलि अर्पित करने के लिए प्रार्थना और भजन गाए। महात्मा को संगीतमय श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। माननीय कुलपति प्रो. योगेश त्यागी ने उपस्थित जनों को शांति का संदेश दिया।

7. प्रो. मदन मोहन चतुर्वेदी, अध्यक्ष, गांधी भवन ने गांधी भवन के प्रबंध समिति के सदस्यों के साथ मिलकर गांधी भवन परिसर में पौधारोपण किया।

8. गांधी भवन में 5 और 6 जनवरी, 2017 को प्रयोग में लाए गए वस्त्रों और पुस्तकों का दान शिविर आयोजित किया गया था। बाद में, विभिन्न स्रोतों से प्राप्त समान को जरूरतमंद लोगों में आगे वितरण के लिए मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी, मजनूं का टीला, दिल्ली–54 भिजवा दिया गया।

9. वर्धा महाराष्ट्र की यात्रा करने वाले प्रतिभागियों द्वारा 23.1.2017 को एक गोल मेज चर्चा का आयोजन किया गया था। प्रस्तुतिकरण के माध्यम से उन्होंने छात्रों के साथ अपनी यात्रा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

योग–ध्यान और स्वच्छता

श्री सत्यवीर सिंह, नौलखा, वरिष्ठ संकाय–सदस्य, आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा 9.8.2016 को एक परिचायक योग सत्र का आयोजन किया गया।

9 अगस्त, 2016 से आजादी–70–याद करो कुर्बानी के तत्वावधान में कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का आयोजन किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा 1.9.2016 से 15.9.2016 तक आयोजित किया गया जिसमें छात्रों तथा स्टाफ सदस्यों ने स्वैच्छिक रूप से पीस, डोम, शौचालय, ब्लॉक और पुस्तकालय की सफाई की।

दिल्ली विश्वविद्यालय के कर्मियों तथा उनके परिवार के सदस्यों के लिए द्वितीय विशेष योग सत्र 7.10.2016 को आयोजित किया गया।

दिल्ली विश्वविद्यालय के कर्मियों तथा उनके परिवार के सदस्यों के लिए तृतीय विशेष योग सत्र 15.10.2016 को आयोजित किया गया।

दिल्ली विश्वविद्यालय के कर्मियों तथा उनके परिवार के सदस्यों के लिए चौथा विशेष योग सत्र 22.10.2016 को आयोजित किया गया।

दिल्ली विश्वविद्यालय के कर्मियों तथा उनके परिवार के सदस्यों के लिए पांचवां विशेष योग सत्र 29.10.2016 को आयोजित किया गया।

सम्मान/विशिष्टयां

प्रो. अनीता शर्मा, निदेशक, गांधी भवन, दिल्ली विश्वविद्यालय ने निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त किएः

- निर्वाण शांति प्रतिष्ठान, चिटगांव, बांग्लादेश द्वारा जुलाई, 2016 में पत्रकार विमलेन्दु बरुआ शांति पुरस्कार – 2016.
- इंटरनेशनल विमेन क्लब, सिडनी, आस्ट्रेलिया द्वारा मार्च, 2017 में शांति के क्षेत्र में उपलब्धि के लिए पुरस्कार।

महामहिम लुओ जाओहुई, भारत गणराज्य में चीन जनवादी गणराज्य के एम्बेस्डर एक्ट्रॉआर्डिनरी एंड प्लेनीपोटेंशनरी ने 23.12.2016 को गांधी भवन का दौरा किया गया।

डॉ. रत्ना घोष, सी.एम., ओ.क्यू., पीएच.डी., एफ.आर.एस.सी. जेमर मैक गिल प्रोफेसर तथा डब्ल्यू.सी. मैक डोनाल्ड प्रोफेसर ऑफ एजुकेशन, मैक गिल विश्वविद्यालय, शिक्षा संकाय, मांट्रियल, कनाडा ने 28.12.2016 को गांधी भवन का दौरान किया।

यू.एस. विश्वविद्यालय के छात्रों के एक समूह ने महात्मा गांधी, चरखे और खादी के बारे में अपने ज्ञान में वृद्धि करने के लिए 4.1.2017 को गांधी भवन का दौरा किया।

नीदरलैंड विश्वविद्यालय के छात्रों के एक समूह ने महात्मा गांधी, चरखे तथा खादी के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए 1.2.2017 को गांधी भवन का दौरा किया।

गांधीवादी अध्ययन संस्थान, वर्धा, महाराष्ट्र के छात्रों के एक समूह ने 3.2.2017 को गांधी भवन का दौरा किया।

सेंट स्टीफंस कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के समूह ने गांधी भवन का दौरा किया। अन्य बातों के साथ–साथ छात्रों ने अत्यंत उत्साह से चरखा चलाने और खादी प्रक्षालन की कक्षाओं में भाग लिया। उन्हें महात्मा गांधी पर एक वृत्तचित्र भी दिखाया गया।

गांधी भवन ने नॉन–कॉलिजिएट वीमेंस एजुकेशन बोर्ड (एनसीडब्ल्यूईबी) दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से 22.2.2017 को 'अंधेर नगरी और चौपट राजा' नामक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। एनसीडब्ल्यूईबी के कुल छह केन्द्रों (कॉलेजों) ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

विस्तार और संपर्क क्रियाकलाप

गांधी भवन द्वारा प्रदान की गई आर्थिक–वित्तीय सहायता के अंतर्गत विभिन्न कॉलेजों के गांधी अध्ययन सर्किलों द्वारा आयोजित कार्यक्रम/क्रियाकलापः

गांधी अध्ययन केन्द्र : उक्त संदर्भित क्रियाकलापों/कार्यक्रमों के अलावा गांधी अध्ययन केन्द्र के तत्वावधान में अनेक कार्यवाही उन्मुख कार्यक्रमों/समारोहों का आयोजन किया गया जिन्हें इन कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए गांधी भवन द्वारा 10,000/– रुपए प्रत्येक की आंशिक वित्तीय सहायता प्रदान की गई। निम्नलिखित कॉलेजों द्वारा 2016–17 के दौरान गांधीवादी मूल्यों पर कार्यक्रम/समारोह आयोजित किए गएः

- अदिति महाविद्यालय
- आर्यभट्ट कॉलेज
- रामलाल आनंद कॉलेज
- जाकिर हुसैन कॉलेज (सांध्य)

अन्य प्रासंगिक जानकारी

नियमित कार्यक्रम/पाठ्यक्रम और क्रियाकलाप :

योग कक्षाएं सोमवार से शुक्रवार प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक और अपराह्न 1 बजे से सांय 5 बजे तक तथा शनिवार को प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित की जा रही हैं। ध्यान कक्षाएं : सोमवार से शुक्रवार अपराह्न 4 बजे से सांय 5.30 बजे तक।

गीता के उपदेश प्रत्येक रविवार प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक सुनाए जाते हैं।

चरखा चलाने का प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम प्रत्येक बुधवार अपराह्न 3 बजे से सांय 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।

खादी प्रमाण–पत्र कार्यक्रम प्रत्येक बुधवार प्रातः 9 बजे से सांय 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।

प्रत्येक गुरुवार को 'कुलपति से भेंट' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसका उद्देश्य दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों तथा गैर–शिक्षण कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण करना है।

डीएसएलएसए, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली के सहयोग से निःशुल्क विधिक सहायता क्लीनिक प्रत्येक शुक्रवार अपराह्न 3:00 बजे से 5.00 बजे तक चलाई जाती है।

दिल्ली सरकार की हिंदी अकादमी द्वारा गांधी भवन में हिंदी आशुलिपि और टंकण का प्रशिक्षण भी आयोजित किया जा रहा है।

छात्रों के लिए कंप्यूटर कक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक तथा अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जा रही हैं जिनमें कंप्यूटरों की आधारभूत जानकारी प्रदान की जाती है तथा हिंदी टाइपिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

विशेष योग क्रियाकलाप गांधी भवन परिवार के लिए प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे आयोजित किया जा रहा है।

उद्यान समिति

नए लॉन्स् और उद्यानों का विकास/नवीकरण

(i) विश्राम गृह और सर्वेंट क्वार्टर के समीप माननीय कुलपति के निवास के लॉन का विकास

(ii) माननीय कुलपति के निवास के पिछले भाग में लॉन का नवीकरण।

(iii) विश्वविद्यालय अतिथि गृह के कुछ भागों में लॉन का नवीकरण।

(iv) केन्द्रीय पुस्तकालय के भीतरी भाग में (2 भाग) लॉनों का नवीकरण।

(v) कला संकाय में गेट नं. 2 से ट्यूटोरियल भवन तक लॉन का नवीकरण।

(vi) समान अवसर प्रकोष्ठ भवन में लॉन का नवीकरण।

(vii) कला संकाय, पार्किंग क्षेत्र में लॉन का नवीकरण।

(viii) नए प्रशासनिक खंड के दोनों ओर लॉन का नवीकरण।

(ix) रसायन विज्ञान विभाग के चार भागों में लॉन का नवीकरण।

(x) डीयूडब्ल्यूए केन्द्र में लॉन का नवीकरण।

पुरस्कार और ट्रॉफियां

उद्यान समिति ने इंद्रप्रस्थ बागवानी सोसाइटी, दिल्ली द्वारा आयोजित वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी में प्रतिभागिता की तथा निम्नलिखित ट्रॉफियां जीतीः

1. कुलपति का टेरेस उद्यान, अशीष फाउंडेशन रोलिंग ट्राफी
2. मुगल गार्डन – श्री मनोरंजन कुमार रोलिंग ट्रॉफी
3. कुलपति के आवास का उद्यान – आईएचएस रोलिंग ट्रॉफी
4. रांउड पार्ट, विश्वविद्यालय स्टेडियम – भटनागर रोलिंग ट्रॉफी
5. सर शंकर लाल हॉल – रघुवीर लक्ष्मी देवी स्मारक रोलिंग ट्रॉफी
6. वित्त अधिकारी निवास – श्रीमती सुनीता कुमार चैलेंज शील्ड

ऑन दि स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता

सभी आगंतुकों के लिए एक फोटोग्राफी प्रतियोगिता गुरुवार, 23 फरवरी, 2017 को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक पुष्प प्रदर्शनी स्थल में आयोजित की गई। इसका उद्घाटन डॉ. हर्षवर्धन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार द्वारा किया गया, जो पुष्प प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि भी थे। आयोजन के दौरान अनेक क्रियाकलाप आयोजित किए गए। जैसे– बायलॉजिकल प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, विभिन्न प्रकार के उद्यान उपकरणों और पादपों का स्टॉलों में प्रदर्शन। 25000 से अधिक लोगों ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया। लगभग 100 रनिंग कप/ट्राफियां, मालियों/प्रदर्शनकर्ताओं को प्रदान की गई तथा उन्हें नकद पुरस्कार भी दिए गए।

दिल्ली विश्वविद्यालय महिला एसोसिएशन ने पुरुष प्रदर्शनी में विभिन्न उत्पादें प्रदर्शित कीं जिनकी गणमान्य अतिथियों तथा आंगतुकों द्वारा अत्यंत सराहना की गई।

विश्वविद्यालय अतिथि गृह

विश्वविद्यालय का अतिथि गृह दिल्ली विश्वविद्यालय के गेट नं. 1 पर स्थित है। यह अपने दोनों ओर स्थित सुंदर बगीचों का अत्यंत मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है। अतिथि गृह के आसपास का वातावरण अत्यंत स्वच्छ और शांतिपूर्ण है। इसमें तैंतीस कमरों के अलावा बांस के छह कॉटेज भी हैं। सभी कमरों और बांस के कॉटेजों के आरामदेह प्रवास की सभी सुविधाएं विद्यमान हैं। अतिथि गृह के कर्मचारी अतिथियों का समुचित आदर–सत्कार करते हैं और उन्हें अच्छा भोजन मुहैया कराते हैं।

स्वच्छता अभियान

1. अतिथियों के कुछ कमरों, गलियारों (प्रथम, द्वितीय और तृतीय तल), स्वागत कक्ष, भोजनालय/समिति कक्ष/लांज/कार्यालय के बाहरी क्षेत्र, अतिथियों के कमरों के आगे और पीछे के भागों में व्हाइट वाश की गई।
2. कीट नियंत्रण प्रत्येक 2–3 माह में किया जाता है।
3. समय–समय पर उद्यान स्वच्छता अभियान चलाया जाता है।

कमरों में अतिरिक्त सेवाएं

1. सभी कमरों में इलेक्ट्रिक कैटल उपलब्ध कराई गई है।
2. कुछ कमरों में पुरानी टीवी के स्थान पर नए एलईडी टीवी लगाए गए हैं।
3. पुरानी बेड चादरों, तौलियों, तकियों के कवर को बदला जाता है।

खानपान व्यवस्था

विश्वविद्यालय के अतिथि–गृह ने कमरों में ठहरे अतिथियों को समस्त समय के भोजन उपलब्ध कराए तथा विभिन्न कार्यक्रमों जैसे सम्मेलन/संगोष्ठियों/बैठकें/सेवानिवृत्ति पार्टियों/गेट–टुगेदर आदि के दौरान उक्त अवधि में लगभग 20,080 व्यक्तियों के लिए विशेष खानपान व्यवस्था (मध्याह्न–भोज/रात्रिभोज/अल्पाहार) की व्यवस्था की।

कमरों में आवास व्यवस्था

इस अवधि के दौरान अतिथि–गृह में लगभग 300 अतिथियों को आवास प्रदान किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय अतिथि–गृह

वर्ष 2016–17 के दौरान आईजीएच में निम्नलिखित सुधार/अवसंरचना विकास/नए परिवर्धन किए गए:

खानपान व्यवस्था

वर्ष 2016–17 के दौरान मध्याह्न–भोज/रात्रिभोज/अल्पाहार/सम्मेलनों/बैठकों/संगोष्ठियों आदि के लिए किए गए 315 अनुरोधों के लिए विशेष खानपान व्यवस्था उपलब्ध कराई गई।

कमरों में आवास व्यवस्था

इस अवधि के दौरान 1260 कमरों को आवास और भोजन के लिए उपलब्ध कराया गया। आईजीएच में ठहरने वाले अधिकांश अतिथि विदेशी थे तथा सभी अतिथि आईजीएच के कर्मियों की सेवाओं/भोजन/व्यवहार से संतुष्ट थे।

नई सुविधाएं और सहूलियतें

एक वाटर प्यूरीफायर की खरीद।

राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी)

एनसीसी को स्नातकपूर्व प्रवेशों के लिए एक शिक्षणेत्तर क्रियाकलाप (ईसीए) माना गया तथा सत्र 2016–17 में दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम बार विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई के माध्यम से केन्द्रीयकृत रूप से परीक्षण संचालित कराए गए।

दिल्ली विश्वविद्यालय के 45 कॉलेजों में वरिष्ठ विंग और वरिष्ठ प्रभाग में एनसीसी कैडेटों के नामांकन संचालित किए गए तथा लगभग 4500 कैडेटों को नामांकित किया गया।

एनसीसी कैडेटों ने विभिन्न विश्वविद्यालय स्तरीय क्रियाकलापों में भाग लिया। जैसे– विश्वविद्यालय स्थापना दिवस, विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह, राजदूत व्याख्यान श्रृंखला, पूर्व–छात्र व्याख्यान श्रृंखला, थाई शिष्टमंडल, सड़क सुरक्षा कार्यक्रम, भारत का निर्वाचन आयोग – एसवीईईपी कॉलेज परिसर राजदूत आदि। एनसीसी कैडेटों ने एनसीसी निदेशालय द्वारा आयोजित स्वच्छ भारत अभियान, एकता दिवस, आधारभूत नेतृत्व शिविर, सेना संबद्धता शिविर, संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर, वायु सैनिक शिविर, थल सैनिक शिविर, नौ सैनिक शिविर, विशेष राष्ट्रीय एकता शिविर, गणतंत्र दिवस–पूर्व शिविर, गणतंत्र दिवस शिविर, सीएम रैली, पीएम रैली, अमर जवान ज्योति, राष्ट्रीय एकता शिविर, युवा विनिमय कार्यक्रम आदि में सक्रियता से प्रतिभागिता की।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस)

स्वयंसेवकों में निःस्वार्थ समुदाय सेवा की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सत्र 2016–17 के दौरान 62 कॉलेज एककों के स्वयं सेवकों द्वारा एनसीएस केन्द्र के तत्वावधान में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2016) : एनएसएस केन्द्र तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में इसकी उप–इकाइयों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। स्वयंसेवकों को योग प्रशिक्षक की सेवाएं प्रदान की गईं। सामान्य योग नयाचार का पालन करते हुए व्यापक योग सत्र आयोजित किया गया। स्वयं सेवकों को योग के महत्व के बारे में बताया गया। एनएसएस केन्द्र द्वारा श्रेष्ठ योग प्रदर्शन का चयन किया गया तथा उसकी सराहना की गई।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

प्रबंधन अध्ययन के जयपुरिया संस्थान के सहयोग से वाणिज्य विभाग ने 17 सितंबर 2016 को कॉलेज में जयपुरिया क्विज लीग आयोजित किया। जिसमें वाणिज्य विभाग के कई छात्रों ने पुरस्कार जीता। टी.आई.एम.ए. के चीफ नॉलेज ऑफिसर श्री अंकुर जैन ने 6 और 22 सितंबर, 2016 तारीख को ''प्रभावी सार्वजनिक भाषण''और ''जीएसटी विधेयक'' पर वार्ता प्रस्तुत की थी। 4 संकाय सदस्यों के साथ 75 छात्र भ्रमण–सह–शैक्षिक यात्रा के साथ 18 मार्च, 2017 से 22 मार्च, 2017 तक उदयपुर और माउंट आबू गए और 22 मार्च, 2017 को सरस डेयरी, उदयपुर का दौरा किया। वाणिज्य विभाग ने कॉलेज के शिक्षण/गैर–शिक्षण स्टाफ के लिए टैली ईआरपी 9 पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की।

कंप्यूटर विज्ञान विभाग ने जनवरी, 2017 में श्री मेनक उप्रेती द्वारा आईटी उद्योग में करियर मार्गदर्शन पर एक चर्चा आयोजित की। फरवरी, 2017 में, एक आईटी क्विज, ब्रेन बस्टर्स आयोजित की गई, जिसमें 15 टीमों ने एक दूसरे के साथ ई–टंबोला, चिह्न इंक जैसे चुनौतीपूर्ण दौर में भाग लिया। श्रीमती ईशा मंगल ने 30 सितंबर, 2016 को एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला में भाग लिया और श्रीमती देविका ने आईएलएलएल द्वारा 4 फरवरी,2016 को कम्प्यूटर साइंस पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया।

अर्थशास्त्र विभाग ने 2 नवम्बर, 2016 को ''आउटलेयर रिसर्च सॉल्यूशंस'' के संस्थापक, सुश्री नवनीत मनचंदा द्वारा ''मनरेगा में सामाजिक और आर्थिक समावेशः मिथक या वास्तविकता'' पर एक व्याख्यान का आयोजन किया।

डॉ. हिना नंदराजोग, वर्धमान कॉलेज, बिजनौर (एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली) में अंग्रेजी विभाग में लेक्चरर के चयन के लिए विषय विशेषज्ञ के रूप में चयन समिति का हिस्सा थी। डॉ. नंदराजोग वर्तमान में पंजाबी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय में पीएचडी कार्यक्रम में दाखिला लेने वाले छात्र को सह–मार्गदर्शन दे रही हैं।

उन्हें एससीडी सरकारी कॉलेज, लुधियाना में 23 सितंबर, 2016 को ''भारत का विभाजन और अनुवाद'' पर एक वक्ता के रूप में आमंत्रित किया था और उन्होंने 20 दिसंबर, 2016 को ऑक्सफोर्ड बुक स्टोर में ''हिंदुस्तान की आवाज'' द्वारा ब्लाइंड पर आयोजित चर्चा में एक पैनलिस्ट के रूप में काम किया था। वे सीएटीए, अंग्रेजी विभाग, कला संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय के तत्वावधान में 5– 6 दिसंबर, 2016 को आयोजित दो दिवसीय अंतर–एशियाई यात्रा परियोजना कार्यशाला के दौरान ''विवादित सीमाएं: घर तब और अब'' पर चर्चा में एक पैनलिस्ट थीं।

अंग्रेजी विभाग ने, नवंबर, 2016 में अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर राज कुमार द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया, ''भीमायनाः जटिल आख्यान का एक अध्ययन''पर एक व्याख्यान का भी आयोजन किया। अक्टूबर 2016 में छात्रों ने कमला नेहरू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में भीमायाना पर एक पैनल चर्चा और कार्यशाला में भाग लिया। विभाग ने 1 अप्रैल 2016 को लोधी गार्डन की यात्रा की भी व्यवस्था की। बीए (आनर्स) अंग्रेजी के छात्रों के लिए 11 नवंबर 2016 को एन.जी.एम.ए. का एक निर्देशित दौरा आयोजित किया गया था। डॉ. नलिनी कपूर, डॉ. ज्योतिका एलाहांस और श्री अमित कुमार ने 2–3 फरवरी 2017 को यूजीसी द्वारा वित्त पोषित हिंदी पत्राकारिता पर दो दिन की राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया। डॉ. नलिनी कपूर ने आईएलएलएल, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 4 नवंबर, 2016 को आयोजित क्षमता निर्माण कार्यशाला में भाग लिया।

खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग ने विभिन्न छात्र और संकाय संवर्धन कार्यक्रमों के साथ राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन किया, जिसमें एनीमिया की रोकथाम, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, आहार प्रदर्शन और 5 सितंबर, 2016 को बेहतर पोषण के लिए जीवन चक्र दृष्टिकोण पर लघु प्रदर्शनी के साथ व्याख्यान दिया गया था। 11 अगस्त 2016 को एक तिरंगी पकाने की विधि प्रतियोगिता 11–12 अप्रैल, 2016 को ''चॉकलेट और न्यूट्रीबार पर एक माइक्रोइंटरप्राइज–एक सीखने का अनुभव'' पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।

सुश्री शिवानी दुबे को उच्च गणित के राष्ट्रीय बोर्ड द्वारा पोस्ट–डॉक्टरेट फैलोशिप मिली और अंजू नागपाल और सरिता रानी ने जनवरी 2017 में कालिंदी कॉलेज में ''गणित में हाल के विकास'' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया। गणित विभाग ने आईआईटी, दिल्ली से प्रो. आर. के. शर्मा को ''क्रिप्टोग्राफी'' पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया।

डॉ. नीता माथुर को 5 सितंबर 2016 को राष्ट्रीय कार्यक्रम में (अखिल भारतीय रेडियो) अतिथि वक्ता के रूप में वार्ता के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने विदेशों में हुनचुक यूनिवर्सिटी ऑफ फॉरेन स्टडीज और बुसान यूनिवर्सिटी ऑफ फॉरेन स्टडीज, दक्षिण कोरिया के छात्रों के लिए भारतीय संगीत और भारतीय डिजिटल संगीत पर चार व्याख्यान दिए। उन्होंने 16–18 जनवरी, 2017 को आरएमटी म्यूजिक एंड आर्ट्स यूनिवर्सिटी, ग्वालियर में एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक शोधपत्र भी प्रस्तुत किया। उन्हें द्वारका, दिल्ली में सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र में क्षेत्रीय चयन समिति के लिए आमंत्रित किया गया था। इतिहास विभाग ने 4 अक्टूबर, 2016 को संस्कृति के बैनर के अंतर्गत वार्षिक डॉ. अलका रानी स्मारक व्याख्यान का आयोजन किया, जिसमें डॉ. देवेश विजय, एसोसिएट प्रोफेसर, जाकिर हुसैन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय को एक व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था। लोक नृत्य सोसाइटी (थिरकन) ने 10 फरवरी, 2017 से एक इंटर–कॉलेज प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कलाकारों की काफी भागीदारी रही। सोसायटी ने एसपीएम और श्रद्धानंद कॉलेज में प्रथम स्थान और भारती कॉलेज में दूसरा स्थान जीता।

***

जाकिर हुसैन स्नातकोत्तर सांध्य कॉलेज

विस्तार एवं पहुँच गतिविधियाँ

महाविद्यालय ने गणतंत्र दिवस शिविर –2017 में गर्व सहित अपने नौ कैडेटों की भागीदारी की घोषणा की। यहाँ 21 जून, 2016 को राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया और एमएचआरडी द्वारा निर्देशित आजादी 70 के अंतर्गत आजादी के 70 वर्ष का जश्न भी मनाया, और अगस्त 2016 में दो कार्यक्रमों का आयोजन किया। 1 से 15 सितंबर, 2016 और 1 से 15 नवंबर, 2016 में दो स्वच्छता पखवाड़ों का भी आयोजन किया गया। सितंबर 2016 में कॉलेज ने "नशे की लत का बुरा प्रभाव" विषय के साथ एनएसएस दिवस मनाया। "युवा निर्वाचकों की नामांकन प्रक्रिया" (सितंबर, 2016), राष्ट्रीय एकता सप्ताह (अक्टूबर–नवम्बर 2016), डिजिटल वित्तीय साक्षरता अभियान (दिसंबर, 2016 –जनवरी 2017) और विश्व वन दिवस और विश्व जल दिवस (मार्च, 2017) जैसी विभिन्न सह–पाठ्यचर्या वाली गतिविधियों का भी आयोजन किया गया था।

संकाय सदस्यों को पुरस्कार/सम्मान

हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रभात रंजन को उनकी पुस्तक 'कोठागोई' के लिए जयपुर साहित्य उत्सव 2016 में पहला भास्कर युवा लेखक सम्मान दिया गया।

प्रकाशन (चयनित)

एन. चौहान, (2017) पतनशील पत्नियों के नोट्स नई दिल्लीः वाणी प्रकाशन,

वी. जैन, (सितंबर, 2016), भूमिगत "सुत्ता से" मुख्य धारा "कोलावेरी डी": भारतीय उपमहाद्वीप में लोकप्रिय संगीत के बदलते विचारों के माध्यम से सोशल मीडिया को समझना। समाज में सोशल मीडिया की पत्रिका, 5 (2)

एम.जे. रहमान, (2016), बांग्ला साहित्य कि सेकाल बोनाम एकालेर "प्रेमनेई" – एकटी सोमाज भावना मूलक पथ, क्रिस्टी।

एस. तबस्सुम (2017) विश्व काव्य महोत्सव। नवाचार इमरोज,

एम.एम. यूनुस, (मार्च 2017) नक्षत्र वार्ता कोलकाताः शाम्भवी,

अनुसंधान परियोजनाएं (चयनित)

डॉ. मधुमिता चक्रवर्ती, श्री संजय कुमार और सुश्री अमरीन, दिल्ली विश्वविद्यालय में अल्पसंख्यक छात्राओं के पढ़ाई छोड़ने की दरः दिल्ली विश्वविद्यालय के चुनिंदा कॉलेजों का एक अध्ययन।

डॉ. अनिल शर्मा, यूजीसी, हिंदी रंगमंच के विकास में नाट्य संस्थाओं का योगदान।

डॉ. शुभ्रा रे, चार्ल्स वालेस इंडिया ट्रस्ट रिसर्च अनुदान द्वारा वित्त पोषित, औपनिवेशिक फ्रांसीसी भारत में प्रिंट संस्कृतियां।

आयोजित संगोष्ठियां (चयनित)

डॉ. अरविंद, रक्षा मुख्यालय के निदेशक, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा 1 मार्च, 2017 को शिक्षकों के लिए "व्यक्तिगत प्रभावशीलता के लिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता का पोषण" पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया।

कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने आईटीएम इंस्टीट्यूट के साथ मिलकर 20 जनवरी, 2017 को "विमुद्रीकरणः भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव" पर 'सरमाया' नामक चर्चा सत्र का आयोजन किया।

फारसी विभाग ने एक काव्य आवृति कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें इरानी कवि मुस्तफा रहमान ने रूबरू, जनवरी, 2017 में छात्रों के बीच अपनी कविता पढ़ी।

31 मार्च 2017 को गणित विभाग द्वारा शून्य और सर्वव्यापी गणित की विषय यात्रा के विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था।

शैक्षणिक सत्र 2016–17 में अंग्रेजी साहित्य समिति के प्रोफेसर एम. असदुद्दीन द्वारा "अनुवाद में सिद्धांत और व्यवहार" पर एक वार्ता आयोजित की गयी थी।

इतिहास विभाग ने क्रमशः मध्ययुग में मुगल चित्रकला और मेवात क्षेत्र के इतिहास पर प्रो. मीरा खरे और प्रो. सूरजभान द्वारा दो वार्ताओं का आयोजन किया।

आयोजित सम्मेलन/कार्यशालाएं (चयनित)

पर्यावरण अध्ययन विभाग, ईको–क्लब द्वारा '21वीं सदी की पर्यावरण संबंधी चिंताएं/भारतीय और वैश्विक संदर्भ' पर दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। 2016–17.

राजनीति विज्ञान विभाग और एनएसएस के सहयोग से 21–22 मार्च, 2017 को ''डॉ. बी. आर अंबेडकर का भारत दर्शन'' पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

संगोष्ठियों/सम्मेलनों मे प्रस्तुतियाँ (चयनित)

जे.एम.रहमान (2016) पत्रकारिता लेखन और अनुवाद, पाठ्यक्रम–सी। बांग्ला में पूर्व स्नातक पाठ्यक्रम पर एक दिवसीय कार्यशाला, जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (सांध्य), 30 अगस्त, 2016.

एस के वैश्य (2017) आईआईटी, गुवाहाटी में 15–17, फरवरी 2017 को आईएसीएलएएलएस सम्मेलन में उपभोक्तावाद की संस्कृतिः असम में भ्राम्यमान थिएटर का एक महत्वपूर्ण विश्लेषण।

नियुक्तियों का विवरण

नियुक्त छात्र–32

भर्ती के लिए परिसर में आने वाली कंपनियां – 01

विस्तार और पहुँच गतिविधियाँ

दंत जागरूकता शिविरः इस वर्ष कॉलेज की एनएसएस यूनिट ने मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के सहयोग से एक मुफ्त दंत जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

वाणिज्य विभाग के तीसरे वर्ष के छात्रों के लिए 14 सितम्बर, 2016 को वाणिज्य विभाग द्वारा सेबी एनआरओ, दिल्ली का एक शैक्षिक दौरा आयोजित किया गया।

शैक्षणिक यात्रा – जयपुरः वाणिज्य विभाग ने 7 से 8 नवंबर 2016 तक जयपुर की दो दिवसीय शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया।

इतिहास विभाग की सोसायटी ने एसईसी के इतिहास पत्र का चयन करने वाले इतिहास आनर्स और पास कोर्स के छात्रों के लिए *एक ऐतिहासिक स्थल :तुगलकाबाद किला* की एक दिवसीय यात्रा का आयोजन किया।

पुस्तकालय विकास

2016–2017 के दौरान, 125 सामान्य/अन्य पुस्तकें शामिल की गईं थीं। अब कॉलेज पुस्तकालय में कुल 30 मासिक, पाक्षिक और साप्ताहिक पत्रिकाएं अर्थात् अंग्रेजी; मासिक –6, पाक्षिक –4, साप्ताहिक –4; हिंदीः मासिक –4, साप्ताहिक –3; उर्दूः मासिक –4, साप्ताहिक –2, अर्ध–वार्षिक –01; अरबीः पाक्षिक –01; बंगालीः पाक्षिक –01 उपलब्ध हैं। पुस्तकालय ने 11 समाचार पत्रों अर्थात्, अंग्रेजीः 4, हिंदी –4, उर्दू–2, बंगाली–1 की सदस्यता ली है। विद्यार्थियों के लिए पाठ्य पुस्तकें खरीदने के लिए छात्र संघ द्वारा 20000 रुपऐ का दान दिया गया। पुस्तकालय के शिक्षकों के ''अध्ययन कक्ष'' में सम्मेलन/संगोष्ठी इत्यादि के उपयोग के लिए प्रिंटर और स्कैनर के साथ एक कंप्यूटर स्थापित किया गया था। कई राष्ट्रीय पत्रों (ऑनलाइन और पेपरबैक संस्करण) की सदस्यता ली गई है।

संकाय की संख्या –73

वित्तीय आवंटन और उपयोग

स्वीकृत अनुदान – 16, 27, 05, 000 रुपए

उपयोग – 15, 54, 18,000 रुपए

अन्य महत्वपूर्ण सूचना प्रतिशत

प्रधानाचार्य डॉ. मसरुर अहमद बेग ने एम.एम. बेग की स्मृति में ''एम.एम. बेग व्याख्यान श्रृंखला'' नामक एक व्याख्यान श्रृंखला को प्रोत्साहित किया, इसमें निम्नलिखित व्याख्यान आयोजित किए गए थे।

के. कुमार, (1 फरवरी, 2017) भारत का विभाजन, 1947प्रतिशत नए आयाम;

ए. रहमान, (2 मार्च, 2017) सआदत हसन मंटो को याद करते हुए;

ए. लिंडमैन, (23 मार्च 2017) नवोन्मेष और उद्यमिता का सशक्तिकरण;

ए.के. दुबे और आर चंद्र (वर्ष) भारत में दलित विमर्श।

***

जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज

प्रमुख गतिविधियाँ और उपलब्धियाँ

"राष्ट्रीय आंकलन और प्रत्यायन परिषद" (एनएए) द्वारा 19 से 21 सितम्बर 2016 को पहली बार कॉलेज का मूल्यांकन किया गया और इसे 3.12 .सी.जी.पी.ए. के साथ 'ए' श्रेणी प्रदान की गई। दिल्ली विश्वविद्यालय की 59वीं पुष्प प्रदर्शनी में कॉलेज ने कुल 145 पुरस्कार एवं 10 ट्राफियां जीतीं। कॉलेज की हर्बल वाटिका को लगातार तीसरे साल भी सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया और उसने "मीनाक्षी गोपीनाथ कप" जीता। 1 मार्च, 2017 को कॉलेज में 'ऑल इंडिया वुमेन्स एजुकेशन फंड एसोसिएशन'' (एआईवीईएफए) और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से समर्थन से ''विभिन्न पीढ़ियों में संबंध को बढ़ावा देने'' पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। समान अवसर प्रकोष्ठ (ईओसी) ने कॉलेज लाइब्रेरी के सहयोग से नवंबर 2016 में ''बुक शेयर'' पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया, जो कि प्रिंट दिव्यांगता वाले लोगों के लिए सबसे बड़ी ऑनलाइन लाइब्रेरी है ।

सम्मान और विशिष्टताएँ (संकाय)

श्री मधु सूदन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग को (डीएसटी) भारत सरकार और भारत–अमेरिकी विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंच (आईयूएसटीएफ) द्वारा वित्त पोषित भास्कर उन्नत सौर ऊर्जा फैलोशिप प्रदान की गई है।

डॉ. एम. वाहिद अंसारी को उत्तराखंड सरकार द्वारा ''सर्वश्रेष्ठ शोध पुरस्कार'' प्राप्त हुआ।

डॉ. अनुराधा मारवाह के नाटक ''इस्मत की प्रेम कहानियां'' को हिंदी नाटककार पुरस्कार–2016 के लिए चुना गया था। उन्हें 16 –18 दिसम्बर 2016 तक के अजमेर (लिटरेचर फेस्टिवल) साहित्यिक समारोह में एक पैनलिस्ट के रूप में और लेखिका शोभा डे से साक्षात्कार लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्हें केंद्रीय विश्वविद्यालय किशनगढ़ और साहित्य अकादमी द्वारा 6 फरवरी, 2017को ''साहित्य और स्थान'' पर एक वार्ता के लिए भी आमंत्रित किया गया था।

डॉ. देवेश विजय को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा 2017 –19 के लिए राजनीतिक समाजशास्त्र में वरिष्ठ फैलोशिप से सम्मानित किया गया है।

डॉ. के. के. अरोड़ा को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की पाठ्यक्रम समिति (रसायन विज्ञान) के संयोजक के रूप में फिर से नामित किया गया था

सुश्री श्रद्धा आदित्यवीर सिंह को 7 जून 2016 को नई दिल्ली में साहित्य अकादमी के ''सामाजिक परिवर्तन के लिए साहित्य'' कार्यक्रम के भाग के रूप में अपनी कविताएं पढ़ने के लिए आमंत्रित किया था।

छात्रों की पुरस्कार/सम्मान

बी.ए. (आनर्स) फारसी, तृतीय वर्ष के मोहम्मद मोदस्सीर को सादी गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।

एम.ए. मनोविज्ञान के अंतिम वर्ष के ऋषि प्रसाद ने शशिकला सिंह स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

एम.ए. मनोविज्ञान के अंतिम वर्ष के ऋषि प्रसाद को डॉ. एन.वी. बनर्जी पुरस्कार।

बांग्ला बी.ए. (आनर्स) (तृतीय वर्ष) के सुप्रतीक विश्वास, अरबी बी.ए. (आनर्स) (तृतीय वर्ष) के रईसुजमान खान और उर्दू बी.ए. (आनर्स) (तृतीय वर्ष) के गुलाम कादिर को विश्वविद्यालय पदक।

विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त छात्र
शैक्षिक विशिष्टता
चार छात्रों को राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान और दिल्ली संस्कृत अकादमी द्वारा मेधावी छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

पुरस्कार /सम्मान (छात्रों की विशिष्टताएं)
फारसी, बी.ए.(आनर्स) तृतीय वर्ष के मोहम्मद मोदस्सीर को सादी स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। (एच)
एम.ए. मनोविज्ञान के अंतिम वर्ष के ऋषि प्रसाद को शशिकला सिंह स्वर्ण पदक।
एम.ए. मनोविज्ञान, अंतिम वर्ष के ऋषि प्रसाद को डॉ एन.वी. बनर्जी पुरस्कार।
बंगाली, बी.ए. (आनर्स) (तृतीय वर्ष), के सुप्रतीक बिश्वास, अरबी, बी.ए. (आनर्स) (तृतीय वर्ष) के रईसुजमान खान और उर्दू, बी.ए.(आनर्स) (तृतीय वर्ष) के गुलाम कादीर को विश्वविद्यालय पदक।

विशिष्ट विद्यार्थी
शैक्षिक विशिष्टता
चार छात्रों को राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान और दिल्ली संस्कृत अकादमी से सम्मानित छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया।
सांस्कृतिक
अमान–कॉलेज थिएटर सोसाइटीने शेक्सपियर सोसाइटी ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय नाटक प्रतियोगिता जीती।
एनसीसी कैडेट भाव्या त्यागी गणतंत्र दिवस परेड में राजपथ दल–2017की परेड कमांडर थीं।
नौ कैडेटों ने गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लिया।
नौ कैडेटों ने आरडीसी फाइनल में कॉलेज और दिल्ली निदेशालय का प्रतिनिधित्व किया और प्रधान मंत्री रैली का प्रतिनिधित्व किया। तीन कैडेटों ने राजपथ पर शानदार मार्च किया।

खेल प्रतिशत
नवंबर 2017 में, कॉलेज फुटबॉल टीम ने दिल्ली की रिलायंस फाउंडेशन उद्घाटन कॉलेज युवा चौम्पियनशिप जीती थी और दिसंबर में मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दिल्ली का प्रतिनिधित्व करते हुए खेले।
इतिहास बी.ए. (ऑनर्स) तृतीय वर्ष की ज्योति ने 17वीं राष्ट्रीय पैरा–एथलेटिक चौम्पियनशिप– 2017 में 200 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीता और फरवरी में 9वें दिल्ली राज्य पैरा–एथलेटिक और पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप–2017 में 100 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया।
एनएसएस स्वयंसेवक, बी.ए. (कार्यक्रम) तृतीय वर्ष के अंकित कुमार राठी गणतंत्र दिवस परेड में जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज का प्रतिनिधित्व करने वाले पहले एनएसएस स्वयंसेवक रहे।
प्राणी विज्ञान बीएससी (ऑनर्स) तृतीय वर्ष के शुभम गर्ग ने खेल और युवा मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रोहतक, हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में महाविद्यालय के लिए ख्याति अर्जित की।

प्रकाशन (चयनित)
अब्दुल्ला, (2016), सकारात्मक अर्द्ध रेखा पर लहर संकुल संरचना के लिए आवश्यक और पर्याप्त शर्तें। अनुप्रयुक्त एवं इंजीनियरिंग गणित की टीपी एमएस पत्रिका।
एम.डब्ल्यू अंसारी, (2017), भारत से पश्चिमी समकक्षों तक विरूपण का प्रसारः आम के उद्योगों के लिए एक बड़ा खतरा। जी.सिंह (संपा.) में भारतीय और पश्चिमी पहलुओं की पहचान (पृष्ठ 129 –133), श्री कला प्रकाशन।
ए. डब्ल्यू. फारूकी, (2016) बीमा विधि एवं व्यवहार दिल्लीः हिंदी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय।

एम. इनाम, (2016), एकल चिप रंगीन कैमरे का उपयोग करते हुए 3डी की सतह प्रोफाइल के लिए एकल प्रयास सफेद प्रकाश हस्तक्षेप माइक्रोस्कोपी। ऑप्टिकल सोसाइटी के जर्नल (दृष्टि संबंधी सोसाइटी की पत्रिका)।

ए. जमाल, (2016)। मेरा पहला चित्रात्मक शब्दकोशः अंग्रेजी से अरबीः यूनाइटेड किंगडमः आईबीएस बुक्स।

आई. खान, (2017) शैक्षणिक पुस्तकालयः कल, आज और कल। नई दिल्लीः अनामिका पब्लिशर्स।

एस. मधु, (2016) समग्र जलवायु के लिए एक भवन का दिन का प्रकाश और ऊर्जा प्रदर्शनः एक प्रयोगात्मक अध्ययन। अलेक्जेंड्रिया इंजीनियरिंग जर्नल।

ए. माहेश्वरी, (2016) एरिल पपराइजीन –आधारित नए फथालीमाइड्स का डिजाइन संश्लेषण और जैविक मूल्यांकनः वृषण कोशिका सेल अपोप्टोसीस के सक्रिय प्रेरक। जर्नल ऑफ केमिकल साइंसेज (रसायन विज्ञान की पत्रिका)।

एस.के. राजौरिया, (2016), एक अत्यधिक पतली धातु फिल्म पर चुनाव किरण द्वारा चेरेनकोव टेराहर्टज भूतल प्लाज्मान को उत्तेजित करना।

डी. विजय, (2016) औपनिवेशिक शासन से पंचायती राजः गांव की बदलती अर्थव्यवस्था का अध्ययन, आर सिंह और डी. रैना, (संपा.) में, समाज और विकासः क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य जयपुरः रावत प्रकाशन

अनुसंधान परियोजनाएं (चयनित)

डॉ. एम. वाहिद अंसारी, डीएसटी, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित, ''आम की कुरूपता में फ्यूसरियम मैंगफेरे के माध्यम से प्रेरित इथाइलीन की विशेषता'', 25.66 लाख रुपए।

डॉ.रत्नम कौल वाटल और डॉ .इलमास नकवी को रिसर्च काउंसिल (अनुसंधान परिषद), दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा वित्त पोषित– नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में आगामी जल संकट को हल करने के लिए एक शोध परियोजना ''एक गणितीय मॉडल डिजाइनिंग'' सौंपी गई थी।

डॉ. देवेश विजय को भारत की सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा 2017–19 तक राजनीतिक समाजशास्त्र में वरिष्ठ फैलोशिप से सम्मानित किया गया था, जो दिल्ली के किनारों की गन्दी बस्ती और गांव से ''आम आदमी और राज्य सरकारः श्रमिकों और सरकारी दफ्तरों के बीच अंर्तफलक पर नजर रखना'' नामक एक शोध कार्य के लिए दिया गया ।(1988–2016)

आयोजित संगोठियां (चयनित)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग के सहयोग से ''तकनीकी शब्दावली और विज्ञान शिक्षण'' पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

फरवरी, 2017 में हिंदी विभाग द्वारा भाषा नीति विषय और हिंदी में रोजगार के मुद्दे पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई थी।

1–3 फरवरी, 2017 को ''गालिब की कुलियात और उनके अहदः एक मुतला'' पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था।

3 अक्टूबर, 2016 को ''गांधी पर फिर से विचारः आतंकवाद के मुद्दे और चुनौतियां'' पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

8–9 अप्रैल, 2016 को ''फारसी–उर्दू की अदबी और लेसानी रिवायत'' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

20 फरवरी, 2017 को ''भारतीय नारीवादः आधुनिक भारत में लेखन स्वतंत्रता'' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय छात्र संगोष्ठी।

आयोजित सम्मेलन /कार्यशालाएं (चयनित)

मार्च 2017 में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा ''फसल सुधार में जैव प्रौद्योगिकीः संभावनाएं और प्रतिबंध'' पर आधारित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

8–9 फरवरी, 2017 को ''रसायन विज्ञान प्रयोगशाला में नवाचार'' पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

3–4 नवंबर 2016 को संस्कृत विभाग द्वारा ''मशीनी अनुवादः उपकरण और तकनीकों'' पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था।

8–9 नवंबर, 2016 को संस्कृत विभाग द्वारा ''अशोक की ब्राह्मी लिपि को समझना'' पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था।

संगोष्ठियों/सम्मेलनों में प्रस्तुतियाँ (चयनित)

अंतर्राष्ट्रीय

एम.एस. जावेद (2017) 'नवल किशोर की हयात और कारनामे'– फारसी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय में 23 –24 फरवरी, 2017 को अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी।

एस ए सिंह (2016) डिजिटल और सार्वजनिक पहचान स्थापित करनाः मार्गरेट एटवुड का स्व–फैशन, ब्रिटिश एसोसिएशन फॉर कनाडियन स्टडीज, लंदन, यूनाइटेड किंगडम का 41वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 21–23 अप्रैल, 2016.

राष्ट्रीय प्रतिशत

ए डब्ल्यू. फारूकी (2016) दिल्ली राज्य के शहरी सहकारी बैंकः क्या भारतीय बैंकिंग प्रणाली की शुरुआत है। 9वां अखिल भारतीय वाणिज्य सम्मेलन, वाणिज्य संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, नवम्बर, 2016.

एम. अफजल (2016) दिल्ली और उसके पर्यावरण का स्मरणोत्सवः अब्दुल हय की दिल्ली और उसके अतराफ (1894), अंतर–एशियाई यात्रा परियोजना कार्यशाला, अंग्रेजी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिसम्बर, 2016.

एम.चतुर्वेदी (2016) सन्निहित प्रतिरोध। हेसिनाम कन्हाईलाल की द्रौपदी, आईआईटी गुवाहाटी में, 15–17 फरवरी, 2017 को स्थान, पहचान, एकताः प्रधानता वाली संरचनाओ और मुकाबले (पूर्वोत्तर पर विशेष ध्यान सहित) पर आईएसीएलएएस वार्षिक सम्मेलन।

एस. अख्तर (2016) श्रमिक अर्थशास्त्र की भारतीय सोसायटी (इंडियन सोसाइटी ऑफ लेबर इकोनॉमिक्स) का 58वां वार्षिक सम्मेलन, आईआईटी गुवाहाटी, असम, नवंबर 2016.

टी. अनवर (2017) विजयनगर के साथ बीजापुर के राजनयिक संबंधःएक महत्वपूर्ण सिंहावलोकन। मध्यकालीन भारत (1206 –1707) में प्रांत और क्षेत्रीय राज्यों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी उन्नत अध्ययन के केंद्र, इतिहास विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में, 20 –21 मार्च, 2017.

आर.के. वाटल (2017) रोगाणुरोधी गतिविधियों और व्यवस्थित रूप से विकसित नक्शे में आवश्यक तेलों की भूमिकाः एक वैश्विक हर्बल पुनर्जागरण। जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज, दिल्ली द्वारा 12 जनवरी, 2017 को फार्माकोग्नसीः पादप रासायनिक रूप से अनवेषित औषधीय पौधों के क्षेत्र पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन।

नियुक्ति का विवरण

नियुक्त किए गए छात्र – 60 (55–60प्रतिशत)

भर्ती के लिए कैम्पस में आने वाली कंपनियां –04

विस्तार और पहुँच गतिविधियाँ

एक अनुसंधान सहायता समिति का गठन किया गया और डॉ. देवेश विजय ने जनवरी, 2017 में अपना उद्‌घाटन व्याख्यान दिया। विज्ञान शोध के लिए प्रमुख वित्तपोषक एजेंसियों का एक डाटाबेस तैयार किया गया और उसे कॉलेज की वेबसाइट पर साझा किया गया था। मानविकी और सामाजिक विज्ञान के लिए एक समान वेब लिंक भी तैयार किया जा रहा है। प्रमुख शैक्षणिक उपलब्धियां, विशेष व्याख्यान और स्टाफ के सदस्यों के प्रकाशन को उनकी अनुमति के साथ फेसबुक और कॉलेज की वेबसाइट पर साझा किया जा रहा है।

डॉ. देवेश विजय और डॉ. प्रदीप कुमार द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के बाहर व्याख्यानों और गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला, आयोजित की गई थी। महाविद्यालय के कई संकाय सदस्यों ने खुशी की तलाश, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, नागरिक मूल्यों, आपदा प्रबंधन, कानूनी साक्षरता और उद्यमिता कौशल की खोज जैसे विषयों पर वार्ता और व्याख्यान दिए।

इस वर्ष, कॉलेज के कुछ छात्रों के साथ कुछ संकाय सदस्यों ने अपने पड़ोस की बस्ती में स्कूल की आयु के बच्चों को उनके अपने मदरसे में सभी साप्ताहिक दिनों को अपराह्न 3 बजे से 4.30 बजे तक नियमित रूप से पढ़ाने की पहल की।

गणित विभाग के श्री विनय कुमार सिंह के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के डॉ. नवीन कुमार जैन ने वर्ष 2016 के दौरान दिल्ली गेट के अवलोकन गृह की प्रार्थना में किशोर लड़कों के विकास के लिए कई इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए।

पुस्तकालय विकास

कॉलेज के लिए कुल 14,76,000.00 रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस वर्ष, पुस्तकालय डेटाबेस में 2,485 पुस्तकें शामिल की गई हैं। कॉलेज ने 5 नई पत्रिकाओं की सदस्यता भी ली। कॉलेज के पुस्तकालय में 11 अंग्रेजी, 8 हिंदी, 6 उर्दू और 1 बंगाली अखबार उपलब्ध हैं। इसमें 15 अंग्रेजी, 9 हिंदी, 6 उर्दू और 1 बंगाली भाषा की पत्रिकाएं भी है। वित्तीय वर्ष 2016 17 के दौरान कॉलेज लाइब्रेरी स्वचालित हो गई है। यूनिकोड भाषा की सभी पुस्तकों को उनकी मूल लिपि में दर्ज किया गया था।

संकाय की संख्या

स्थायी—144ए तदर्थ—61.

वित्तीय आवंटन एवं उपयोग

स्वीकृत अनुदान — 33, 10, 04,000रुपए

उपयोग किया गया — 33,10,04,000रुपए

****

विश्वविद्यालय छात्रावास/हॉल

अम्बेडकर—गांगुली महिला छात्रावास

अम्बेडकर—गांगुली महिला छात्रावास अक्टूबर 2003 में आरंभ किया गया था। इसके रखरखाव की व्यवस्था दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा की जाती है। यह दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्राओं के लिए एक बड़ा और स्वनिर्भर छात्रावास है। यह सौ आवासियों और तीन अतिथि आवासियों को समायोजित कर सकता है। इस छात्रावास को सौंदर्य की दृष्टि से दो विशाल और हवादार पक्षों में बांटा गया है। प्रत्येक शाखा में 50 कमरे हैं। छात्रावास में एक सुसज्जित कम्प्यूटर कक्ष, कॉमन रूम, जिम, अध्ययन कक्ष सह—पुस्तकालय और एक आधुनिक रसोईघर के साथ विशाल डायनिंग हॉल है। छात्रावास, विश्वविद्यालय परिसर तक जाने और छात्रावास वापस लौटने के लिए शटल बस सेवा प्रदान करता है।

प्रोवोस्ट इस छात्रावास के प्रमुख हैं और वार्डन तथा आवासी अध्यापक, कार्यालय के कर्मचारियों की सहायता से दैनिक प्रशासन संभालते हैं।

इसमें दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और इसके विभागों अर्थात् अर्थशास्त्र, भूगोल और समाजशास्त्र के स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए पचास सीटें हैं। अन्य पचास सीटें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए आरक्षित हैं। कुल 100 सीटों में से 5% सीटें दिव्यांग श्रेणियों के लिए आरक्षित हैं। सभी सीटों

को संबंधित विभागों द्वारा प्रदान की गई मेरिट सूची के संदर्भ सहित, योग्यता के क्रम से विभिन्न विषयों के आवेदकों के बीच आवंटित किया गया है।

शैक्षणिक सत्र 2016–2017 के लिए आवेदन पत्रों की बिक्री 18 जुलाई, 2016 से आरंभ की गई। छात्रों का दाखिला 2 अगस्त से आरंभ हुआ और उसी दिन अर्थात् 2 अगस्त, 2016 से छात्रावास को फिर से खोल दिया गया।

8 अक्तूबर को स्टूडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (एसडब्ल्यूए) के चुनाव के साथ शैक्षणिक–सत्र 2016–2017 आरंभ हुआ। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, एसडब्ल्यूए के निर्वाचित कार्यकारी सदस्यों और हॉस्टल अधिकारियों की मदद से विभिन्न
सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गई। कुछ आयोजित कार्यक्रमों की एक झलक नीचे दी गई है।

15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण और राष्ट्रीय गान का गायन हुआ, उसके बाद मिठाइयां बांटी गईं। इस दिन, छात्रावास के अधिकारियों के साथ छात्रावास स्टाफ ने मेस में साथ–साथ नाश्ता किया। 26 अक्टूबर को शानदार तरीके से फ्रेशर पार्टी मनाई गई। इस अवसर पर प्रो. दिनेश सिंह मुख्य अतिथि थे। 30 अक्टूबर 2016 को दीवाली उत्सव मनाया गया जिसमें छात्रावास भवन को प्रकाशित किया गया था और दीपों और मिठाई के साथ परंपरागत तरीके से त्यौहार मनाया गया। क्रिसमस के दिन, कैरोल गायन, छात्रों के साथ केक काट कर और क्रिसमस पेड़ को सजावटी वस्तुओं और रोशनी से सजा कर, क्रिसमस मनाया गया। 13 जनवरी, 2017 को अलाव जला कर लोहड़ी का समारोह मनाया गया था, सभी छात्राओं ने अलाव में आहुति दी। गणतंत्र दिवस को राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, राष्ट्रीय गान का गायन हुआ और आवासियों एवं कर्मचारियों में मिठाई व नाश्ता बांटा गया। इस दिन छात्रावास के अधिकारियों के साथ–साथ छात्रावास के कर्मचारियों ने साथ में नाश्ता किया।

19 फरवरी को कुछ इनडोर खेलों और एथलेटिक्स के साथ खेल दिवस का आयोजन किया गया। 13मार्च, 2017 को रंग के साथ होली (रंगों का त्योहार) मनाया गया और कर्मचारियों एवं छात्रों में मिठाई बांटी गई।

उत्सव के कार्यक्रम विभिन्न संस्कृतियों के आवासियों को साथ लाते हैं, जहां वे अपने अनुभवों को साझा कर छात्रावास में अपने प्रवास को यादगार बनाते हैं।
4 मार्च, 2017 को छात्रावास का धूमधाम और प्रदर्शन के साथ वार्षिक समारोह मनाया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि थे गुजरात विश्वविद्यालय के पूर्व उप कुलपति प्रोफेसर आर. के. काले और सम्मानित अतिथि थीं एजीएसएचडब्ल्यू के पूर्व प्रोवोस्ट प्रो. सुभद्रा चन्नो। छात्रों ने मंच पर कई संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया, जिसकी अतिथियों द्वारा अत्यधिक सराहना की गई थी। इसके बाद एक शानदार रात्रिभोज और जाम सत्र का आयोजन किया गया था।

छात्रों की सुविधा को देखते हुए, 2016–2017 की अवधि के दौरान निम्नलिखित खरीद/सुविधाएं निर्मित की गई और छात्रावास के आवासियों के लिए प्रदान की गई हैंः एक माइक्रोओवन, एक पीए सिस्टम, एक हॉट प्लेट।

इसके अलावा, विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक दल के सुझाव के अनुसार सितंबर, 2016 में अनुबंध के आधार पर एक महिला सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति की गई थी।

अरावली स्नातकोत्तर पुरुष छात्रावास

अरावली स्नातकोत्तर पुरुष छात्रावास 2005 में दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर द्वारा स्थापित किया गया था, यह दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर के प्रमाणित शोधार्थी और स्नातकोत्तर छात्रों को आवास की सुविधा प्रदान करता है।

छात्रावास की एकल अधिभोग के आधार पर 74 छात्रों को समायोजित करने की क्षमता को बढ़ाकर 76 छात्रों के रहने की व्यवस्था की गई है। हर कमरे में एक बिस्तर, गद्दा, पढ़ने की मेज, कुर्सी, पर्दे, आराम कुर्सी और एक सफेद बोर्ड है। छात्रावास में दो व्यक्तियों के लिए एक अतिथि कक्ष है, जो गर्मी में एयर कंडीशनर और सर्दियों में हीट कनवेक्टर के साथ ही एक डेजर्ट कूलर युक्त उपयोगिता कक्ष से सुसज्जित है।

छात्रावास में उच्च गुणवत्ता युक्त कॉमन रूम है, जिसे मनोरंजन के लिए डीटीएच सेवा सहित एक हाई डेफिनेशन टीवी सेट से सुसज्जित किया गया है। छात्रावास में दर्जनों अखबारों और पत्रिकाओं तथा टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम आदि इनडोर खेलों के लिए उत्कृष्ट खेल सुविधाओं के साथ एक अच्छा वाचनालय है। आवासियों को आसान और तेज इंटरनेट सेवा प्रदान करने के लिए छात्रावास आधुनिक वाई–फाई सुविधा से लैस है। बेहतर सुरक्षा प्रणाली और निगरानी के लिए छात्रावास में आवश्यक स्थानों पर पांच सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये गए हैं। सरामाती स्नातकोत्तर पुरुष छात्रावास के साथ सहयोग से आवासियों के लिए कपड़े धोने की एक अनूठी सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। अरावली छात्रावास आईएनएसए/डीएसटी प्रेरित कार्यक्रम के अंतर्गत दक्षिणी परिसर में आने वाले प्रशिक्षुओं और विशेष रूप से गर्मियों की छुट्टी के दौरान अन्य संस्थानों के प्रशिक्षुओं को भी आवास प्रदान करता है। छात्रावास ने सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों के सुचारु संचालन और आयोजन के लिए सांस्कृतिक और खेल समिति भी बनाई गई।
छात्रावास ने सरस्वती पूजा, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और 07 अप्रैल, 2017 को सारामाटी छात्रावास के साथ मिलकर वार्षिक छात्रावास संध्या ''मिलेंगे 2017'' भी मनाया।

छात्रावास द्वारा एक भोजनालय समिति का गठन कर आवासियों को लगातार निगरानी सहित गुणवत्ता युक्त भोजन प्रदान किया जाता है। रसोई और भोजनकक्ष को डीप फ्रीजर, उच्च क्षमता युक्त रेफ्रिजरेटर, डेजर्ट कूलर, रिवर्स ऑस्मोसिस वाटर प्युरिफायर और अन्य गुणवत्ता युक्त रसोई उपकरणों से सुसज्जित किया गया है।

केंद्रीय शिक्षा संस्थान छात्रावास

केंद्रीय शिक्षा संस्थान में 1950 में स्थापित दो छात्रावास हैं, पुरुषों के लिए शक्ति भवन और महिलाओं के लिए श्री भवन। श्री भवन में आठ कमरे हैं जिनमें तेईस छात्राओं को समायोजित किया जाता है और शक्ति भवन के तीन शयनकक्षों और एक दो बिस्तर वाले कमरे में चौबीस छात्रों को समायोजित किया गया है। हॉस्टल में बी.एड., एम. एड., एम.फिल और पीएच.डी. पाठ्यक्रम के छात्रों को समायोजित किया जाता है।

छात्रावास में टीवी और पढ़ने की सुविधा के साथ एक अतिथि कक्ष है। पढ़ने की सामान्य किताबों के अलावा आवासियों के लिए आवधिक पत्रिकाएं और नियमित अखबारों की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। विभागीय व्यवस्था के माध्यम से छात्रों को खेल की सुविधा प्रदान की जाती है। आवासी छात्रावास में विभिन्न त्यौहारों को अलग–अलग ढंग से मनाते हैं। आवासी प्रत्यक्ष चर्चा, बहस, नुक्कड़ नाटक आदि के रूप में अपनी प्रतिक्रिया देते हैं। छात्रावास मेस का संचालन छात्रावास के आवासियों द्वारा किया जाता है। हर महीने दो पुरुष और दो महिला आवासियों को लेकर एक नई समिति बनाई जाती है। वे वार्डन/आवासी अध्यापक के परामर्श से छात्रावास की भोजन सूची तैयार करते हैं। यह आवासियों में अपनेपन और जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न करता है। छात्रावास में मेस समिति के अलावा, स्वच्छता और शिकायत समितियां भी हैं। छात्रावास जागरूकता और सामान्य रखरखाव से संबंधित मुद्दों के साथ समय–समय पर बैठकों का आयोजन करता है। एक पैनल चर्चा, विभिन्न मुद्दों पर दो व्याख्यान, कविता पाठ आदि का भी आयोजन किया गया।

इस वर्ष छात्रावास में चारों पुरानी वाशिंग मशीनों को बदल दिया गया और श्री भवन तथा शक्ति भवन दोनों में दो–दो नई वाशिंग मशीनें लगाई गईं। दोनों छात्रावासों के साथ–साथ मेस में आरओ द्वारा शुद्ध और वाटर कूलर के साथ संलग्न पेयजल आपूर्ति उपलब्ध है। शक्ति भवन में वाईफाई सुविधा भी उपलब्ध है।

डी.एस. कोठारी छात्रावास

डी.एस. कोठारी छात्रावास, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्लेटिनम जुबली वर्ष, 1997 में प्रख्यात भौतिक विज्ञानी और जाने–माने शिक्षाविद्, स्वर्गीय प्रोफेसर डी.एस. कोठारी के नाम पर स्थापित किया गया था। इसमें विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर और शोध छात्रों के रहने लिए दो बिस्तरों वाले 39 और एक बिस्तर वाले 19 कमरे हैं। छात्रावास की नीतियां दिल्ली विश्वविद्यालय के समग्र दिशा निर्देशों और नीतियों के अंतर्गत प्रबंधन समिति द्वारा तय की गई हैं। 1 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2017 के दौरान छात्रावास में निम्नलिखित विकास कार्य किया गया था।

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आवासियों को भारत की संस्कृति से परिचित कराने के लिए सभी राष्ट्रीय दिवस और त्यौहार मनाये गए। छात्रावास ने वार्षिक समारोह ''आहंग–2017'' का सफल आयोजन किया। छात्रावास के आवासी छात्र संघ का चुनाव सुचारु रूप से आयोजित किया गया।

इस वर्ष छात्रावास ने 6 वाशिंग मशीनें, वाटर कूलर, पोडियम, दिव्यांग आवासियों के लिए व्हील चेयर और फ्लाई कैचर खरीदा।

26 फरवरी, 2017 को आयोजित 59वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी में छात्रावास को पुष्प प्रदर्शनी कप प्रदान किया गया।

सामाजिक कार्य विभाग का छात्रावास

सामाजिक कार्य विभाग (डीएसडब्ल्यू) का अपना निजी छात्रावास है। आवासियों के जीवन को समृद्ध करने के उद्देश्य से, छात्रावास स्वीकार्यता, गुणवत्ता और सहिष्णुता, अनुकूल और समुदाय आधारित जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने पर जोर देता है। छात्रावास अपने आप में अद्वितीय है क्योंकि यह सामाजिक कार्य में एम.ए., एम. फिल. और पीएचडी का अनुसरण करने वाले पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए आवास का प्रावधान करता है। सामाजिक कार्य विभाग के सहायक प्रोफेसर, श्री प्रताप चंद्र बेहरा छात्रावास के वार्डन हैं और सामाजिक कार्य विभाग के प्रमुख, प्रो. मनोज कुमार झा प्रोवोस्ट हैं।

इस शैक्षिक सत्र के दौरान 51 एकल कमरे हैं जिनमें 98 छात्रों को समायोजित किया जा रहा है। छात्रावास के आवासियों में 39 महिलाएं और 59 पुरुष हैं। डीएसडब्ल्यू छात्रावास की अपनी निजी इंटरैक्टिव वेबसाइट http://dswh.du.ac.in है, जो ऑनलाइन प्रवेश आवेदन फॉर्म सहित छात्रावास के लिए खरीद की सभी जानकारी प्राप्त करने की सुविधा देता है। आवासियों को प्रदान की गई सुविधाओं में आर.ओ. का पेय जल, डीटीएच कनेक्शन के साथ टी वी, वाई–फाई इंटरनेट की सुविधा, सोफा सेट, समाचार पत्र स्टैंड और डिजिटल घड़ी आदि के साथ एक वातानुकूलित आम कमरा है।

छात्रावास अग्नि सुरक्षा प्रावधानों से सुसज्जित है, छात्रावास में दिव्यांगों के अनुकूल प्रवेशद्वार और रैंप भी हैं।

छात्रावास ने 9 सितंबर 2016 को छात्रावास यूनियन क्लब के सदस्यों का चुनाव किया। सदस्यों को निर्विरोध रूप से चुना गया। इसके अतिरिक्त, छात्रावास यूनियन क्लब ने स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, लोहड़ी, होली, ईद, दीवाली, जैसे विभिन्न त्योहार भी मनाए।

गीतांजलि छात्रावास

गीतांजलि छात्रावास दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिण परिसर में स्थित एक स्नातकोत्तर छात्रावास है जिसमें 51 कमरे हैं। यहां स्नातकोत्तर कर रही या पीएचडी/एमफिल कार्यक्रम के लिए पंजीकृत लगभग 100–105 लड़कियों को साथ रहने के आधार पर प्रवेश दिया जाता है। कुछ विदेशी विद्वानों को भी यहां आवास प्रदान किया गया है।

छात्रावास ने 24 मार्च, 2017 को अपनी वार्षिक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। हर वर्ष की तरह चित्रांकन, हिंदी और अंग्रेजी में रचनात्मक लेखन, कोलाज, फोटोग्राफी और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और वार्षिक दिवस समारोह के दौरान आवासियों को पुरस्कार दिए गए। आवासियों ने अत्यधिक उत्साह के साथ क्रिसमस, लोहड़ी, होली और दीवाली जैसे त्योहार मनाए। उन्होंने बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा का भी आयोजन किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रोवोस्ट द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर बड़े उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया, जिसके पश्चात् छात्रों द्वारा देशभक्ति विषय पर एक छोटा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्वतंत्रता पर कविताएं और गीत प्रस्तुत किए गए।
छात्रावास में 10 नवम्बर, 2016 को डब्लूयूएस स्वास्थ्य केंद्र, मैक्स हॉस्पिटल और हार्ट इंस्टीट्यूट, साकेत के सहयोग से एक निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। आवासियों और कर्मचारियों ने उत्साह के साथ इसमें भाग लिया और अन्य छात्रों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

छात्रावास के छात्रों और कर्मचारियों ने ''स्वच्छ भारत अभियान'' में सक्रिय रूप से भाग लिया और हर महीने सफाई अभियान में भाग लेना जारी रखा।

ग्वेयर हॉल

ग्वेयर हॉल दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर छात्रों का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित छात्रावास है। 1937 में 26 छात्रों के साथ इसे स्थापित किया गया था और उस समय इसे ''लॉ हॉल'' कहा जाता था। उसी वर्ष, भवन के दो पक्षों का निर्माण पूरा हो गया, और 48 आवासियों को भर्ती किया गया। उसी वर्ष इसका नाम फिर से बदल कर ''लॉ हॉल'' से ''यूनिवर्सिटी लॉजिंग हाउस'' कर दिया गया। इसे 1941–42 में इसका निर्माण पुनः आरंभ किया गया था और इसे ''यूनिवर्सिटी लॉजिंग हाउस''कहा जाता है। हॉल का निर्माण 1948 में पूरा हुआ था और उस वर्ष, दिल्ली विश्वविद्यालय के उप–कुलपति (1938– 52) और तत्कालीन भारतीय संघीय न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सर मॉरिस ग्वेयर द्वारा प्रदान की गई सेवाओं को ध्यान में रख कर ''यूनिवर्सिटी हॉल'' का नाम बदलकर ''ग्वेयर हॉल'' कर दिया गया था।

इस छात्रावास की एक अद्वितीय विशेषता है कि यहां छात्र और संकाय सदस्य साथ रहते और साथ में भोजन करते हैं।. इन वर्षों में ग्वेरियनों नें भारत और विदेशों में जीवन के सभी क्षेत्रों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। छात्रावास यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाता है कि इसकी वर्षों से चली आ रही भावना और समृद्ध विरासत को बचाए रखा जाए और यह आगे पनपना जारी रखे।

प्रवेशः चालू शैक्षणिक वर्ष 2016–2017 के दौरान इस हॉल में प्रवेश के लिए एक विशाल भीड़ रही और विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर, एलएलबी, सीआईसी, एम.फिल., पीएच.डी., बी.एड. तथा एम.एड. पाठ्यक्रम के छात्रों से

लगभग 800 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। प्रवेश समिति ने सावधानी पूर्वक जांच के बाद, विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की खाली सीटों को भरा। प्रवेश विशुद्ध रूप से योग्यता के आधार पर प्रदान किया गया था।

विकास– छात्रावास छात्रों के लिए एक डिजिटल पुस्तकालय बना रहा है। छात्रों के कॉमन रूम में एक नया टीवी भी लगाया गया है। दिव्यांग छात्रों के लिए एक ह्वील चेयर भी खरीदी गई है। व्यायामशाला के आसपास की जगह पर पत्थर लगाए गए हैं और छात्रावास के परिसर में कुछ अन्य क्षेत्रों को भी सीमेंट से पुख्ता किया गया है। कैंटीन और जिमनेजियम के बाहर के क्षेत्र को भी विकसित किया गया है।

संघ के चुनावः सत्र के दौरान ग्वेयर हॉल में छात्र संघ के विभिन्न पदों के लिए संघ का चुनाव लिंगदोह समिति के प्रावधान के अनुसार शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया गया। आवासी और संघ के प्रतिनिधि शांतिपूर्ण और दोस्ताना माहौल बनाए रखने में सक्रिय रहे।

स्वच्छता उपाय–स्वच्छता सुविधाओं को बढ़ाने के लिए, समय–समय पर ऊपर के पानी के टैंकों को साफ किया गया है। प्राथमिकता के आधार पर रसोई, पैंट्री, स्टोर और शौचालय सहित हॉल के सभी स्थानों पर साफ–सफाई सुनिश्चित करने के उपाय किए गए हैं।

त्योहार और उत्सव–ग्वेयरहॉल ने दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 57वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी में भाग लिया और वर्ष 2016–2017 के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

हॉल के आवासियों ने बुद्ध पूर्णिमा, स्वतंत्रता दिवस, दीवाली, क्रिसमस, नव वर्ष, गणतंत्र दिवस, सरस्वती पूजा, ईद–उल–फितर, होली और बी.आर. अम्बेडकर जयंती जैसे मौकों पर विभिन्न समारोहों का आयोजन किया।

ग्वेयर हॉल ने विभिन्न क्षेत्रों के प्रख्यात प्रोफेसरों द्वारा समय–समय पर विभिन्न विषयों पर सामयिक भाषणों का आयोजन किया।

वाई–फाई – विश्वविद्यालय द्वारा हॉल के आवासियों को वाई–फाई की सुविधा प्रदान की गई है।

खेल– आवासियों ने ग्वेयरहॉल के छात्रसंघ द्वारा आयोजित अंतर–छात्रावास वॉलीबाल, क्रिकेट, फुटबालए टेबल टेनिस और बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लिया।

नए उपकरण– दो नए कंप्यूटर और दो कार्यालय टेबल खरीदे गये हैं।
दिव्यांग आवासियों के लिए सुविधाएं– दिव्यांग छात्रों के लिए शौचालय बनवाए गए हैं और रैंप का निर्माण भी किया गया है। दिव्यांग छात्र सात कमरों, जिमनाजियम और अध्ययन कक्ष का उपयोग कर साते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय छात्रावास

1964 में विदेशी छात्रों और स्नातकोत्तर भारतीय छात्रों के लिए भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, विदेश मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का छात्रावास स्थापित किया गया था। इसमें 98 कमरे हैं और सभी कमरे एक व्यक्ति के रहने के लिए हैं। शैक्षणिक वर्ष 2016–17 के दौरान 30 भारतीय छात्रों के अलावा 30 देशों के 68 विदेशी छात्रों को इस छात्रावास में प्रवेश दिया गया है, जो अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय संस्कृति का एक समामेलन और विविध पच्चीकारी प्रस्तुत करता है। अपनी अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति के कारण, आईएसएच दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रावास

प्रणाली में एक विशेष स्थान रखता है। छात्रावास के वर्तमान प्रशासन में प्रोवोस्ट के रूप में प्रोफेसर राजीव गुप्ता और वार्डन के रूप में प्रोफेसर महेंद्र नाथ भी शामिल हैं।

आवासियों ने मंगलवार, 10 नवंबर, 2016 को अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के छात्रावास संघ के लिए श्री केशव रामशाह (मॉरिशस के नागरिक) को अपना अध्यक्ष, श्री सौरभ गर्ग (भारतीय नागरिक) को सचिव और श्री ईशान राज पोखरेल (नेपाल के नागरिक) को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया। छात्रावास की सांस्कृतिक, खेल, मेस, हाउस, कॉमन रूम, कम्प्यूटर कक्ष और अन्य गतिविधियों की देखरेख के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। अपनी स्थापना के बाद से आईएसएच अपने विविध सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए प्रशंसित रहा है। छात्रावास संघ ने 2016–2017 में निम्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कियाः–

- 14 जनवरी, 2017 को नए छात्रों के स्वागत की पार्टी के साथ हाउस संघ के उद्‌घाटन का आयोजन किया गया।
- छात्रावास ने अत्यंत आनन्द और उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस, दीपावली, क्रिसमस, नव वर्ष दिवस, गणतंत्र दिवस, लोहड़ी, स्वामी विवेकानंद जयंती, ईद–उल–फितर, ईद–उल–जोहा, सरस्वती पूजन और होली मनाई। इन अवसरों ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भारतीय संस्कृति के बारे में जानने का अवसर दिया और भारतीय छात्रों को विदेशी संस्कृतियों के बारे में जानकारी प्रदान की।
- अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के छात्रावास के संघ ने 2017 के फरवरी महीने में इंट्रा–अंतर छात्रावास आईएसएच खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया।
- आईएसएच ने 25 फरवरी, 2017 को अपना 53वां वार्षिक दिवस समारोह मनायाए जिसे ''मील का पत्थर 17'' नाम दिया गया। श्री लंका के लोकतांत्रिक समाजवादी गणराज्य की उच्चायुक्त महामहिम श्रीमती चित्रांगनी इस समारोह की मुख्य अतिथि थीं। कार्यक्रम के दौरान, पूर्व छात्रों से मिलन समारोह का आयोजन किया गया और योग्य आवासियों को खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए विभिन्न पुरस्कार, सम्मान और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। भारत, श्रीलंका, फिजी, इथियोपिया, कंबोडिया, इंडोनेशिया, नेपाल, मॉरिशस, अफगानिस्तान, थाईलैंड और नाइजीरिया सहित विभिन्न देशों के छात्रों और कलाकारों ने सांस्कृतिक रूप से समृद्ध कार्यक्रमों के साथ दर्शकों का मनोरंजन किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के कई विशिष्ट अतिथियों और राजनयिकों ने भी इस रगारंग समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर मेहमानों और आवासियों के लिए एक विशेष डिनर आयोजित किया गया था।

इस वर्ष आवासियों के लिए सेवाओं में कई सुधार किए गए, उनके लिए दो अतिरिक्त गीजर, कंक्रीट की चार बेंचें (तीन सीट वाली), अध्ययन कक्ष के लिए कुर्सियां, एक बिजली का तंदूर, टोस्टर और भोजन कक्ष के लिए एक रूम कूलर खरीदा गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला छात्रावास

महिलाओं के अंतर्राष्ट्रीय छात्रावास द्वारा आयोजित गतिविधियों के केंद्र में उसका बहुसांस्कृतिक चरित्र है। 32 से अधिक देशों की आवासी छात्राएं सद्‌भाव और मित्रता की भावना के साथ अपने सांस्कृतिक उत्सवों और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय त्यौहारों को संयुक्त रूप से मनाती हैं। ध्यान विविधता में एकता पर केंद्रित होता है।

पिछले वर्ष की तरह, 2016–17 में छात्रावास के छात्रावास प्रशासन ने निम्न सुविधाओं को बहाल करने/या बढ़ाने का फैसला किया हैः –

- मेस में वोल्टास के 2 टन के 02 स्प्लिट एसी
- 04 प्रेशर पम्प

छात्रावास में आवासियों को निम्न सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं:-

- छात्रावास में एक व्यक्ति के लिए बिस्तर, आलमारी, गद्दे, पर्दे, पढ़ने की मेज कुर्सी आदि से सुसज्जित 98 कमरे हैं।
- पूरी तरह वातानुकूलित लाइब्रेरी, कॉमन रूम, टी.वी रूम, लाउंज रूम आदि।
- पूरे छात्रावास परिसर में वाई–फाई कनेक्शन उपलब्ध है।
- सभी मंजिलों पर आरओ वाटर कूलर उपलब्ध हैं।
- चारों मंजिलों पर शाकाहारी एवं गैर–शाकाहारी आवासियों के लिए इलेक्ट्रिक हीटर, माइक्रोवेव, पानी निकालने वाली मशीन, इलेक्ट्रिक केतली और दो फ्रिज के साथ पूरी तरह सुसज्जित अलग–अलग पैन्ट्री।
- गीजर और सौर प्रणाली के जरिये गर्म पानी उपलब्ध कराया जाता है।
- सभी आवासियों के कपड़े लांड्री रूम में हमारे लांड्री परिचारक द्वारा धोए जाते हैं जिसमें छह (06) पूरी तरह से स्वचालित वाशिंग मशीनें लगी हैं।
- कपड़े इस्त्री करने के लिए अलग कमरा भी उपलब्ध है।
- छात्रावास में अपना निजी जिम है।
- नेस्केफे वेंडिंग मशीन
- पूरी तरह वातानुकूलित भोजनालय
- बिजली बंद होने या बिजली की कटौती के दौरान छात्रावास के पूरे परिसर में अपने निजी जेनसेट के माध्यम से चौबीस घंटे बिजली उपलब्ध कराता है।
- छात्रावास चौबीसों घंटे सुरक्षा प्रदान करता है।
- छात्रावास समय–समय पर सभी एहतियाती उपाय बरतता है, गेट पर सीसीटीवी भी स्थापित किया गया है।

शैक्षणिक सत्र 2016–17 के निम्नलिखित गतिविधियों/त्योहारों के साथ आरंभ हुआ:–

06–07–2015 को ईद उल फितर मनाया गया, रमजान के दौरान उपवास करने वाली लड़कियों को ध्यान में रखकर विशेष रात्रिभोज का आयोजन किया गया था और मिठाई वितरित की गई। ध्वजारोहण, राष्ट्रीय गान के गायन और विशेष नाश्ते और रात के खाने के साथ भारतीय स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। 24–10–2016, शुक्रवार को छात्रावास के लाउंज रूम में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शनिवार, 01–10–2016 को विशेष रात्रि भोज साथ एक फ्रेशर पार्टी (2016–17) आयोजित की गई थी। शुक्रवार, 28–10–2016 को छात्रावास में बहुत धूमधाम के साथ दीवाली मनाई गई। दिवाली से एक दिन पहले, छात्रावास को रोशनी से सजाया गया था। रोशनी, पटाखों और एक भव्य रात्रिभोज और पूजा के बाद एक शानदार रात्रिभोज के बाद एक औपचारिक पार्टी आयोजित की गई थी और अधिकांश आवासियों ने पारंपरिक भारतीय परिधानों में सज कर डांस फ्लोर पर नृत्य किया। एक जाम सत्र के साथ शाम का समापन हुआ। क्रिसमस उत्सव और आनन्द का समय है। क्रिसमस कैरोल, एक अलाव, नृत्य और संगीत ने सभी को क्रिसमस की भावना से भर दिया।नए साल के आगमन का जश्न मनाने के लिए शनिवार, 31–12–2016 को छात्रावास में एक नववर्ष पार्टी का आयोजन किया गया था।

एक अलाव और नृत्य के साथ लोहड़ी मनाई गई। 26–01–2017, वृहस्पतिवार को ध्वजारोहण, राष्ट्रीय गान के गायन के समथ गणतंत्र दिवस मनाया गया, जिसके बाद भोजन कक्ष में विशेष जलपान का आयोजन किया गया।

सुबह 9:00 के बाद आईएसएचडब्ल्यू आवासियों के बीच प्रतियोगिता, खेल और अन्य विभिन्न गतिविधियों के साथ खेल दिवस की गतिविधियाँ आरंभ हुईं। इसके पश्चात् विशेष नाश्ता और जलपान आदि की व्यवस्था थी। वृहस्पतिवार, 23–02–2017 को वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें आईएसएचडब्ल्यू ने सबसे अच्छे माली का पुरस्कार जीता। 13–03–2017 को होली मनाई गई। हल्के नाश्ते और रात्रिभोज के साथ होली मिलन का उत्सव मनाया गया।

शनिवार, 11–02–2017 को शाम 6.00 बजे से वार्षिक अतिथि रात्रि समारोह आयोजित किया गया था। इस साल का विषय था ''सतरंगी''। सचिव एम एवं ए के महानिदेशक, आईसीआरआर श्री अमरेन्द्र खाटुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे और दिल्ली विश्वविद्यालय के मानविकी विज्ञान विभाग से आईएसएचडब्ल्यू के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक प्रोफेसर एस. एम. पटनायक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की थी।
आईआईएम बेंगलौर, राज्यसभा सांसद, प्रोफेसर राजीव गंडा एवं पूर्व संसद सदस्य श्री संदीप दीक्षित इस समारोह के सम्मानित अतिथि थे।
दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के आवासियों और विभिन्न दूतावासों के राजनयिकों और आवासियों के दोस्तों सहित 400 से अधिक अतिथि आमंत्रित किए गए थे। विश्वविद्यालय के कई अतिथि इस अवसर पर उपस्थित थे।
एसडब्ल्यूए के सदस्यों ने रविवार, 09–04–2017 को छात्रावास में एक पूल पार्टी का आयोजन किया, जिसके बाद हल्के जलपान की व्यवस्था की गई थी।
वर्ष 2016–17 के आवासियों ने निवर्तमान आवासियों के लिए एक विदाई पार्टी आयोजित की थी, जिसमें उन्होंने छात्रावास में बिताए गए अद्भुत समय का वर्णन किया था।

जुबली हॉल छात्रावास

जुबली हॉल दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्णकालिक स्नातकोत्तर और शोध छात्रों के लिए निवास का एक प्रमुख स्थान है। इसे 1947 में विश्वविद्यालय की रजत जयंती के अवसर पर स्थापित किया गया था। हॉल का आंतरिक प्रशासन और अनुशासन प्रोवोस्ट संभालते हैं, जिन्हें एक वार्डन और एक आवासी अध्यापक द्वारा सहायता प्रदान की जाती है।

हॉल में कई गतिविधियों का आयोजन किया गयाः

- जुबली हॉल पहला स्नातकोत्तर हॉल/छात्रावास है, जिसने 2016 से आवासियों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया और शुल्क संग्रह आरंभ किया है।
- इस वर्ष भी इसके बहुत से आवासियों का भारत सरकार की अखिल भारतीय प्रतिस्पर्धी सेवाओं में उच्च पदों के लिए चयन हुआ और इसने अपना पूर्व गौरव बनाए रखा।
- सद्भाव और ''विविधता में एकता'' के अपनी बुनियादी चरित्र को बनाए रखने के लिए हॉल में सरस्वती पूजा, होली, ईद, स्वतंत्रता दिवस, दीवाली और क्रिसमस अर्थात् सभी त्योहारों को बहुत उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।

मानसरोवर छात्रावास

मानसरोवर छात्रावास पूर्ण कालिक स्नातकोत्तर और शोध–छात्रों का छात्रावास है, इसमें भारत के विभिन्न भागों और विदेशों से दिल्ली विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा के लिए आने वाले 165 आवासियों को समायोजित करने की क्षमता है।

प्रोवांस्ट छात्रावास के प्रशासनिक प्रमुख हैं। प्रशासनिक प्रयोजनों के लिए, उन्हें वार्डन और आवासी अध्यापक द्वारा सहायता प्रदान की जाती है, जो क्रमशः छात्रावास के दैनन्दिन कार्यों के प्रभारी, और पाठ्येतर गतिविधियों तथा आवासियों के सामान्य कल्याण के मामलों की देखरेख करते हैं। प्रोवोस्ट, वार्डन और आवासी अध्यापक की नियुक्ति विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की ओर से कुलपति द्वारा की जाती है।

छात्रावास में प्रवेश और पंजीकरण के लिए कुल 800 आवेदन पत्र मुद्रित किये गए और इनमें से 717 आवेदन पत्र, विभिन्न आवेदकों को बेचे गए थे। छात्रावास कार्यालय में प्रवेश पाने के इच्छुक आवेदकों से 576 आवेदन पत्र प्राप्त किये गए। रिक्ति के अनुसार 65 छात्रों को प्रवेश दिया गया। विभिन्न श्रेणियों के आवासियों का विवरण इस प्रकार हैः

आवासियों की कुल संख्याः 165; सामान्य/अपिव के छात्रः 112; अजा छात्र: 25; अजजा छात्र: 12 ; विदेशी छात्रः 08; दिव्यांग छात्रः 08।

उपलब्धियाँ/विकास

नए फर्नीचर के साथ 03 अतिथि कक्षों को पुनर्सज्जित किया गया, आवासियों के कॉमन रूम में पूरा एचडी नया टीवी लगाया गया, छात्रावास पूरी तरह से वाई–फाई सक्षम परिसर बन गया है, छात्रावास के परिसर में कैंटीन और फोटोकॉपी की दुकान सफलता से चल रही है।

अन्य गतिविधियां

- स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रोवोस्ट, प्रोफेसर हिरापॉल गंगनेगी ने डॉ. संजय राय (वार्डन), सैफुद्दीन अहमद (आवासी शिक्षक), छात्रावास के आवासियों, कर्मचारियों और मेहमानों की उपस्थिति में राष्ट्रीयध्वज फहराया। छात्रावास के परिसर में दशहरा, दीवाली, होली, ईद, सरस्वती पूजा, क्रिसमस, गांधी जयंती और अम्बेडकर जयंती जैसे त्यौहार भी मनाए गए।
- छात्रावास के आवासियों के संघ ने पूर्व छात्रों एवं अन्य अतिथियों को आमंत्रित कर फ्रेशर पार्टी और नव वर्ष समारोह का आयोजन किया। इसने 04 मार्च 2017 को छात्रावास के वार्षिक उत्सव ''स्पंदन 2017'' का भी आयोजन किया।
- वर्ष के दौरान हॉस्टल के आवासियों ने विभिन्न आउट–डोर और इनडोर खेलों में भाग लिया।

मेघदूत छात्रावास

26 अगस्त 1989 को मेघदूत छात्रावास की आधारशिला रखी गई थी और 23 सितंबर 1992 को इसका उद्घाटन संपन्न हुआ। छात्रावास में 100 आवासियों के रहने की व्यवस्था है। इसमें 100 कमरों वाले दो ब्लॉक हैं। मेघदूत छात्रावास ने 2016–2017 के शैक्षणिक वर्ष के दौरान कई गतिविधियां और उत्साही नवाचार प्रारंभ किए। उनमें से कुछ प्रमुख गतिविधियां नीचे सूचीबद्ध हैंः

मेघदूत छात्रावास के आवासियों और कर्मचारियों ने ''सतत खपत और उत्पादन'' विषय के अंतर्गत 5 जून 2016 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। विषय का नारा था ''सात अरब सपने, एक ग्रह, सावधानी से उपभोग करें''। सभी कर्मचारियों और आवासियों ने इस अवसर पर पेड़–पौधे लगाए। 15 अगस्त 2016 को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्रोवोस्ट द्वारा तिरंगा ध्वज फहराया गया। 2 अक्टूबर को कमरों की सफाई कर स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आवासियों और कर्मचारियों ने प्रोवोस्ट और वार्डन के साथ कमरों और लॉन की सफाई की तथा स्वच्छता का संकल्प लिया गया।

छात्रावास के आवासियों ने 11 अक्टूबर 2016 को विशेष रात्रिभोज और *रावणदहन* के साथ शानदार तरीके से दशहरा उत्सव मनाया। 30 अक्टूबर 2016 को आलोक–पर्व दीपावली मनाया गया। आवासियों के लिए एक शानदार समय था और आवासियों ने पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने का फैसला किया और पटाखे नहीं जलाए।

25 दिसंबर 2016 को आवासियों ने विशेष रात्रिभोज और केक के साथ क्रिसमस मनाया। विशेष रात्रिभोज और आवासियों के बीच ''उपहार विनिमय'' के साथ समारोह समाप्त हुआ। इसके साथ ही एक अद्भुत वर्ष 2016 का अंत हुआ। मेघदूत छात्रावास परिवार में नए आवासियों के स्वागत के लिए 10 नवम्बर 2016 को छात्रावास संघ के वरिष्ठ छात्रों द्वारा एक विशेष फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। 30 नवंबर 2017 को मेघदूत छात्रावास छात्र संघ कार्यालय पदाधिकारियों अर्थात् अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सांस्कृतिक सचिव, मेस सचिव और खेल सचिव का चुनाव हुआ था।

लोहड़ी, पोंगल और बिहू के उत्सवः आवासियों ने पवित्र अग्नि की परिक्रमा कर एक–दूसरे को खुशी और समृद्ध वर्ष की शुभकामना देते हुए साथ मिलकर त्यौहार मनाया। वार्डन और प्रबंधक ने पवित्र आग जलाई और सभी आवासियों द्वारा एक पंजाबी लोक नृत्य सत्र के बाद प्रसाद बांटा गया।
26 जनवरी 2016 को गणतंत्र दिवस मनाया गया। वार्डन द्वारा तिरंगा ध्वज फहराया गया और उन्होंने एक उत्साह एवं देशभक्ति पूर्ण भाषण दिया। खेलों का आयोजन किया गया जिसमें सर्प–दौड़, तीन पैरों की दौड़ और रस्सी खींचना आदि कई खेल शामिल थे। 12 फरवरी 2016 को आवासियों ने बसंतपंचमी मनाई। सभी आवासियों ने ज्ञान की देवी माता सरस्वती की पूजा की। सभी आवासियों और छात्रावास के कर्मचारियों में प्रसाद वितरित किया गया था।

मेघदूत छात्रावास ने फूलों और लॉन की विभिन्न प्रविष्टियां देकर 23 फरवरी, 2016 को आयोजित 59 वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी में भाग लिया और कार्यक्रम में एम.एम. बेग ट्रॉफी और हंसराज कॉलेज कप, श्रीराम वाणिज्य कॉलेज कप, ट्रेजर कप प्राप्त किया और प्रिंसिपल एस.एस.एन कॉलेज के साथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग कप के सहविजेता रहे।

26 फरवरी, 2017 को छात्र संघ द्वारा छात्रावास का बहुप्रतीक्षित समारोह अर्थात् *इस्कारा–2017* आयोजित किया गया और सभी आवासियों ने इसमें उत्साह सहित भाग लिया। वार्षिक रात्रि उत्सव का विषय महिला सशक्तिकरण था। हॉस्टल की वार्षिक रात्रि उत्सव को प्रकाशित करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में माया जॉन को आमंत्रित किया गया था।

20 मार्च 2017 को आवासियों ने छात्रावास परिसर में रंग के साथ होली का त्योहार मनाया। सभी ने सुरक्षित और रंगीन होली खेली। आवासियों ने इसका भरपूर आनंद उठाया। 17 अप्रैल 2017 को बैच 2016–2017 के वरिष्ठों को जूनियरों द्वारा विदाई दी गई थी। वरिष्ठों को उपहार दिए गए और एक विशेष रात्रिभोज तथा नृत्य पार्टी का आयोजन किया गया था।

पूर्वोत्तर महिला छात्रावास

